माघ शुक्ल पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 16 फरवरी 2024
वर्ष 5, अंक 90, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अब छंटने लगा है 'अल नीनो' का प्रभाव 14
मधुबाला के बाद माधुरी सबसे खूबसूरत अभिनेत्री 13

MONTE CARLO
LAST 6 DAY
जेन्ट्स स्वेटर
जेन्ट्स जैकेट
जेन्ट्स ट्रैक सूट
लेडीज कार्डिगन
लेडीज कुर्ती, सिलेक्स
लेडीज कोट
लेडीज ट्रैक सूट
लेडीज जैकेट
पशमीना शॉल एण्ड स्टाल
FLAT 50% OFF
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

## अंदर पढ़ें

भारत-कतर के बीच व्यापार, निवेश, ऊर्जा क्षेत्र में सहमति : 14
सेना प्रमुख ने अमेरिकी समकक्ष से की चर्चा : 14

## सोनिया ने लिखी चिट्ठी... परिवार को संभालिएगा

कार्यालय संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार** : कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजस्थान में राज्यसभा के नामांकन के बाद से भाजपा लगातार उन्हें ट्रोल कर रही है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें अवसरवादी बताया तो इस बीच सोनिया गांधी ने रायबरेली के नाम एक भावानात्मक चिट्ठी लिखी है।

सोनिया गांधी ने पत्र में लिखा कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर आप लोगों में मिलकर पूरा होता है। रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। सास और जीवनसाथी



**▸▸ अब सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा पर प्राण आपके पास**

को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। आज मैं जो कुछ भी हूँ, आपकी बदौलत हूँ और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है। अब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते मैं रायबरेली से अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। इस निर्णय के बाद मुझे आपकी सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन मेरा मन-प्राण हमेशा आपके पास रहेगा।

## पंजाब में पटरियों पर बैठे किसान, ट्रेनों का मार्ग बदला

लुधियाना/होशियारपुर, एजेंसी

'दिल्ली चलो' आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हरियाणा पुलिस की कार्रवाई को लेकर पंजाब में कई स्थानों पर किसान घंटों पटरियों पर बैठे रहे। जिससे दिल्ली-अमृतसर मार्ग पर कुछ ट्रेनों को दूसरे मार्गों से भेजा गया। किसानों ने कई टोल प्लाजा पर धरना भी दिया और अधिकारियों पर यात्रियों से पथकर नहीं लेने के लिए दबाव बनाया। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) और बीकेयू डकोंदा (धनेर) ने पंजाब में कई जगहों पर चार घंटे के लिए 'रेल रोको' का आह्वान किया था। किसानों ने दोपहर करीब 12 बजे अपना आंदोलन शुरू किया और कई स्थानों पर पटरियों पर बैठ गए। प्रदर्शन शाम चार बजे तक जारी रहा। हरियाणा पुलिस द्वारा आंसू गैस के इस्तेमाल के विरोध में किसानों ने होशियारपुर में जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो टोल प्लाजा पर प्रदर्शन किया।

**कई टोल प्लाजा पर दिया धरना, पथकर न लेने का बनाया दबाव**



पटियाला के राजपुरा में रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान।

**तीन केंद्रीय मंत्रियों ने की वार्ता** : जारी गतिरोध के बीच तीन केंद्रीय मंत्रियों ने किसान नेताओं के साथ गुरुवार को चंडीगढ़ में तीसरे दौर की बातचीत की। बैठक में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी शामिल हुए। कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय बातचीत में केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। देर रात तक बातचीत जारी रही।

### हमें किसानों के तौर-तरीके पर आपत्ति



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को कहा कि अपनी मांगों को मनवाने के लिए किसानों के तौर तरीके निंदनीय हैं क्योंकि वे आक्रमण करने जा रही किसी सेना की तरह दिल्ली की ओर कूच करने की कोशिश कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) का परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए खट्टर ने कहा कि पंजाब सरकार किसानों को रोक सकती थी। अगर वे नहीं रुके, तो वहां कुछ समझ होनी चाहिए और 'दिल्ली वाले' कहते हैं कि वे किसानों के आंदोलन के साथ हैं। किसानों के 'दिल्ली चलो' आह्वान में आप की भागीदारी को लेकर एक सवाल पर उन्होंने कहा कि टिप्पणी करना सही नहीं है लेकिन उनके (किसानों के) व्यवहार से पता चलता है कि उन्हें किसी तरह का समर्थन प्राप्त है।

# सुप्रीम कोर्ट की चुनावी बॉण्ड पर रोक

## योजना को निरस्त कर दानदाताओं और राशि के खुलासे का भी दिया आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसले में राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया तथा चंदा देने वालों, बॉण्ड के मूल्यों और उनके प्राप्तकर्ताओं की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 2018 की इस योजना को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सूचना के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। शीर्ष अदालत केंद्र की इस दलील से सहमत नहीं थी कि इस योजना का उद्देश्य राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाना और काले धन पर अंकुश लगाना था। लोकसभा चुनाव से पहले आए इस फैसले में उच्चतम न्यायालय ने इस योजना को तत्काल बंद करने तथा इस योजना के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 12 अप्रैल, 2019



**▸▸ सर्वोच्च न्यायालय ने कहा-यह अभिव्यक्ति और सूचना के अधिकारों का उल्लंघन**

**▸▸ 13 मार्च तक निर्वाचन आयोग को दानदाताओं के नाम सार्वजनिक करने के दिए निर्देश**

से अब तक खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विस्तृत ब्योरा छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया।

न्यायालय के आदेशानुसार, निर्वाचन आयोग 13 मार्च तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर छह वर्ष पुरानी योजना में दान देने वालों के नामों की जानकारी देगा। संविधान पीठ ने 232 पृष्ठों के अपने दो अलग-अलग, लेकिन सर्वसम्मत फैसलों में कहा कि एसबीआई को राजनीतिक दलों द्वारा भुगतान कराए गए सभी चुनावी बॉण्ड का ब्योरा देना होगा। इस ब्योरे में यह भी शामिल होना चाहिए कि किस तारीख को यह बॉण्ड भुनाया गया और इसकी राशि कितनी थी। पूरा विवरण छह मार्च तक निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश किया जाना चाहिए। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने एसबीआई को विवरण साझा करने का भी निर्देश दिया, जिसमें बॉण्ड की खरीद की तारीख, खरीदार का नाम और खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का मूल्य शामिल है।

प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत बोलने तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन है।

### शीर्ष न्यायालय के फैसले का सम्मान : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनावी बॉन्ड योजना का बचाव करते हुए कहा कि इसका प्रामाणिक उद्देश्य चुनावी चंदे में पारदर्शिता लाना था। भाजपा नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने हालांकि कहा कि उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय के फैसले का सम्मान करती है। चुनावी बॉन्ड योजना को रद किए जाने के बाद केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की यह टिप्पणी सामने आई। भाजपा प्रवक्ता नलिन कोहली ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है ।

### फैसले से वोट की ताकत मजबूत होगी : कांग्रेस

कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय नोट के मुकाबले वोट की ताकत को और मजबूत करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर लिखा कि योजना की शुरुआत के दिन कांग्रेस ने इसे अपारदर्शी और अलोकतांत्रिक बताया था। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनावी बॉण्ड को कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था।

## पुलिस भर्ती फॉर्म में त्रुटि वाले अभ्यर्थी भी दे सकेंगे परीक्षा

**लखनऊ।** उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों के लिए होने वाली लिखित परीक्षा में वह अभ्यर्थी भी शामिल हो सकेंगे, जिनके ऑनलाइन भरे गए फॉर्म में किसी प्रकार की त्रुटि हो गई है।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के उप सचिव ने सभी डीएम-एसपी को पत्र लिखकर इस बाबत दिशा-निर्देश जारी किया है। दरअसल, सभी जिलों में 2377 परीक्षा केंद्रों में 17 व 18 फरवरी को दो पालियो में लिखित परीक्षा होगी। परीक्षा में कुल 4817441 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। इसमें ढेर सारे अभ्यर्थियों ने भर्ती बोर्ड को यह जानकारी दी है।

## पानी के विवाद में सगे भाइयों में खूनी संघर्ष, भतीजे की गोली मारकर हत्या

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** सबमर्सिबल पंप से खेत में पानी लगाने को लेकर हुई कहासुनी के बाद दो सगे भाइयों में ऐसा विवाद छिड़ा कि खूनी संघर्ष में एक जान चली गई। सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव एवनपुर ताखरू में बड़े भाई ने छोटे भाई के बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। बचाव में आए छोटे भाई को भी गोली मार दी। जिससे छोटा भाई भी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल से अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना



राघवेंद्र

गुरुवार दोपहर की है। गांव एवनपुर ताखरू निवासी वीरेश और अवधेश भाई हैं। इसमें वीरेश बड़ा तो अवधेश छोटा है। दोनों भाइयों के बीच सबमर्सिबल पंप से पहले अपने खेत में पानी लगाने को लेकर कहासुनी हो गई। तब मामला शांत हो गया। थोड़ी देर बाद अवधेश का बेटा राघवेंद्र खेत पर गया तो वीरेश से उसकी कहासुनी होने लगी। विवाद इतना गरमा गया कि वीरेश ने भतीजे राघवेंद्र को लाइसेंसी बंदूक से गोली मार दी जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। वीरेश ने बचाव में पहुंचे छोटे भाई अवधेश को गोली मार दी।

**▸▸ बड़े भाई ने छोटे भाई पर भी चलाई गोली, गंभीर हालत में रेफर**

**▸▸ सोरों क्षेत्र के गांव एवनपुर में हुई वारदात, मौके पर पहुंची पुलिस**

खेत में पानी लगाने एवं ट्रैक्टर निकालने को लेकर विवाद हुआ। भाई-भाई के बीच हुए विवाद में एक भाई ने अपने भाई और भतीजे को गोली मार दी। भतीजे की मौत हुई है। जांच की जा रही है। – जितेंद्र दुबे, एएसपी

पेट में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर सोरों कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस जांच कर रही है। मामले में अभी एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

## नीमगांव थाने से 50 कदम दूर किसान की धारदार हथियार से बेरहमी से हत्या

संवाददाता, बेहजम/नीमगांव (खीरी)

**अमृत विचार** : थाना नीमगांव से 50 कदम दूर खेत की रखवाली कर रहे किसान शिव प्रसाद की बुधवार की रात धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। गुरुवार सुबह शिव प्रसाद का शव खेत में ही बनी मड़ैया में खून से लथपथ मिला।



शिव प्रसाद

उनके चेहरे और पैरों पर गहरे जख्म थे। पत्नी उर्मिला ने धारदार हथियार से हत्या की बात कही तो पुलिस किसी जानवर के हमले में मौत होने का दावा करने लगी और किसान की पत्नी को हिरासत में ले लिया। पुलिस की इस करतूत से आक्रोशित ग्रामीणों ने थाने में हंगामा शुरू कर दिया, तब पुलिस ने किसान की पत्नी को छोड़ा। नीमगांव कस्बा निवासी शिव प्रसाद (45) का थाना नीमगांव के भवन से सटा हुआ खेत है। खेत में मड़ैया बनी है। वह रोज गोवंशों से खेत की रखवाली के लिए रात में जाते थे। बुधवार की शाम खाना खाकर खेत पर गए थे। सुबह जब घर नहीं पहुंचे तो परिवार के लोग खेत पर गए तो उनका मड़ैया में खून से लथपथ शव चारपाई से नीचे पड़ा था। जैकेट टंगी थी। चारपाई और जैकेट पर खून के धब्बे भी थे। थाने के पास हत्या की खबर सुनकर सैकड़ों लोग जुट गए। एसओ श्रद्धा सिंह सूचना मिलने के करीब पौन घंटे बाद पहुंचीं।


**▸▸ पुलिस का पशुओं के हमले में मौत का दावा, किसान की पत्नी को हिरासत में लिया**

**▸▸ थाने में बड़ी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने किया हंगामा, हालात बेकाबू होने पर छोड़ा**

नीमगांव में ग्रामीण का शव मिला है। चेहरे पर चोट के निशान हैं। पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पूरे मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी। – **नैपाल सिंह**, एएसपी पश्चिमी।

## तहखाने में पूजा पर रोक के लिए याचिका पर 28 को सुनवाई

**वाराणसी।** वाराणसी की एक अदालत ने गुरुवार को मस्जिद के तहखाने में पूजा-पाठ करने की अनुमति देने के फैसले के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई के लिए 28 फरवरी की तारीख तय की है। हिंदू पक्ष के एक वकील ने यह जानकारी दी। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि अपर जिला न्यायाधीश ((पंचम) अनिल कुमार की अदालत ने मस्जिद परिसर में तहखाने में पूजा-पाठ की अनुमति देने के आदेश के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई की तारीख 28 फरवरी तय की है।




## रामलला और अयोध्या थीम पर सिक्का जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने भव्य राम मंदिर पर एक स्मारक सिक्का जारी किया। राम लला और अयोध्या की थीम पर आधारित रंगीन सिक्का में एक तरफ राम लला की प्रतिमा तो दूसरी ओर राम मंदिर की आकृति बनी है। यह सिक्का एसपीएमसीआईएलआई की वेबसाइट से खरीदा जा सकता है। इसके अलावा दो अन्य स्मारक सिक्के भी जारी किए जो महात्मा बुद्ध और एक सींग वाले गैंडे पर हैं।

उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लि. (एसपीएमसीआईएल) के 19वें



एसपीएमसीआईएल के स्थापना दिवस समारोह के दौरान सिक्का जारी करतीं वित्तमंत्री।

स्थापना दिवस समारोह में भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति पर दो धातुओं से बना सिक्का और इसमें एक सींग वाले गैंडे (देश में लुप्तप्राय पशु श्रृंखला का हिस्सा) पर सिक्का जारी किया। बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति पर जारी सिक्का सीमित संस्करण वाला है और इस पर बुद्ध और स्तूप की तस्वीर है। सीतारमण ने पंचतंत्र विषय पर स्मारक टिकट और सिक्के लाने के लिए एसपीएमसीआईएल के प्रयासों की सराहना की। वित्तमंत्री ने कहा कि हाल ही में आप जिन विषयों को लेकर आ रहे हैं, चाहे वह स्मारक टिकट हों या सिक्के, यह बताता है कि आप दुनियाभर की गतिविधियों से अवगत हैं। आप पर्यावरण और दिव्यांगों के लिए चिंताओं को समझते हैं। साथ ही इसे इतना आकर्षक बनाना चाहते हैं जिसे किसी को उपहार दिया जा सके। वर्चुअली आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता सीतारमण ने की। राम लला और अयोध्या में बने राम मंदिर को लेकर जारी स्मारिका सिक्का को 50 ग्राम के 999 शुद्ध रजत से बनाया गया है।



**▸▸ रंगीन सिक्के में एक ओर रामलला तो दूसरी ओर उकेरी गई है श्रीराम मंदिर की आकृति**

**▸▸ वित्तमंत्री ने महात्मा बुद्ध और एक सींग वाले गैंडे पर भी जारी किए स्मारक सिक्के**

## बच्चे को काटने पर कुतिया को पीटकर मारा

**बदायूं।** कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला कबूलपुरा में एक कुतिया ने बच्चे को काट लिया। बच्चे के परिवार का अफरोज गद्दी अपने चार परिचितों के साथ रॉड और डंडे लेकर उसको ढूंढने लगा। किसी ने पशु प्रेमी दीपेश दिवाकर को सूचना दे दी।

पशु प्रेमी मौके पर पहुंचे। आरोप है कि तब तक अफरोज गद्दी ने उसको पीटकर मार दिया था। पशु की आंखें बाहर निकल आई थीं। पशु प्रेमी ने पुलिस को सूचना देकर कुतिया के शव को दफन कराया। पुलिस ने आरोपी अफरोज गद्दी और चार अज्ञात के खिलाफ पशु की हत्या, पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की।

## भ्रष्टाचार में लिप्त संविदा कर्मी विद्युत उपकेंद्र पर तैनात, डीएम से शिकायत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ **जांच के दौरान दोषी पाए गए थे तीन संविदा कर्मी, अधीक्षण अभियंता ने की थी कार्रवाई**

**अमृत विचार :** भ्रष्टाचार में लिप्त जिन तीनों संविदा कर्मियों को सिलहरी बिजली उपकेंद्र से हटाया गया था। उनसे अब भी काम लिया जा रहा है। जिस पर भाकियू अराजनैतिक जिलाध्यक्ष कृष्णपाल सिंह ने डीएम मनोज कुमार से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

भाकियू अराजनैतिक जिलाध्यक्ष ने डीएम को सौंपे शिकायती पत्र में कहा है कि तीनों संविदा कर्मचारी बिजली उपकेंद्र पर छह सालों से तैनात थे। शिकायत के बाद जांच में तीनों कर्मचारी बिजली चोरी कराने व कनेक्शन के नाम पर वसूली में दोषी पाए गए थे। इसके बाद इन तीनों को सिलहरी बिजली उपकेंद्र से हटा दिया गया था। शिकायत के बाद डीएम ने कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश भी दिए। बावजूद इसके यह लोग अब भी वहां आकर काम कर रहे हैं।

> तीनों संविदा कर्मियों को हटा दिया गया है। उनकी संविदा समाप्त करने के लिए कार्यदायी संस्था को पत्र भेजा गया है। इसके बाद भी यह लोग काम रहे हैं। तो इस संबंध में जेई से जानकारी की जाएगी। – **अखिलेश कुमार**, अधीक्षण अभियंता

### शासन के निर्देश पर परिवहन निगम की ओर से कराया जा रहा है सर्वे

## डग्गामारी पर लगेगी लगाम, लोकल रूट पर चलेंगी रोडवेज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** ग्रामीणों की सुविधा के लिए सरकार ग्रामीण अंचल में गांव-गांव तक रोडवेज बसें चलाने जा रही है। जिसके निर्देश रोडवेज परिवहन निगम की ओर से सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देश जारी किए गए हैं। शासन से मिले आदेश पर स्थानीय स्तर पर इसकी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं।

गांवों की सड़कों का सर्वे कराया जा रहा है। इसके बाद रिपोर्ट मुख्यालय को भेजी जाएगी। बस सुबह यात्रियों को लेकर आएगी और शाम को लेकर जाएगी। चालक-परिचलक बस के साथ गांव में ही रुकेंगे। देहात क्षेत्र के लोगों के लिए तहसील और जिला मुख्यालय आने के लिए के लिए डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ता है। सड़क होने के बाद भी बसों का संचालन नहीं होने से ग्रामीण क्षेत्रों के यात्री स्वयं के वाहनों से या फिर टेंपो व अन्य वाहनों से सफर करते हैं। ऐसी स्थिति पर शासन की ओर से गांव-गांव रोडवेज बसें चलाने के निर्देश दिए हैं। जिसके लिए उन गांवों का सर्वे कराया जा रहा है, जिन गांवों की सड़कें कस्बे और जिला मुख्यालय को जोड़ती हैं। इसके लिए शासन ने परिवहन निगम और परिवहन विभाग को सर्वे की जिम्मेदारी सौंपी है। परिवहन विभाग और रोडवेज निगम के अधिकारियों ने सर्वे शुरू कर दिया है। वे शहर से गांव तक आवागमन के साधन और सड़क मार्ग का परीक्षण कर रहे हैं। गांव के लोग किन साधनों से नजदीक वाले कस्बा, मुख्य सड़क मार्ग और शहर तक पहुंचते हैं, इसका विवरण जुटाया जा रहा है। इसके बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का आवागमन सुगम हो सके।



▸▸ **कस्बों में जाकर देखी जा रही सवारियों की स्थिति, जिसके बाद होगा संचालन**

**सड़क कम चौड़ी होने पर चलेंगी छोटी बसें**

कस्बा और जिला मुख्यालय पर आने के लिए अगर किसी गांव की सड़क चौड़ी नहीं होने पर वहां छोटी बसें चलाई जाएंगी। चौड़ी सड़क पर बड़ी बसों का संचालित किया जाएगा। बसों के आवागमन व ठहराव वाले मार्ग से एक किमी दूर वाले गांव को ही सुविधा संपन्न गांव माना जाएगा। इससे अधिक दूरी वाले गांव में बसें चलाई जाएंगी। बस के संचालन का प्रस्ताव 100 किमी की दूरी से अधिक नहीं होगा। रिपोर्ट के आधार पर साधन विहीन गांवों को भी सुविधा संपन्न बनाया जाएगा।

> शासन के दिशा-निर्देश पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे का काम पूरा होने पर रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। इसके बाद शासन के आदेश पर गांवों तक बसों का संचालन शुरू किया जाएगा। –**डीके चौबे**, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, रोडवेज डिपो

## विभागीय लापरवाही और शिक्षकों के विरोध की भेंट चढ़ी रियल टाइम उपस्थिति प्रक्रिया

### परिषदीय स्कूलों में नहीं हो पाया शासन के फरमान पर अमल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में 15 फरवरी से रियल टाइम उपस्थिति दर्ज कराई जाने का फरमान शासन की ओर से जारी किया गया था। लेकिन जिले में अमल नहीं हो सका। रियल टाइम उपस्थिति को लेकर जहां बेसिक शिक्षा विभाग की तैयारियां अधूरी हैं। वहीं शिक्षकों ने भी अपना विरोध जताना शुरू कर दिया है। प्राथमिक शिक्षक संघ ने सिम और डाटा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर बीएसए को ज्ञापन सौंपा।

महानिदेशक शिक्षा द्वारा बीएसए को आदेश जारी करते हुए निर्देश दिए थे कि सभी स्कूलों में रियल टाइम उपस्थिति दर्ज कराई जाए। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को 15 फरवरी से इस प्रक्रिया को अमल में लाने को कहा था। लेकिन शासन के आदेश का जिले स्तर पर कोई असर नहीं दिखा। रियल टाइम उपस्थिति को लेकर विभाग स्तर से अभी तक तैयारियां ही पूर्ण नहीं की जा सकी। दिसंबर माह के दौरान ही विभाग को टेबलेट उपलब्ध कराते हुए स्कूलों की मैपिंग कराने के आदेश दिए थे। परंतु टेबलेट का वितरण तो कर दिया गया। परंतु स्कूलों की मैपिंग कराने में विभागीय अधिकारी लापरवाह दिखे। उनके द्वारा स्कूलों की मैपिंग कार्य पूरा नहीं किया गया।

जिससे रियल टाइम उपस्थिति शुरू नहीं हो सकी। इधर जिले के शिक्षक भी आदेश के विरोध में उतर आए हैं। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संजीव शर्मा ने संगठन पदाधिकारियों के साथ बीएसए से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। जिसमें उनके द्वारा विभागीय सिम और डाटा उपलब्ध कराने की मांग की गई। इसके अलावा अन्य मांगों को बीएसए के समक्ष रखा गया। इस मौके पर जिला मंत्री उदयवीर सिंह यादव, जिला कोषाध्यक्ष सुशील चौधरी, दहगवा ब्लॉक अध्यक्ष दामोदर सिंह यादव, जिला प्रवक्ता आयुष भारद्वाज आदि मौजूद रहे।



बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

▸▸ **टेबलेट वितरण के बावजूद स्कूलों की मैपिंग न होना भी रही वजह**

**रियल टाइम उपस्थिति से दर्ज होना है एमडीएम का विवरण**

जिले में 2155 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इनमें करीब 3 .42 लाख बच्चे पंजीकृत हैं। स्कूलों में बच्चों और शिक्षकों की रियल टाइम उपस्थिति के साथ ही एमडीएम के लाभार्थी, मेन्यू, खाद्यान्न आदि का विवरण भी प्रतिदिन भोजन के बाद अनिवार्य रूप से अपडेट शिक्षकों को करना है। इसके लिए जिले में 3371 टेबलेट का वितरण शिक्षकों के बीच किया गया है। परंतु विभागीय लापरवाही और शिक्षकों के विरोध की वजह से रियल टाइम उपस्थिति शुरू नहीं हो सकी।

> अभी परिषदीय स्कूलों में रियल टाइम उपस्थिति शुरू नहीं हो सकी है। स्कूलों की मैपिंग का काम अधूरा होने की वजह से रियल टाइम उपस्थिति शुरू नहीं कराई गई। काम तेजी से चल रहा है। जल्द ही इसे शुरू कराया जाएगा। शिक्षकों का विरोध है। उनके विरोध को भी शांत कराया जाएगा। – **स्वाती भारती**, बीएसए

## छतों के ऊपर से गुजर रही विद्युत लाइन



छतों के ऊपर निकली विद्युत लाइन।

**उझानी, अमृत विचार :** नगर के संजरपुर रोड स्थित अहीर टोला के तीन घरों के ऊपर से विद्युत लाइन के तार जा रहे हैं, जिससे यह परिवार हर समय मौत के साए में जी रहे हैं। इसके बावजूद विद्युत विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

शहर के मोहल्ला अहिरीटोला निवासी रक्षपाल राठौर के तीन बेटे रामनिवास, राज बहादुर और विनोद हैं। जिनके तीन अलग-अलग घर हैं। इन तीनों घरों के ऊपर से विद्युत लाइन निकल रही है। इन तारों में हर वक्त करंट रहता है । इन परिवारों का कहना है कि भय के कारण वह लोग छतों पर नहीं जाते हैं। पीड़ित परिवारों ने बताया कि विद्युत लाइन को हटाने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों से कई बार गुहार की गयी फिर भी किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

## टोल फ्री नंबर पर परीक्षार्थियों की समस्या का होगा समाधान

**यूपी बोर्ड परीक्षा**

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ **शासन के आदेश पर डीआईओएस कार्यालय में शुरू हुई हेल्प लाइन डेस्क, तैनात किए दो कर्मचारी**

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा शुरू होने में कुछ ही दिन का समय शेष बचा है। एक ओर शिक्षा विभाग के अधिकारी तैयारियों में जुटे हुए हैं। वहीं परीक्षार्थी भी अच्छे अंक लाने के चक्कर में दिन रात एक किए हुए हैं। तैयारियों में जुटे विद्यार्थी कई बार बेवजह तनाव ग्रस्त हो जाते हैं।

ऐसे छात्र-छात्राएं के लिए माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। जिस पर वह कॉल कर समस्या का समाधान पा सकते हैं। शासन के आदेश पर डीआईओएस ने हेल्प डेस्क शुरू कर दी है। इसके लिए दो प्रवक्ताओं को नामित किया गया है।

हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रहीं हैं। जिले में 99 कॉलेजों में बनाए गए केंद्रों पर 64166 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। केंद्रों पर व्यवस्थाएं पूर्ण की जा रही है। वहीं दूसरी ओर छात्र-छात्राएं भी याद किया हुआ पाठयक्रम दोहरा रहे हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ प्रवेश कुमार ने बताया कि अगर परीक्षा को लेकर कोई मानसिक तनाव है, जिससे परीक्षार्थी उबर नहीं पा रहे हैं, तो वह टोल फ्री नंबर 14416 पर कॉल कर अपनी समस्या का समाधान पा सकते हैं।खास बात यह है कि यहां पर की गई बात को रिकॉर्ड नहीं किया जाता है। साथ ही इस नंबर पर किसी भी समय कॉल करके बात की जा सकती है। परीक्षार्थी इन नंबरों पर 9457605689, 9319418609 सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

साथ दो विशेषज्ञों की टीम बनाई गई है। जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक ने वैदिक रुकुंम सिंह इंटर कॉलेज के प्रवक्ता सर्वेश सिंह और केदार नाथ इंटर कॉलेज की प्रवक्ता आरती को नामित किया है। जो छात्र-छात्राओं की मदद करेंगे।

## क्षेत्र में चल रहे अवैध अस्पताल, मरीजों की हो रही जेब ढीली

**सहसवान, अमृत विचार:** नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में भी झोलाछापों की भरमार हो गई है। प्रदेश सरकार के कड़े निर्देश के बाद भी इन अवैध अस्पतालों पर शिकंजा नहीं कसा जा रहा है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा नोटिस तो जारी किए जाते हैं लेकिन कार्रवाई नहीं होती। ऐसी स्थिति में जहां मरीजों की जेब ढीली हो रही है। वहीं उनकी जान को भी खतरा बना रहता है।

कस्बे में करीब आधा दर्जन और आस पास देहात क्षेत्र में करीब एक दर्जन से अधिक अवैध अस्पताल संचालित हैं। उनका स्वास्थ्य विभाग में पंजीकरण नहीं हैं। फर्जी अस्पतालों को लेकर लगातार हो रही शिकायतें होती हैं। जिस पर स्वास्थ्य विभाग इन अस्पतालों के खिलाफ नोटिस जारी कर देता है। परंतु आज तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। ऐसे में इन अस्पतालों में इलाज कराने वाले लोगों की जेब ढीली हो रही है। वहीं मरीजों की जान को खतरा बना हुआ है। इस संबंध में स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी प्रशांत त्यागी का कहना है कि अवैध रूप से संचालित अस्पतालों को चिन्हित कर लिया गया है। नोटिस जारी किए गए हैं। जवाब न देने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### रोजगार मेला में 91 युवाओं को मिला रोजगार



**कादरचौक।** ब्लॉक परिसर में गुरुवार को रोजगार मेला लगा। जिसमें 91 युवाओं का चयन किया गया। रोजगार मेला में पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। उनके द्वारा युवाओं को सरकार की योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। रोजगार मेले में कुल 09 कंपनियों ने प्रतिभाग किया। 278 प्रशिक्षणार्थियों में से 91 युवाओं का चयन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आवंला सांसद धर्मेंद्र कश्यप, पूर्व जिला अध्यक्ष अशोक भारती, पूर्व विधायक शेखुपुर धर्मेंद्र शाक्य, और ब्लॉक प्रमुख वीरेंद्र राजपूत ने युवाओं को केंद्र सरकार की उपलब्धियों के बारे में अवगत कराया।

### जूनियर छात्रों ने सीनियर्स को दी विदाई



**सहसवान।** कस्बा स्थित अल हफीज एजुकेशनल अकेडमी में गुरुवार को गुड लक पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर छात्रों ने सीनियर्स को विदाई दी। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल का खिताब फरमान अली को दिया गया। मुख्य अतिथि हरे स्कूल प्रबंधन मारूफ और नौशाद ने बच्चों को सम्मानित किया। साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर निशात शादाब, शोएब अहमद, उमरा, कमाल अहमद, रोहित, रजत शर्मा, रिज़वान अली, नाहिद, मेहरुलनिशा, ऐमन,अनम, अभय, राजेश खालिद आदि उपस्थित रहे।

### बाल कलाकार सुधांशु को मिला भारत गौरव सम्मान



**बदायूं।** जिला निवासी चाइल्ड आर्टिस्ट सुधांशु कुमार को नेशनल ह्यूमन वेलफेयर काउंसिल के द्वारा भारत गौरव से सम्मानित किया गया। छोटी सी उम्र में अपनी कला के माध्यम से लोगों के दिलों में जगह बनाने पर उन्हें सम्मानित किया गया। यह सम्मान चाइल्ड आर्टिस्ट नई दिल्ली स्थित हुए कार्यक्रम में दिया गया। कहावत है कि प्रतिभा उम्र की मोहताज नहीं होती। इस कहावत को एक बार फिर सिद्ध किया है एक बच्चे सुधांशु ने जो कमाल के अदाकार हैं। उनकी आयु महज 2 साल 9 महीने है। मगर इस बाल कलाकार में अभिनय की क्षमता कूट कूट कर भरी है। पिता मेघ सिंह सागर अपने पुत्र की काबिलियत पर गर्व करते हैं। सुधांशु कुमार ग्रीन वर्ल्ड मीडिया प्रोडक्शन के बैनर तले बनने वाली सीरीज ' 'एक अधूरी कहानी'' में काम कर रहे हैं। अमेज़न के दो ब्रांड एड में वह वर्क कर चुके हैं और फ्लिपकार्ट के एक ब्रांड ऐड में नजर आए हैं। पोलो क्वीन के विज्ञापन में भी उन्हें देखा गया है। उनकी एक फ़िल्म जल्द पूरी होने वाली है। साथ ही उन्होंने एक बॉलीवुड हिंदी फिल्म भी साइन की है। बदायूं के रहने वाले सुधांशु कुमार अपनी एक अलग पहचान बनाने की इच्छा रखते हैं। बदायूं जनपद का नाम रोशन करना चाहते हैं।

## तनुष्का, कृष्णपाल ने जीती सौ मीटर दौड़

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को 19 वां वार्षिक क्रीड़ा समारोह शुरू हुआ। जिसमें विभिन्न कॉलेजों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। खेल कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि दमयंती राज आनंद, राजकीय महाविद्यालय बिसौली के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार वार्ष्णेय एवं विशिष्ट अतिथि जिला क्रीड़ा अधिकारी अमित रिछारिया ने किया।

प्रहले दिन छात्रा वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान तनुष्का चौहान को मिला। दूसरे स्थान पर वर्षा देवी रहीं। छात्र वर्ग की 100 और चार सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता में पहला स्थान कृष्णपाल को मिला। छात्राओं की 400 मीटर दौड़ में पहला स्थान शीलम ने प्राप्त किया। छात्र वर्ग की डिस्कस थ्रो में अमित कुमार प्रथम विजेता बने। अर्पित दूसरे स्थान पर रहे। वहीं छात्रा वर्ग की डिस्कस थ्रो में प्रिया प्रथम स्थान पर रहीं। छात्र वर्ग की गोला फेंक में पहले स्थान पर अमित कुमार रहे। दूसरा स्थान प्रवेंद्र प्रताप सिंह एवं अर्पित ने प्राप्त किया। इसी तरह छात्राओं की गोला फेंक प्रतियोगिता में पहला स्थान उपासना को मिला। 15 सौ मीटर दौड़ में विपिन और शीलम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को स्वर्ण पदक, रजत पदक,एवं कांस्य पदक का मेडल पहनाकर मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया। निर्णायक की भूमिका का निर्वहन डॉ अनिल कुमार, डॉ सतीश सिंह, डॉ संजीव राठौर, डॉ नीरज कुमार, डॉ गौरव कुमार, डॉ सारिका शर्मा, डॉ ज्योति विश्नोई, डॉ दिलीप कुमार वर्मा, डॉ राजधारी यादव आदि ने किया। संचालन डॉ राकेश कुमार जायसवाल ने किया।



दौड़ प्रतियोगिता में प्रतिभाग करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

▸▸ **राजकीय महाविद्यालय में नवदश वार्षिक क्रीड़ा समारोह का उद्घाटन**



गोला फेंकती खिलाड़ी।

## पशुधन प्रसार अधिकारी से 90 हजार रुपये की ठगी

**बदायूं, अमृत विचार :** साइबर ठगों ने पशुधन प्रसार अधिकारी को सीबीआई के नाम पर 98 हजार रुपये का चूना लगा दिया। ठग ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया और अधिकारी से उनका बेटा गिरफ्त में होने की बात कही। डर कर उन्होंने ठग के खाते में रुपये स्थानांतरित कर दिए। उनके बेटे की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली उझानी क्षेत्र के मोहल्ला अयोध्यागंज निवासी सौरभ सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पिता डॉ. योगेश सिंह पशुधन प्रसार अधिकारी हैं। गुरुवार को उनके पास व्हाट्सएप पर कॉल आया था। सामने वाले व्यक्ति ने खुद को सीबीआई का अधिकारी बताया। उनसे कहा था कि वह उनकी गिरफ्त में हैं। पिता को डराते हुए किसी रोते हुए व्यक्ति की आवाज सुना दी। उन लोगों ने पांच लाख रुपये की मांग की तो डरे सहमे पिता ने दो बार में 90 हजार रुपये उनके बताए खाते में भेज दिए।

## यात्रियों को बैठाने में बरती लापरवाही, 41 परिचालकों का कटा मानदेय

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ **परिवहन निगम के अधिकारियों ने पिछले दिनों चलाया था चेकिंग का विशेष अभियान**

**अमृत विचार :** परिवहन निगम की ओर से निर्देशित करने के बाद भी रोडवेज बसों के परिचालकों की कार्यशैली नहीं सुधर पा रही है। जिसके चलते सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने 41 परिचालकों के खिलाफ मानदेय काटने की कार्रवाई की है। साथ ही भविष्य के लिए चेतावनी दी है।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को संविदा परिचालकों के लोगों को बिना टिकट यात्रा कराने और रास्ते में यात्रियों को बैठाने में लापरवाही करने की शिकायत मिली थी। उन्होंने जांच कराई। परिचालकों से उनका पक्ष जाना। परिचालकों के स्पष्टीकरण से जांच अधिकारी यातायात निरीक्षक संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने एआरएम को रिपोर्ट सौंपी। जिसके आधार पर सुरजीत, सुधीर कुमार, नवीन दुबे, ओमकार सिंह, यदुनाथ सिंह, रजनेश कुमार, अश्वनी कुमार, डालचंद्र गौतम, रवि प्रकाश, योगेश कुमार, जगदीश, पंकज मिश्रा, नाहर सिंह, मनोहर सिंह के अलावा सतेंद्र कुमार, सनोज कुमार, अविनाश चंद्र, सुधीर कुमार, मनोज कुमार, पकजेंद्र कुमार के मानदेय से एक-एक हजार रुपये की कटौती हुई। सचिन सिंह, नारायण दत्त, अमृत लाल, अशोक कुमार, समीउद्दीन, अभिषेक पांडेय, मोनू मिश्रा, अतुल कुमार और भगतराम पर दो-दो हजार रुपये मानदेय काटने की कार्रवाई हुई। एक बच्चा बिना टिकट मिलने पर संविला परिचालक रंजीत सिंह का 500 रुपये मानदेय काटा है।

वहीं कम आय अर्जित करने पर परिचालक अजय पाल, मुजम्मिल हुसैन, देवेंद्र कुमार, सुधीर सिंह, वीरेश पाल, उमेश मिश्रा, संदीप कुमार के साथ अमित कुमार, मोहम्मद अफजल, सचिन सक्सेना, छत्रपाल सिंह का भी मानदेय काटा गया है। एआरएम डीके चौबे ने बताया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## छूटे हुए परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा आज

**बदायूं, अमृत विचार :** प्रयोगात्मक परीक्षा देने से छूटे हुए इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों को एक और मौका मिला है। ऐसे बच्चों की आज परीक्षा कराई जाएगी। इसके लिए राजकीय इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ प्रवेश कुमार ने बताया कि जनवरी माह में इंटरमीडिएट के छात्रों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं कराई गईं थी। उस दौरान पांच सौ से अधिक ऐसे परीक्षार्थी रहे जो किसी कारण से परीक्षा में नहीं बैठ सके थे। ऐसे परीक्षार्थियों को आखिरी मौका दिया गया है। आज होने वाली प्रयोगात्मक परीक्षा के लिए राजकीय इंटर कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षा सीसीटीवी की निगरानी में कराई जाएगी। नकल सामग्री का प्रयोग करते मिलने पर कड़ी कार्रवाईकी जाएगी।

## विद्यार्थियों ने सीखे आग बुझाने के तरीके



अग्निशमन यंत्र से आग बुझाना सीखते बच्चे। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

▸▸ **फ्यूचर लीडर्स स्कूल में फायर बिग्रेड के अधिकारियों ने दी जानकारी**

**अमृत विचार :** बदायूं रोड स्थित फ्यूचर लीडर्स स्कूल में बच्चों को आग से बचने के उपाय बताए गए। फायर बिग्रेड के अधिकारियों ने किचन ,वॉशरूम, गीजर आदि में आग लग जाने पर अग्निशमन यंत्र से कैसे आग बुझाए, इसकी जानकारी दी। आगजनी की घटनाओं के दौरान सावधानी बरतने के लिए कहा गया।

फायर बिग्रेड के अधिकारियों ने बच्चों को बताया कि अग्निशामक यंत्र में केमिकल होता है। उसमें सोडियम 20 प्रतिशत, पोटेशियम 29 प्रतिशत और बेरियम 51 प्रतिशत होता है। यदि किसी कारण आग लगती है तो सावधानी पूर्वक अग्निशामक यंत्र के माध्यम से आग को बुझाया जा सकता है। इस दौरान उनके द्वारा अग्निशमन यंत्र का प्रयोग करके भी दिखाया गया। विद्यालय के डायरेक्ट वीपी सिंह ने विद्यार्थियों को बताया कि आपदा प्रबंधन सभी बच्चों को सिखाना क्यों जरूरी है। ताकि विषम परिस्थितियों में वह बिना घबराहट, बुद्धि, विवेक का प्रयोग कर आग को बुझाने का कार्य कर सकें। इस मौके पर मेहुल कुमार सिंह, प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह, सीके शर्मा, बृजेश पाल सिंह, अंकित सिंह, पूनम चौहान आदि मौजूद रहे।

खबरें www.amrit vichar.com पर भी पढ़ें

आठवीं पुण्यतिथि
(16 फरवरी 2016)



स्व. श्रीमती मीना जौहरी
'जीवन की गाड़ी तो अपनी गति से चलती रहेगी लेकिन हमारे बीच आपकी कमी हमेशा खलती रहेगी।।'
-: श्रद्धावनत :-
गोपाल नारायण जौहरी (पति), विशाल-मोनिका, दिव्यांश-रीतिका (पुत्र-पुत्रवधु), दीपाली-सत्येन (पुत्री-दामाद), पर्व, झिलमिल (धेवते, धेवती), रूनझुन, अन्वी, मान्यु, आन्या (पौत्र-पौत्री) मो. 8868871866, 8445583211
19, तिरुपति विहार कालोनी, नेकपुर, बदायूं रोड, बरेली




# महिला ने फोन कर बुलाया था बांके लाल को, पुलिस कर रही तलाश

## बिहारी गौटिया के किसान की गला रेत कर की गई थी हत्या, पुलिस ने खंगाला महिला और मृतक के मोबाइल का रिकॉर्ड

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** कुंवरगांव क्षेत्र के गांव बिहारी गौटिया निवासी किसान की 12 फरवरी की रात गला काटकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई ने जमीन से जुड़ी पुरानी रंजिश के चलते हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। मृतक के मोबाइल का रिकार्ड खंगाला गया। जिसके अनुसार एक महिला ने मृतक को फोन कर बुलाया था। अब पुलिस उसकी तलाश कर रही है।


मृतक बांके लाल।

गांव बिहारी गौटिया निवासी बांके लाल उर्फ मुकद्दम पुत्र छोटे लाल 12 फरवरी की शाम मोबाइल का रिचार्ज कराने के लिए कस्बा बिनावर जाने की बात कहकर बाइक से घर से निकले थे। जिसके बाद वापस नहीं लौटे। अगले दिन स्कूल जा रहे उनके भतीजे अर्जुन व भूपेंद्र ने निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस वे के पास बांके लाल की बाइक नलकूप पर देखी तो पास गए, वहां बांके लाल का शव पड़ा था। उनकी सूचना पर ग्रामीण और पुलिस पहुंची। फारेंसिक टीम ने साक्ष्य एकत्र किए। मृतक के भाई राजपाल ने गांव निवासी गंगाधर व नेत्रपाल पुत्र सोहनपाल, भूपेंद्र व दीपचंद्र पुत्र रोशन लाल के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस ने जांच शुरू की तो हत्या में नया मोड़ आ गया है। हत्याकांड में एक महिला का हाथ होने की बात सामने आई है। बांके लाल के मोबाइल रिकार्ड के अनुसार महिला ने उन्हें फोन करके बुलाया था। बांके लाल की हत्या के बाद से उनके दोनों मोबाइल गायब हैं। बुधवार को पुलिस को महिला के मोबाइल की लोकेशन पास के गांव कैली में मिली। जिसके बाद उसका फोन बंद हो गया। पुलिस वहां पहुंची और दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है लेकिन महिला का सुराग नहीं लग सका। गुरुवार को पुलिस को महिला की लोकेशन गांव यूसुफ नगर की मिली। जिसके बाद फिर से फोन बंद हो गया। थाना कुंवरगांव के प्रभारी निरीक्षक इंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अभी इस संबंध में कुछ नहीं कहा जा सकता। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### पति को जेल भिजवा चुकी है महिला

ग्रामीणों के अनुसार गांव कैली के युवक ने गोरखपुर निवासी एक महिला से शादी की थी। इसी दौरान हत्याकांड में शामिल महिला का कस्बा कुंवरगांव निवासी एक युवक से प्रेम प्रसंग हो गया था। जिसके बाद उसके प्रेमी की हत्या हो गई थी। उसने अपने पति को ही जेल भिजवा दिया था। कुछ समय के बाद पति जमानत पर छूटा लेकिन उसका आज तक पता नहीं चला है। उसी महिला ने सोमवार शाम बांके लाल को फोन किया था।

# मुठभेड़ में पकड़ा गया हत्यारोपी और साला गया जेल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ बुधवार देर शाम पुलिस ने हत्यारोपी समेत दोनों को किया था गिरफ्तार

**अमृत विचार :** थाना मुजरिया क्षेत्र में ई-रिक्शा चालक से लूट के बाद हत्या मामले में एक हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया गया था जबकि दूसरा फरार चल रहा था। बुधवार को पुलिस मुठभेड़ में गोली से घायल हो गया था जबकि गोली एक दारोगा को भी छूकर गई थी।

पुलिस ने हत्यारोपी का इलाज करा उसे और मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए उसके साले को जेल भेज दिया। मुजरिया क्षेत्र के गांव सगराय निवासी सत्यवीर उर्फ बंटू ई-रिक्शा चलाता था। चार फरवरी की दोपहर लगभग साढ़े चार बजे ई-रिक्शा लेकर निकला लेकिन वापस घर नहीं लौटा। 10 फरवरी को ई-रिक्शा खंती में मिला जबकि 11 फरवरी को सत्यवीर का शव निर्माणाधीन मकान से बरामद हुआ था। पुलिस ने अगले ही दिन हत्या का खुलासा कर दिया था। मामले में सहसवान कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रुस्तम टोला निवासी इकबाल उर्फ इकबाल उद्दीन पुत्र शमीम उद्दीन को गिरफ्तार कर जेल भेजा। हत्या में शामिल उसका साथी बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के गांव खैरी निवासी गौरव माहेश्वरी फरार चल रहा था। दोनों ने नशे की लत पूरी करने के लिए लूट कर सत्यवीर की हत्या की थी। पुलिस ने उसपर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। बुधवार देर शाम पुलिस को उसके खितौरा मार्ग पर होने की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी की। हत्यारोपी ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी थी। एक गोली दारोगा विजय धामा को छूती हुई गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गौरव के पैर में गोली लगी थी। गौरव के साथ उसके साले करन को भी पकड़ा था। पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया था। गुरुवार को पुलिस ने गौरव माहेश्वरी को अस्पताल से डिस्चार्ज करा, उसे और करन को कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेजा गया है। आरोपियों के खिलाफ मुठभेड़ की धारा बढ़ाई गई है। मुजरिया की प्रभारी निरीक्षक रेनू सिंह ने बताया कि गौरव के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट में और धाराएं बढ़ाई गई हैं। उसका साला लूटे हुए ई-रिक्शा की बैट्री बेचने जा रहा था। उसे भी पकड़कर जेल भेजा गया है।

# मशीन चार्ज करते समय लगा करंट किसान की मौत

**बदायूं, अमृत विचार :** कोतवाली दातागंज क्षेत्र के एक गांव में झटका मशीन की बैट्री चार्ज करने के दौरान किसान को करंट लग गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास खेतों पर काम कर रहे किसानों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। दातागंज क्षेत्र के गांव दहला नगला निवासी श्रीभगवान गुरुवार सुबह लगभग नौ बजे अपने खेत पर फसल की सिंचाई करने गए थे। उन्होंने निराश्रित गोवंश से फसल के बचाव को खेत के चारों ओर तारकशी की थी। जिसमें वह झटका मशीन से करंट छोड़ देते थे। सिंचाई के दौरान उन्होंने मशीन की बैट्री चार्ज करने के लिए तार बिजली की लाइन में लगाए तो उन्हें करंट लग गया। वह दूर जाकर गिरे। आसपास खेतों पर काम कर रहे किसान पहुंचे। तब तक श्री भगवान की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## एक नजर

### तीन किलो डोडा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बदायूं।** कोतवाली सिविल लाइन पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन किलो डोडा बरामद किया है। गुरुवार को मुखबिर ने सिविल लाइन कोतवाल गौरव विश्नोई को जानकारी दी कि सिलहरी ढाबे के पास मादक पदार्थ तस्कर खड़ा है। अधिकारी के आदेश पर प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे। जहां शहर के मोहल्ला जवाहरपुरी के पास रोजा निवासी वीरेंद्र मिश्रा पुत्र राधेश्याम मिश्रा को पकड़ लिया। आरोपी के पास से तीन किलो डोडा बरामद हुआ। पुलिस उसे कोतवाली ले आई। एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है। तस्कर के खिलाफ पहले से भी कई मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तारी करने वाली टीम में सुपेंद्र मलिक, हेड कांस्टेबल जोगेंद्र कुमार व प्रदीप कुमार रहे।

### नलकूप पर निकला 10 फिट का अजगर

**बदायूं।** दातागंज क्षेत्र के गांव समरेर में ग्रामीणों ने विजय सिंह के खेत में लगे नलकूप के पास विशालकाय अजगर देखा। जो लगभग 10 फिट लंबा था। ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। टीम गांव पहुंची औ रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ दिया। दातागंज रेंजर अमित सोलंकी ने बताया कि टीम मौके पर गई थी। वीडियोग्राफी कराते हुए अजगर को बसेला गांव के पास जंगल में छोड़ा गया है।

# चारा लेने खेत पर गई किशोरी से दुष्कर्म का किया प्रयास

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** बिनावर क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग दो बहनें खेत पर चारा लेने गई थीं। पास के खेत में काम कर रहा युवक एक किशोरी को जबरन लाहटा के खेत में ले गया। दूसरी किशोरी चिल्लाई तो आरोपी मौके से भाग गया। किशोरियों की मां ने पुलिस से शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई तो उन्होंने एसएसपी से शिकायत की है।

एक गांव निवासी महिला ने एसएसपी से शिकायत करके बताया कि मंगलवार को उसकी नाबालिग दो बेटियां पशुओं के चारा लेने के लिए गांव से लगभग आधा किलोमीटर दूर खेत पर गई थीं। पास में ही गांव निवासी एक युवक अपने खेत में फसल की सिंचाई कर रहा था। बेटियां अपने खेत में बरसीम काटने लगीं। युवक उनके पास आया। एक किशोरी को खींचकर लाहटा के खेत में ले जाने लगा। उसके साथ गलत काम करने की कोशिश की। पीड़िता की बहन चिल्लाई। आसपास खेत पर काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ वहां से भाग गया। किशोरियां घर पहुंचीं और अपने परिजनों को सूचना दी। किशोरियों की मां ने थाना बिनावर जाकर तहरीर दी। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। अब आरोपी फैसले का दबाव बना रहा है। जिसके चलते किशोरियों की मां ने मजबूर होकर एसएसपी से शिकायत की। बिनावर के थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि महिला तहरीर लेकर नहीं आई है। जांच करने के बाद आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# निराश्रित गोवंश के हमले में किसान हुआ घायल

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव बांस बरोलिया में बीते बुधवार को खेतों से टहल कर वापस घर लौट रहे एक किसान पर निराश्रित साड़ों ने हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के मुताबिक गांव बांस बरोलिया निवासी किसान नाथू सिंह तोमर बुधवार सुबह खेतों को देख कर पैदल वापस घर लौट रहे थे। तभी गांव के अंदर सरकारी स्कूल के पास कुछ निराश्रित साड़ घूम रहे थे। जिसमें कुछ ने उन पर हमला बोल दिया। एक साड़ ने सींघों से उनको जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उनकी चार पसली और कान के अंदर गंभीर चोटें आई है। जिनका जिला मुख्यालय पर स्थित एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है।

# ट्रेन के आगे कूदा आर्थिक तंगी से परेशान युवक, मौत

संवाददाता, आसफपुर

▸▸ पत्नी बोली, पांच लाख नहीं लौटाने पर परेशान करते थे सूदखोर

**अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा क्षेत्र के कस्बा आसफपुर के पास से निकली रेलवे लाइन के पास युवक का शव मिला। ग्रामीणों ने शिनाख्त कर परिजनों और पुलिस को सूचना दी। पत्नी ने कुछ लोगों पर सूदखोरों द्वारा प्रताड़ित किए जाने से आत्महत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


युवक की मौत के बाद मौके पर पहुंचे परिजन और पुलिस। ● अमृत विचार

गांव आसफपुर निवासी सोनू मौर्य पुत्र नन्हू मौर्य तीन बीघा जमीन पर खेती कर परिवार का पालन पोषण करता था। गुरुवार सुबह नौ बजे खेत में खड़ी गेहूं की फसल की सिंचाई करने के लिए साइकिल से घर से निकला था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार खेत से कुछ दूर पहले आसफपुर से एक किलोमीटर दूर रेलवे लाइन किनारे साइकिल खड़ी कर लाइन के किनारे जाकर खड़ा हो गया और बरेली की ओर से आई मालगाड़ी के सामने छलांग लगा दी। उसका सिर ट्रेन से कटकर धड़ से अलग हो गया। आसपास खेतों पर काम कर रहे किसान दौड़कर मौके पर पहुंचे। युवक की शिनाख्त करके उनके परिजन और पुलिस को सूचना दी। चीत्कार करते परिजन हादसा स्थल पर पहुंचे। थाना फैजगंज बेहटा के थानाध्यक्ष वेदपाल सिंह ओर जीआरपी पहुंची। मृतक की पत्नी नत्थो देवी ने रो रोकर बताया कि उसके पति पर कुछ लोग रुपये देने का दबाव बनाते थे। पता नहीं पति ने रुपये लिए भी थे या नहीं। पत्नी के अनुसार सूदखोरों की वजह से वह अवसाद में चल रहे थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। जांच शुरू कर दी है।

> मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का लग रहा है। बताया जा रहा है कि अवसाद में आकर ट्रेन के आगे कूदकर जान दी गई है। परिजनों ने रुपये से जुड़ी बात कही है। जांच की जा रही है। परिवार के तहरीर आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। – **वेदपाल सिंह, थानाध्यक्ष**

### युवक की आत्महत्या ने खड़े किए सवाल



युवक की आत्महत्या ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों के अनुसार वह मृदुल व्यवहार का व्यक्ति था। उसकी किसी से कोई रंजिश या मतभेद नहीं थे। पत्नी ने शव के पास विलाप करते हुए कुछ लोगों पर पति से पांच लाख रुपये मांगने और उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित करने संबंधी आरोप लगाए हैं। हालांकि लिखित में तहरीर नहीं दी गई है।

# फर्जी आदेश दिखाकर दबंगों का कब्जा कराने को लेखपाल ने घर में की तोड़फोड़

संवाददाता, दातागंज

▸▸ पीड़ितों की शिकायत पर एसडीएम ने लेखपाल से ली जेसीबी चलाने के आदेश की जानकारी

▸▸ लेखपाल ने तहसीलदार पर बात टाली, मौके पर पहुंचे तहसीलदार बोले, नहीं जारी किया कोई आदेश

▸▸ ग्रामीणों ने परिवार सहित एसडीएम के समक्ष न्याय दिलाने की लगाई थी गुहार, कार्रवाई के निर्देश

**अमृत विचार :** तहसील के ग्राम दियोरी में हल्का लेखपाल व ग्राम प्रधान पर एक परिवार ने घर को तहस नहस करने का आरोप लगाते हुए एसडीएम से शिकायत की है। आरोप है कि लेखपाल ने एसडीएम का फर्जी आदेश दिखाकर पुलिस की सहायता से उसकी झोपड़ी को तोड़ डाला।

गांव निवासी सुखनंदन पुत्र ब्रजलाल ने एसडीएम को बताया कि ग्राम प्रधान इरेंद्र व हल्का लेखपाल अमित कुमार ने गांव के कुछ लोगों के हाथों सरकारी भूमि पर मोटी रकम लेकर कब्जा करा दिया है। जिस पर उन लोगों ने दुकानों का निर्माण कर लिया है। अब इन लोगों ने उनकी पैतृक भूमि को सरकारी बताते हुए अवैध बताते हुए पुलिस की मदद से जेसीबी की सहायता से तोड़ फोड़ की। घर में रखा सारा सामान फेंक दिया। पीड़ित की बात सुनकर एसडीएम ने हल्का लेखपाल अमित कुमार से जेसीबी चलाने के आदेश की जानकारी ली। इस पर लेखपाल ने कार्रवाई से बचने के लिए तहसीलदार द्वारा आदेश जारी किए जाने की जानकारी एसडीएम को दी। इसी दौरान एसडीएम द्वारा तहसीलदार रवेंद्र प्रताप सिंह को बुलवा लिया गया और उनसे आदेश जारी करने संबंधी जानकारी ली। इस पर उन्होंने कोई आदेश जारी न किए जाने बात बताई। इसी दौरान लेखपाल एसडीएम को चकमा देकर वहां से निकल गया। इस पर एसडीएम धर्मेंद्र सिंह ने संबंधित अधिकारियों को आरोपी के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया है।


लेखपाल द्वारा घर की गई तोड़ फोड़ के बाद बिखरा पड़ा सामान।

# औद्योगिक क्षेत्र के बदलेंगे हालात इकाई लगाने को 43 व्यापारी तैयार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में शामिल होंगे जिले के 14 व्यापारी

**अमृत विचार :** जिले में 43 उद्यमी इकाई लगाकर औद्योगिक क्षेत्र में निवेश करेंगे। उनके द्वारा स्थापित उद्योगों से जिले के अंदर औद्योगिक क्षेत्र की तस्वीर बदल जाएगी। लखनऊ में होने वाले उप्र ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के तहत ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इसमें जिले के 14 व्यापारी प्रतिभाग करेंगे। शेष व्यापारी कलेक्ट्रेट में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कलेक्ट्रेट समेत ब्लॉक तक लाइव कार्यक्रम दिखाया जाएगा।

लखनऊ में 19 को होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में संपन्न होगा। प्रत्येक विधानसभा के एक-एक ब्लॉक पर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। यह कार्यक्रम बिसौली, अंबियापुर, सहसवान, दातागंज और कादरचौक ब्लॉक स्तर पर होंगे। जिसमें जनप्रतिनियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी रहेगी।

### आईटी सेक्टर के विद्यार्थी बनेंगे कार्यक्रम का हिस्सा

19 फरवरी को कलेक्ट्रेट में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में आईटीआई और जीटीआई के छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे। यह सभी छात्र-छात्राएं अंतिम वर्ष के हैं। जिन्हें कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलेगा। ताकि आगे चलकर यह विद्यार्थी अपना रोजगार स्थापित कर सके। और अन्य युवाओं को प्रेरणा बन सकें।

# हत्या में गया जेल, बाहर आया तो किया हमला

**उसहैत, अमृत विचार :** उसहैत क्षेत्र के गांव असमया रफतपुर निवासी राजेश्वरी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव निवासी रामभरोसे ने वर्ष 2005 में उनके ससुर बच्चू लाल की हत्या कर दी थी। आरोपी जेल चला गया था। जिसके बाद रामभरोसे के भाई सूरजपाल ने अपनी चार बीघा जमीन राजेश्वरी के पति एवरन के नाम पर कर दी थी। कुछ दिनों पहले रामभरोसे सजा काटकर जेल से बाहर आया है। आरोप है कि वह फिर से गांव में खुराफात करने लगा है। तीन दिन पहले रामभरोसे, उनके बेटे कैलाश, विनोद लाठी-डंडे लेकर आए और गाली-गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर उन लोगों ने मारपीट की। बीच बचाने करने आए राजेश्वरी की बेटी और पति पर हमला कर दिया। जिसका वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# कातिलाना हमले के आरोपी दो भाइयों को पांच-पांच साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ गुरुवार को अपर सत्र न्यायाधीश पूनम सिंघल ने सुनाया फैसला

▸▸ दोषियों को दो-दो हजार रुपये के आर्थिक दंड से किया दंडित

**अमृत विचार :** कातिलाना हमला करने के आरोपी दो भाइयों को अपर सत्र न्यायाधीश पूनम सिंघल ने पांच- पांच साल के कारावास समेत दो-दो हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की धनराशि पीड़ित को देने का आदेश दिया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार जिला संभल की कोतवाली गुन्नौर क्षेत्र के गांव झुकैरा निवासी महेश ने 18 जनवरी 2018 को रिपोर्ट दर्ज कराकर बताया था कि उसके तहेरे भाई नरोत्तम उसी दिन शाम को पांच बजे अपने खाली पड़े प्लाट में पेशाब करने गया था। इसी दौरान गांव निवासी विरेश के खेत में पहले से घात लगाकर बैठे बबलू व मनवीर पुत्र रामदास असलाह लेकर बाहर निकल आए और नरोत्तम को पकड़ लिया। बबलू ने जान से मारने की नीयत से नरोत्तम पर फायर किया। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंचे और इलाज के लिए अलीगढ़ के राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां से इलाज कराने के बाद भी नरोत्तम चलने फिरने लायक नहीं हैं। न्यायालय में बबलू व मनवीर के खिलाफ नरोत्तम पर कातिलाना हमला के आरोप में मुकदमा चलाया गया था। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य का अवलोकन किया। अभियोजन पक्ष के एडीजीसी अरविंद लाल व बचाव पक्ष के अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के बाद दोनों भाइयों को दोषी पाते हुए सजा सुनाई है।

## सार-संक्षेप

### उपले पाथने से मना करने पर घर में घुसकर मारपीट

**बदायूं।** उपले थोपने से मना करने पर दो पक्षों में विवाद हो गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर में घुसकर मारपीट कर तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दंपती समेत चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। मामला कोतवाली दातागंज क्षेत्र के गांव दियोरी का है। गांव निवासी महेश चंद्र पुलिस को तहरीर देकर बताया कि नौ फरवरी सुबह लगभग 10 बजे पड़ोस में रहने वाले अवनीश की पत्नी किरन उनके घर के सामने ग्राम समाज की जमीन पर उपले पाथ रही थीं। उनके बच्चों ने उसे मना किया तो आरोप है कि किरन, उसका पति अवनीश, हरी, चोखे आदि उनके घर पर आ गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर मोबाइल तोड़ दिया। शोर सुनकर पड़ोसी आ गए तो हमलावर भाग गए। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ जबरन घर में घुसने, मारपीट, धमकाने और नुकसान पहुंचाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

### पिकअप की टक्कर से साइकिल सवार किशोर की मौत

**विजय नगला।** बिनावर क्षेत्र में पिकअप की टक्कर से किशोर की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बिनावर के गांव नाई डुमैरा निवासी पप्पू का बेटा वीकेश( 14 ) कक्षा चार का छात्र था। वह गांव के प्राइवेट विद्यालय में पढ़ता था। गुरुवार शाम वह साइकिल से कासमपुर रोड पर गया था। सामने से तेज रफ्तार से आई मिर्च लदी पिकअप ने सामने से उसकी साइकिल को टक्कर मार दी। तेज आवाज होने पर खेतों पर काम कर रहे किसान पहुंचे। तब तक वीकेश की मौत हो चुकी थी। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची। मौत से परिवार में चीत्कार मचा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। परिजनों की ओर से तहरीर नहीं आई है। तहरीर आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तहसीलदार ने श्मशान से फसल कटवाकर गोशाला भिजवाई


फसल को कटवाते तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला ने भूमाफियाओं के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए गुरुवार को तहसीलदार ने गांव मिर्जापुर बेहटा में श्मशान की भूमि पर खड़ी फसल को कटवाकर कब्जा मुक्त करा दिया। कटी फसल को तत्काल सुरैनी पापड़ी गांव की गोशाला भिजवाया गया।

तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला की नजर भू माफियाओं पर टेढ़ी होने से उनमें हड़कंप मचा हुआ है। गांव मिर्जापुर बेहटा स्थित श्मशान की भूमि पर दबंग वर्षों से कब्जा कर फसल कर रहे थे। शिकायत मिली तो बृहस्पतिवार को तहसीलदार दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए। वहां लेखपाल दीपक भटनागर व प्रियंका शर्मा ने भूमि की नाप जोख की। इसके बाद तहसीलदार श्री शुक्ला ने वहां खड़ी फसल कटवा दी। अधिकारी के तेवर देख दबंग मौके से खिसक लिए। तहसीलदार ने काटी गई फसल को सुरैनी पापड़ी गांव की गौशाला भिजवा दिया। प्रशासन की कार्रवाई को लेकर आसपास के गांवों में भी चर्चा रही।

# नई खसरा खतौनी में गलत नामों को सही कराने की मांग


तहसील परिसर में धरना देते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिसौली

▸▸ भाकियू के बैनर तले तहसीलदार को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

**अमृत विचार :** भाकियू (टिकैत) के बैनर तले किसानों ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया। किसानों ने एमएसपी गारंटी कानून लागू करने सहित विभिन्न मांग करते हुए तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला को एक ज्ञापन सौंपा।

तहसील परिसर में गुरुवार को धरना स्थल पर किसानों को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव ने कहा कि कोल्ड स्टोरेज स्वामियों ने किराया बढ़ाकर किसानों के शोषण को बढ़ावा दिया है। जबकि शिव फूड्स कोल्ड स्टोर परसिया द्वारा किसानों के आलू का अभी तक भुगतान नहीं किया गया है। कहा कि भूमि विकास बैंक किसानों के साथ दोहरे मापदंड अपनाकर परेशान कर रहा है। मंडल अध्यक्ष ने सरकार से एमएसपी गारंटी कानून शीघ्र लागू करने की मांग की। तहसील अध्यक्ष मुकेश भदौरिया ने कहा कि निराश्रित गोवंश किसानों के जी का जंजाल बने हुए हैं लेकिन शासन प्रशासन लगातार लापरवाही बरत रहा है। कहा कि तहसील में लंबित दाखिल खारिज की समस्या दूर की जाएं। नई खसरा खतौनी में किसानों के नाम और रकबा गलत दर्ज कर दिये गए हैं जिससे किसान तहसील के चक्कर काटने को मजबूर हैं। जिसे सही कराया जाए। इसके बाद किसानों ने तहसीलदार को पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सोपाली यादव, रामफूल, अशोक चौहान, योगेश यादव, राधेश्याम शर्मा, दानवीर सिंह, हीरालाल वर्मा, पप्पू प्रधान, प्रेमपाल सिंह, विनोद यादव, लल्ला सिंह, प्रदीप पाठक आदि किसान मौजूद रहे।

### डीएचओ के प्रतिनिधि के साथ किसानों ने की वार्ता

**बिसौली।** कोल्ड स्टोरेज स्वामियों द्वारा उत्पीड़न की शिकायत पर तहसीलदार विजय कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में जिला उद्यान अधिकारी के प्रतिनिधि एम ए रिजवी व किसानों के बीच वार्ता हुई। जिसमें पांच बिंदुओं पर सहमति बनने के बाद शीतगृह स्वामियों को दिशा निर्देश जारी किए गए। तहसील सभागार में गुरुवार को आयोजित बैठक में भाकियू मंडल अध्यक्ष ने शीतगृह स्वामियों पर आरोप लगाया कि वे किसानों का विभिन्न प्रकार से उत्पीड़न करते हैं। तहसीलदार ने किसानों की समस्याओं को सुना। बैठक में जिन पांच बिंदुओं पर सहमति बनी उनमें पहली यह कि प्रत्येक शीतगृह के नोटिस बोर्ड पर किसान अधिकार पत्र को अंकित किया जाए। वहीं आलू का किराया निर्धारित करने, अक्तूबर से पूर्व किसानों को आलू बेचने के लिए मजबूर न करने, आलू जमा करने वाले कोल्ड स्टोर की वैध पर्ची देने के निर्देश शीतगृह स्वामियों को दिए गए हैं। डीएचओ के प्रतिनिधि एम ए रिजवी ने किसानों से कच्चा आलू कोल्ड स्टोर पर जमा न कराने का अनुरोध किया जिसे किसानों ने स्वीकार किया। इस दौरान नायब तहसीलदार गिरजा शंकर यादव, जहीर आलम, भाकियू मंडल अध्यक्ष दिनेश यादव, तहसील अध्यक्ष मुकेश भदौरिया आदि प्रमुखता से मौजूद रहे।

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
• दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
• बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
• जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
• गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!
ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
Associated with Asia's No.1 Dental Lab
डॉ० एम.बी. गौतम (डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ) डायरेक्टर
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720
प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली
डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडोन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES
डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े (फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ
Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient
उपलब्ध सुविधायें :
- शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें।
- दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler )
- हिलते हुए दाँतों को जाम करना।
- दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT)
- मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज।
- दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज।
- सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless)
- दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing)
- टेढ़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces /Aligner)
- डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges)
- मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD)
- गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज।
- एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा।
- एडवान्स एक्स-रे यनिट
Before After
Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour
5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/स्वतंत्रता सेनानी

# पद्म भूषण राशिद खान की याद में शायरों ने पेश किए कमाल

## मुशायरे में प्रदेश और जिलों के कव्वालों ने की शिरकत


उस्ताद राशिद खान की कब्र पर मौजूद उनके पुत्र अरमान खान।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पद्मभूषण उस्ताद राशिद खान की याद में गुरुवार को मुशायरे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन छोटे सरकार की दरगाह पर हुआ। जिसमें कई प्रांतों और जिलों के शायरों ने शिरकत की। उनके द्वारा पद्म भूषण की याद में कमाल पेश किए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में उस्ताद राशिद के समर्थक पहुंचे। परिजनों ने उनकी कब्र पर गुलपोशी की।

पद्मभूषण उस्ताद राशिद खान की मृत्यु कोलकाता में हुई थी लेकिन उनको छोटे सरकार के समीप दफनाया गया। जिस स्थान पर उन्हें सुपुर्दे खाक किया गया। उस स्थान पर उनकी याद में गुरुवार को मुशायरे का आयोजन किया गया। मुशायरे में देश के जाने माने शास्त्रीय संगीत गायन की हस्तियां मौजूद रहीं। उनके द्वारा शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किया गया। गायन ने जहां माहौल खुशनुमा बना दिया वहीं कई पल ऐसे भी आए कि माहौल गमजदा भी रहा। लोग उनके शानदार व्यक्तित्व को याद करते रहे। मुशायरे में कोलकाता, उड़ीसा, पूना, मुंबई आदि स्थानों के शास्त्रीय गायन के फनकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पद्मभूषण उस्ताद राशिद खान की पत्नी ज्योता वासु खान, बेटा अरमान खान, बेटी सुहा खान, बिलाल खान, कृष्णा, नागेश अडंगाकर, पूना मदा पिघलकर आदि की उपस्थिति रही। परिजनों ने उनकी कब्र पर गुलपोशी कर उन्हें नम आंखों से याद किया।


छोटे सरकार की दरगाह पर आयोजित कार्यक्रम में कलाम पेश करते फनकार। ● अमृत विचार


उस्ताद राशिद खान की कब्र पर गुलपोशी करते परिजन। ● अमृत विचार

## इशारा कर बुलाया फिर युवती से की छेड़छाड़, रिपोर्ट

**बदायूं, अमृत विचार :** बिसौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने तहरीर देकर बताया कि उनके पड़ोस में कृपाल सिंह रहता है। 10 फरवरी शाम लगभग पांच बजे उसने अपने घर की छत से इशारा करके उन्हें बुलाया। युवती कृपाल के घर चली गई। आरोप है उसने युवती को पकड़ लिया। उसके साथ छेड़छाड़ की। कहा कि वह युवती से शादी करना चाहता है। जो कर रहा हूं कर लेने दे। वह युवती को धमकाने लगा। युवती ने शोर मचा दिया। कृपाल मौके से भाग गया। युवती की तहरीर पर पुलिस ने कृपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# रहें सावधान: दिन में गर्म हुआ मौसम सुबह और शाम की ठंड बरकरार

- बदलते मौसम की वजह से बीमार हो रहे बच्चे और बुजुर्ग
- बुखार, सर्दी, जुकाम के मरीजों की अस्पताल में लग रही भीड़

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** फरवरी माह की शुरुआत के साथ ही मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया है। दिन का तापमान 25 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा है। वहीं रात का तापमान लगातार कम-ज्यादा हो रहा है। दिन में गर्म और रात में सर्द मौसम होने से वायरल का हमला तेज हो गया है। पिछले चार-पांच दिनों से अस्पतालों की ओपीडी में 25 फीसदी तक मरीज बढ़ गए हैं। लोग बुखार, खांसी, सिर दर्द, बदन दर्द की समस्या हो रही है।

पिछले एक सप्ताह से मौसम पूरी से बदला गया है। सुबह और शाम में ठंडक बरकरार है। दिन में अच्छी धूप खिली होने से कई लोग गर्म कपड़े पहनने में कोताही बरत रहे हैं। वहीं, शाम होते ही गलन हो जाने से सर्दी की चपेट में आ जा रहे हैं। जिला अस्पताल के फिजीशियन डॉ. जीएस गुप्ता कहना है कि इन दिनों ओपीडी में 25 फीसदी वायरल के मरीज आ रहे हैं। इसमें कई लोग ऐसे भी हैं, जिन्हें ठंड लगने पर बुखार तो नहीं आ रहा, मगर एक-एक सप्ताह तक सिर दर्द बना रहता है। दवाएं खाने के बाद वायरल ठीक होने में पांच से सात दिन का समय लग रहा है। उनका का कहना है कि वायरल की चपेट में आने वाले लोगों को बुखार, खांसी, गले में खराश, सिरदर्द, बदन दर्द आदि समस्या हो रही है। इस समय लोगों को सुबह-शाम की ठंड से बचना चाहिए। ठंडी चीजों का सेवन करने से बचना चाहिए। वहीं सुबह और शाम गर्म कपड़े पहनने चाहिए। जिससे बीमार होने से बचा जा सके।

### मौसम गर्म होने पर परेशान हुए किसान

जनवरी माह में जहां कड़ाके की सर्दी पड़ी। वहीं फरवरी माह गर्म हो गया है। स्थिति यह कि अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। तापमान में लगातार हो रही वृद्धि की वजह से किसान चिंतित हो गए हैं। खेतों से नमी कम होती जा रही है। इसके लिए उन्हें फसलों की सिंचाई करनी पड़ रही है। किसानों का कहना है कि मौसम गर्म होने पर सबसे अधिक प्रभाव सरसों और गेहूं की फसल पर पड़ेगा। खेतों में तैयार खड़ी सरसों का दाना सिकुड़ जाएगा। वहीं गेहूं की पैदावार पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा। कृषि अधिकारी किसानों को फसलों की सिंचाई करते रहने की सलाह दे रहे हैं। जिससे खेतों में नमी बनी रहे। इधर गुरुवार को अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

हार्ट केयर एण्ड मेडिकल सेन्टर
66-MES कॉलोनी, वैशमार्बल व गुप्ता ट्रेडर्स के सामने, 100 फुटा रोड, बरेली
रेनबो हॉस्पिटल
प्रेम नर्सरी के सामने, मिनी बाईपास रोड, कर्मचारी नगर, बरेली
हृदय रोगियों के लिये खुशखबरी
बिना ऑपरेशन बिना भर्ती के हृदय के नेचुरल बायपास EECP Treatment के द्वारा सम्भव
डॉ. राकेश मिश्रा
MD, Physician, Dip. Card.
वरिष्ठ फिजिशियन व हृदय रोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक -मेदांता एवं फोर्टिस, गुडगांव
ECG, Echo, TMT, Holter की सुविधा
व्यक्तिगत परामर्श के लिए सम्पर्क करें
7249939977
7088003322

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

# भक्तों ने कराया सैमल बाबा मंदिर पर भंडारा


मां सरस्वती की पूजा करते पूर्णागिरी ग्रुप के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार :** गुरुवार को मां पूर्णागिरि ग्रुप के तत्वावधान में नगर के नाई पिंडरी रोड स्थित सैमल बाबा के मंदिर पर बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में अन्नकूट का भंडारा कर प्रसाद का वितरण कराया। प्रसाद लेने को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। यहां सबसे पहले भक्तों ने बाबा का भोग लगाकर आरती की और उसके बाद यहां भोग लगाया गया। उसके बाद कन्याओं को सहभोज कराया गया। इसके बाद यहां प्रसाद का वितरण शुरू किया गया। इसको सफल बनाने में दीपक चौहान, राहुल वार्ष्णेय, विजनेश सोलंकी, अमित वाष्र्णेय, शिखर राजपूत, सुरेंद्र सिंह समेत बाबा के भक्तों का विशेष सहयोग रहा।

## सिद्ध बाबा मंदिर में होगी भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित



**कुंवरगांव।** क्षेत्र के गांव पंचायत कैली हसनपुर पहलादपुर इमलिया के मध्य स्थित ब्रह्मदेव देवस्थान पर भगवान गणेश की प्रतिमा पिछले दिनों चोरी हो गई थी। इसकी पुन : प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूर्णिमा वाले दिन 24 फरवरी किया जाएगा। शास्त्री अंकित व मनोज पंडित के वैदिक मंत्रों के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कराई जाएगी। भगवान की प्रतिमा स्थापित कराने के लिए श्रद्धालुओं द्वारा बैठक कर विचार विमर्श किया गया। बताया कि कार्यक्रम 23 से शुरू होगा और 24 को प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इस मौके पर पंडित मनोज शर्मा, ठाकुर बृजेश सिंह चौहान, ठाकुर विजय सिंह चौहान, ठाकुर केशव सिंह चौहान, ठाकुर सुमित सिंह चौहान, ठाकुर बब्बू सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

पेज 8 पर पढ़ें बदायूं की खबरें...

## जिले में आज

- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए पखवाड़े के तहत गांव-गांव जन पंचायत कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह भगवान परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।
- आम आदमी पार्टी की बैठक शहर के अमांपुर रोड स्थित कार्यालय पर सुबह 11 बजे से।
- बौद्ध कथा का वाचन सहावर के गांव नगला वन में दोपहर 12 बजे से।

## पीड़ित परिवार से कल मिलेगा सपा का प्रतिनिधिमंडल

**कासगंज, अमृत विचार :** पुलिस हिरासत में आत्महत्या का प्रयास करने के बाद उपचार के दौरान हुई युवक की मौत का सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संज्ञान लिया है। उनके निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने पीड़ित परिवार से मुलाकात करने के लिए प्रतिनिधिमंडल का गठन किया है। प्रतिनिधिमंडल में पूर्व सांसद देवेंद्र सिंह यादव, पूर्व राज्यमंत्री मानपाल सिंह, पटियाली विधायक नादिरा सुल्तान, सपा जिलाध्यक्ष विक्रम यादव, एटा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी देवेश शाक्य, पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह सोलंकी, पूर्व विधायक जीनत खान, पूर्व प्रत्याशी विधानसभा अमांपुर सत्यभान शाक्य, अमांपुर विधान सभा क्षेत्र के अध्यक्ष दिनेश शाक्य को शामिल किया है। जिलाध्यक्ष विक्रम यादव ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल 17 फरवरी को गांव पहुंचेगा।

**पीड़ित परिवार से मिले सांसद**

सांसद राजवीर सिंह राजू भैया गुरुवार देर शाम गांव सुलहपुर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार को 20 हजार रपये की आर्थिक सहायता दी।

# जमीन, मुआवजा मिलने और कार्रवाई के आश्वासन पर किया अंतिम संस्कार

## पुलिस हिरासत में आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक की मौत से गांव में तनाव, कई बार बिगड़ते दिखे हालात, सर्द रात में गांव में मुस्तैद रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** पुलिस की हिरासत में आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक की मौत के बाद माहौल तनाव पूर्ण बना रहा। रातभर जद्दोजहद होती रही। कई बार हालात बिगड़ते दिखाई दिए। हालांकि पुलिस की सूझबूझ काम आई। प्रशासनिक अधिकारी भी गंभीर दिखाई दिए। सत्ताधारी दल के नेताओं के हस्तक्षेप के बाद जमीन, मुआवजा और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन मिला। इसके बाद शव का अंतिम संस्कार हो सका।


मृतक गौरव

किशोरी को भगा ले जाने के आरोपी गांव सुलहपुर निवासी गौरव पुत्र रघुराज सिंह ने नौ फरवरी को थाने में आत्महत्या का प्रयास किया। उसके बाद उसे अलीगढ़ में भर्ती कराया गया। अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में बुधवार को उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। मामला एक ही गांव और एक ही वर्ग से जुड़ा हुआ था, ऐसे में गांव में तनाव के हालात बने हुए थे। जैसे ही युवक की मौत की खबर गांव में पहुंची तो माहौल बिगड़ता दिखाई दिया। पुलिस अलर्ट हो गई। परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप मड़े। आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। देर रात युवक का शव गांव सुलहपुर पहुंचा तो बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। इस दौरान बड़ी तादात में पुलिस बल तैनात था। एएसपी के नेतृत्व में पुलिस मोर्चा संभाले रही।

**पल-पल अपडेट लेते रहे अधिकारी:** पुलिस का प्रयास था कि अंतिम संस्कार जल्द करा दिया जाए। जिससे कि हालात न बिगड़े, लेकिन गांव में तनाव पूर्ण माहौल के बीच कुछ लोग पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई, पीड़ित परिवार को नौकरी, मुआवजा और जमीन की मांग पर अड़े रहे। अधिकारियों ने आश्वासन भी दिया, लेकिन परिजन नहीं माने। गौरव के पिता रघुराज सिंह, बहन राधा मांगों पर अड़ गए। पुलिस रात भर प्रयासरत रही, लेकिन सफलता नहीं मिल


भाई को मुखाग्नि देता छोटा भाई जयशिव। ● अमृत विचार


अंतिम संस्कार के दौरान मौजूद पुलिस एवं ग्रामीण। ● अमृत विचार


गांव सुलहपुर में पुलिस अधिकारियों से बातचीत करते अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा एवं बसपा जिलाध्यक्ष डीपी राणा। ● अमृत विचार


सुरक्षा की दृष्टि से अधिकारियों के साथ निगरानी करते एएसपी जितेंद्र कुमार दुबे।

### यह बनी सहमति

पीड़ित परिवार को ढाई बीघा जमीन, मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता, पुलिस की ओर से सहायता, संबंधित बीमा योजनाओं का लाभ, पुलिस कर्मियों और दोषियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। परिवार के सदस्य को नगर पंचायत में नौकरी का भरोसा दिया गया। अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा की मध्यस्तता रही और इस सहमति के बाद अंतिम संस्कार हो सका।

### अंतिम संस्कार में उमड़ा हुजूम, शव यात्रा के आगे पीछे पुलिस

**कासगंज।** चारों तरफ पुलिस का पहरा था। कड़ी नाकेबंदी थी। नेताओं की आवाजाही पर निगरानी थी। पूरे आगरा जोन के सभी जिलों के अधिकारी और पुलिस कर्मी गांव सुलहपुर से लेकर थाना अमांपुर तक मोर्चा संभाले रहे। शव यात्रा के आगे और पीछे पुलिस ही पुलिस नजर आ रही थी। अंतिम यात्रा में लोगों हुजुम उमड़ पड़ा। पुलिस हर पहलू पर कड़ी नजर बनाए हुई थी। स्थानीय पुलिस के अधिकारियों ने मौके की संवेदनशीलता को देखते हुए उच्च अधिकारियों को सूचना दे दी थी। रात में जब माहौल बिगड़ता दिखाई दिया तो पूरे आगरा जोन के सभी जिलों से पुलिस फोर्स बुला लिया गया। एडीजी के आदेश पर आगरा, फिरोजाबाद, हाथरस, मैनपुरी, एटा, अलीगढ़ के अलावा दूसरे जोन कानपुर से भी पुलिस फोर्स बुलाया गया। आधा दर्जन से अधिक डिप्टी एसपी भी दूसरे जिलों से पहुंचे। वहीं थाने से लेकर गांव तक जगह-जगह दमकल वाहन खड़े रहे। काफी जद्दोजहद के बाद अंतिम संस्कार की सहमति बनी तो पुलिस ने राहत की सांस ली।

### प्रशासन ने दिया 3 लाख का चेक

डीएम सुधा वर्मा ने पल-पल जानकारी ली। एडीएम राकेश पटेल के माध्यम से पीड़ित परिवार को तीन लाख रुपये का चेक दिलाया। इसके अलावा आउट सोर्सिंग के माध्यम से मृतक के भाई जय शिव को नौकरी देने का भरोसा दिया है। ढाई बीघा जमीन का पट्टा दिया जा रहा है।


शव को अंतिम संस्कार को ले जाने के दौरान रोती बिलखतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

## पुलिस ने तरमीम की एफआईआर, तीन पुलिस कर्मी बनाए गए हत्या के आरोपी

- पहले से दो नामजद सहित अन्य अज्ञातों के विरुद्ध दर्ज था मामला, अब जांच में जुटी पुलिस

**कासगंज।** गौरव की मौत के बाद ग्रामीणों, परिजनों के आक्रोश के बीच गरमाती सियासत को देख पुलिस ने पैतरा बदला। कानून व्यवस्था कायम करने के उद्देश्य से मांगों को सहजता से माना। इतना नहीं किशोरी के पिता सहित दो नामजद आरोपियों के अलावा तीन पुलिस कर्मियों को हत्या का आरोपी बना दिया और पूर्व में दर्ज एफआईआर हत्या की धाराओं में तरमीम कर दी। पुलिस अब मामले की गहनता से जांच में जुट गई है।

नौ फरवरी को जब घटना हुई तो पुलिस ने किशोरी के पिता और एक अन्य रिश्तेदार को नामजद करते हुए अज्ञात पुलिस कर्मियों के विरुद्ध आत्महत्या के लिए प्रताड़ना देने की धाराओं एवं मानवाधिकार के उल्लंघन में एफआईआर दर्ज की थी। एएएसपी जितेंद्र कुमार दुबे जांच में जुटे, लेकिन वह किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पाए। दोनों पक्षों के अलावा पुलिस पक्ष को भी जाना। आईजी शलभ माथुर पल-पल की अपडेट लेते रहे। इस बीच जब युवक ने दम तोड़ दिया तो मामले में बड़ा बदलाव आया। सियासत तेज होती दिखी। हालात बनते बिगड़ते रहे। पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही की मांग की गई। अंततः बुधवार देर रात आरक्षी सिपाही शिवम दुबे, अमांपुर थाने के हमराह संजीव बालियान और थाने के मुंशी सोनवीर पर हत्या का आरोप लगाया गया। पूर्व में दर्ज एफआईआर में इन्हें नामजद कर हत्या का आरोपी बना दिया है। पुलिस अब मामले में जांच कर रही है। एएसपी जांच की मॉनीटिरिंग कर रहे हैं।

> तीन पुलिस कर्मियों को नामजद करते हुए एफआईआर हत्याओं की धाराओं में तरमीम की गई है। हर पहलू पर जांच की जा रही है। कानून व्यवस्था कायम रखना प्राथमिकता है। - **अपर्णा रजत कौशिक**, एसपी

> मृतक के भाई को नौकरी मिलेगी। चेक दे दिया गया है। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से भी राहत दिलाई जाएगी। प्रशासन पूरी तरह परिवार के साथ है और हर मदद करेगा। - **राकेश पटेल**, एडीएम

> मेरी ओर से मुख्यमंत्री को पत्र लिखा जा रहा है। पीड़ित परिवार को मैंने भरोसा दिया है कि उन्हें न्याय मिलेगा। भाजपा सरकार में किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। - **हरिओम वर्मा**, विधायक अमांपुर

# गांव में तड़तड़ाईं गोलियां तो सहमे लोग

- बचाव में आए भाई पर भी चलाई गोली, गंभीर हालत में रेफर
- सोरों क्षेत्र के गांव एवनपुर में हुई घटना, मौके पर पहुंची पुलिस


जिला अस्पताल में रोती बिलखती राघवेंद्र की बहन डौली। ● अमृत विचार

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव एवनपुर ताखरू में युवक की हत्या के बाद गांव में दहशत फैल गई। जिसने से घटना के बारे में सुना वह मौके की ओर दौड़ पड़ा। वहीं कई लोग गोली चलने की आवाज सुनकर घरों की ओर भाग खड़े हुए। घटना के बाद गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है। वहीं घटना के बाद मृतक की बहन डौली व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

गांव एवनपुर ताखरू निवासी वीरेश ने खेत में पानी लगाने को लेकर हुए विवाद के बाद छोटे भाई अवधेश के पुत्र राघवेंद्र को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। वहीं अवधेश भी गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अलीगढ़ रेफर किया गयाा है।

**मची रही भगदड़, बना दहशत का माहौल :** खेत पर ताबड़तोड़ गोलियां चल रही हैं। आवाज सुनकर गांव में दहशत फैल गई। जैसे ही चाचा द्वारा भतीजे को गोली मारकर मौत के घाट उतारने और भाई को घायल कर देने की खबर गांव में फैली तो गांव से खेत तक भगदड़ मच गई। पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। लोग डर सहम गए और तरह तरह की चर्चाएं करते रहे।

**गांव में पुलिस बल तैनात :** गांव में तनाव के हालात हैं। ऐसी स्थिति में पुलिस को सतर्कता बरतनी पड़ रही है। गांव में सोरों कोतवाली पुलिस तैनात कर दी गई। जो पूरे गांव ही गांव में निगरानी कर रही है।

> चाचा ने भाई और भतीजे के गोली मारी है। भतीजे की मौत हो गई। भाई घायल है। मामले में तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। आरोपी फरार है उसकी तलाश कर रहे हैं। - **भोजराज अवस्थी**, इंस्पेक्टर सोरों

### कार की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**कासगंज।** सोरों कोतवाली क्षेत्र में प्रहलादपुर-गंगागढ़ मार्ग पर साइकिल चालक को तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मार दी। जिससे गंगागढ़ निवासी साइकिल चला रहे 55 वर्षीय लटूरी पुत्र रामप्रसाद घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें जिला अस्पताल ले गए। जहां से उन्हें अलीगढ़ रेफर किया गया है। मामले में अभी कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

# युवक की मौत पर सियासत, सपा जिलाध्यक्ष नजरबंद

- गांव में दिल्ली से पहुंचा युवा दलित नेता, रात भर करता रह जद्दोजहद
- बसपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में बसपाइयों एवं भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष ने भी दी सांत्वना


पीड़ित परिवार को सांत्वना देतीं महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष दिव्या शर्मा।


कासगंज आवास विकास में सपा जिलाध्यक्ष विक्रम यादव को उनके घर में नजरबंद करती पुलिस।

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** पुलिस अभिरक्षा में आत्महत्या का प्रयास करने वाले युवक की मौत का मामला तूल पकड़ गया। इसे लेकर सियासत तेज हो गई। विपक्षियों दलों के नेताओं के घरों पर पुलिस का पहरा लग गया। किसी तरह बसपा जिलाध्यक्ष, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष, कांग्रेस महिला कमेटी की टीम गांव में पहुंच गई। जबकि सपा जिलाध्यक्ष को घर में ही नजरबंद कर दिया गया। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता के अलावा पूर्व राज्यमंत्री ने भी इस मामले में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

युवक की मौत के बाद सभी राजनैतिक दल सक्रिय हो गए और भाजपा सरकार पर निशाना साधने लगे। गांव में पहुंचने की तैयारी की। खुफिया रिपोर्ट मिलने पर पुलिस अलर्ट हो गई जिससे कि माहौल न बिगड़े, लेकिन पुलिस की सक्रियता के बाद भी बसपा जिलाध्यक्ष डीपी राना, महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष दिव्या शर्मा, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष विशाल कुमार गांव में पहुंच गए। जबकि सपा जिलाध्यक्ष विक्रम यादव को उनके घर में ही नजर बंद कर दिया गया। हालांकि दोपहर को अंतिम संस्कार के बाद माहौल शांत दिखाई दिया, लेकिन राजनैतिक दलों के नेताओं ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की।


> यह घटना बेहद निंदनीय है। पुलिस ने प्रताड़ना दी। जिससे युवक की मौत हो गई। बहुजन समाज पार्टी की मांग है कि पीड़ित युवक के परिजन को एक नौकरी दिलाई जाए एवं अन्य मांगें पूरी की जाएं। - **डीपी सिंह राना** बसपा जिलाध्यक्ष


> परिवार को न्याय दिलाने का काफी प्रयास किया। अधिकारियों से वार्ता की गई, लेकिन सत्ताधारी दल के विधायक ने अपना हस्तक्षेप किया। उसके बावजूद पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला। - **दिव्या शर्मा**, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस कमेटी


> एक खराब माहौल तैयार हुआ है। जो समाज के लिए नहीं बल्कि पूरे देश के लिए घातक है। थाने में कभी अल्पसंख्यकों की हत्या होती है तो कभी दलितों को मारा जाता है। इस मामले की सीबीआई जांच की मांग समाजवादी पार्टी करती है। - **विक्रम यादव**, जिलाध्यक्ष सपा


> पुलिस हिरासत में आत्महत्या का प्रयास करने के आरोपी को पुलिस ने प्रताड़ना दी, जिससे उसकी मौत हुई। हमारी मांग है कि आरोपी पुलिस कर्मियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। -**अब्दुल हफीज गांधी**, राष्ट्रीय प्रवक्ता सपा


> पुलिस समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं की आवाज को दबाना चाहती है। इसीलिए सपा नेताओं को घरों में ही नजर बंद कर दिया गया। यह सब सोची समझी साजिश है। जो सरकार के इशारे पर रची जा रही है। - **मानपाल सिंह**, पूर्व राज्यमंत्री सपा

# हाईटेंशन तार की चपेट में आने से चली गई किसान की जान

- परिजनों ने बिजली विभाग पर लगाया लापरवाही का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** सहावर तहसील क्षेत्र के गांव दीपपुर में खेत पर कृषि कार्य करने गए किसान की हाईटेंशन तार की चपेट में आकर मौत हो गई। घटना से गुस्साए परिजनों ने बिजली विभाग के विरुद्ध आक्रोश जताया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। किसान की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

गांव दीपपुर निवासी जसवीर(32) गुरुवार सुबह खेत पर चलते ट्रैक्टर ट्रॉली पर खड़े हुए थे। इसी दौरान वह काफी नीचे लटक रहे हाईटेंशन लाइन के तार की चपेट में गए और उन्हें तेज झटका लगा, जिससे वह दूर जा गिरे। आसपास खेतों में कार्य कर रहे लोगों ने देखा तो बचाव के लिए दौड़े। उपचार के लिए उन्हें जिला अस्तपाल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने परिजनों से घटना की जानकारी ली। ग्रामीण मनोज कुमार ने बताया कि विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ है। यदि विभाग नीचे लटके तारों को समय रहते सही करा देता तो शायद किसान की मौत न होती। इधर इस मामले में बिजली विभाग के किसी अधिकारी से संपर्क नहीं हुआ है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों की मांग है कि बिजली विभाग के लापरवाहों पर कार्रवाई होनी चाहिए और किसान को मुआवजा मिलना चाहिए। मृत किसान पर चार पुत्रियां हैं। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया है। नियमानुसार विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# राज्य मंत्री ने असीम अरुण लोस चुनाव पर किया मंथन

**एटा, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव के लिए मंथन करने सोमवार को प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण पहुंचे। उन्हें भाजपा ने एटा, अलीगढ़, हाथरस एवं मथुरा लोकसभा का क्लस्टर प्रभारी बनाया है। एटा और कासगंज के पार्टीजन को शामिल कर उन्होंने 69 सदस्यीय लोकसभा प्रबंधन समिति बनाई, जो चुनाव संबंधी गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

भाजपा जिला कार्यालय पर एटा लोकसभा की कोर कमेटी टीम और लोकसभा प्रबंध समिति की बैठक में राज्यमंत्री ने कहा कि प्रचार सामग्री सभी जिलों में भेजी जानी है। इसको लगवाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। साथ ही सोशल मीडिया सेल पर विशेष रूप से काम किया जाए। बैठक को सांसद राजवीर सिंह राजू भैया, जिलाध्यक्ष संदीप जैन, मारहरा विधायक वीरेंद्र सिंह लोधी, एमएलसी आशीष यादव आशु आदि मौजूद रहे।

# कटे कनेक्शन जोड़ कर रहे थे बिजली चोरी, होगी रिपोर्ट

- चेकिंग के दौरान 10 उपभोक्ता विद्युत चोरी करते किए गए चिह्नित

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग द्वारा विद्युत चोरी रोकने और बकाए की वसूली के लिए गुरुवार को चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 10 ऐसे उपभोक्ता चयनित किए गए जो कटे संयोजन को जोड़कर बिजली का उपयोग कर रहे थे। अवर अभियंता ने इन उपभोक्ताओं के विरुद्ध तहरीर दी है।

नदरई के अवर अभियंता प्रवेश कुमार के नेतृत्व में विभागीय टीम ने जिला एटा के थाना मारहरा के गांव गहराना में चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत विद्युत का चोरी कर उपयोग करते हुए ओमवती, शीला देवी, कुसमा देवी, प्रीति, मानवेंद्र, मुनीशा, सुशीला देवी, आशा देवी, सुधीर, वीरेश को चिन्हित किया गया। अवर अभियंता ने बताया कि इन सभी उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेद किए जा चुके थे। चेकिंग के दौरान पाया गया कि उपभोक्ताओं ने कटे विद्युत कनेक्शनों के जोड़कर विद्युत सुचारू कर रखी थी। उन्होंने सभी के विरुद्ध तहरीर दी गई है।

### छूटे हुए विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षा आज

**एटा।** जिले में 2 से 9 फरवरी तक इंटरमीडिएट के विज्ञान वर्ग के अलावा भूगोल, गृहविज्ञान सहित अन्य की प्रयोगात्मक परीक्षाएं हुई थी। इस दौरान बड़ी संख्या में परीक्षार्थी परीक्षा देने से छूट गए थे। अब छूटे हुए विद्यार्थियों को एक और मौका दिया जा रहा है। डीआईओएस चंद्रकेश सिंह ने बताया शुक्रवार को जीआईसी एटा में भौतिक विज्ञान व भूगोल, जीजीआईसी में रसायन विज्ञान के साथ गृह विज्ञान, श्रीरामबाल भारती में जीव विज्ञान की परीक्षा कराई जाएगी।

# पुलिस भर्ती परीक्षा कराने के लिए केंद्र प्रभारियों को दिया प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** आगामी 17 और 18 फरवरी को आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा के लिए तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। जनपद में कुल 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिन पर 12264 अभ्यर्थी प्रति पाली शामिल होंगे। जिसके लिए सभी नियुक्त केंद्र प्रभारियों, रूट मैनेजर और ट्रांसपोर्ट मैनेजर को स्मार्ट एलईडी के माध्यम से परीक्षा को लेकर प्रशिक्षण दिया गया।

गुरुवार को श्री गणेश इंटर कॉलेज सोरों रोड कासगंज में पुलिस भर्ती परीक्षा को सफलता पूर्वक संपन्न कराने हेतु बारीकियां समझाई गईं। प्रशिक्षण के दौरान जिला प्रबंधक डॉ. जयंत गुप्ता ने कहा कि सभी केंद्र प्रभारी पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण लेकर परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। उन्होंने बताया की सीलिंग संबंधी समस्त कार्य सीसीटीवी की निगरानी में ही किया जाएगा। पीपीटी के माध्यम से अभिषेक पांडे ने सभी को प्रशिक्षित किया। वही सभी केंद्रों के रूट प्रबंधक और ट्रांसपोर्ट मैनेजर को भी परीक्षा सामग्री को समय से पहुंचाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। संचार व्यवस्था के इंचार्ज अपूर्व भारद्वाज ने भी परीक्षा केंद्र पर अपने द्वारा की गई व्यवस्थाओं के बारे में बताया। पुलिस भर्ती परीक्षा के नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि जनपद के 25 केंद्रों को 3 जोन और 8 सेक्टर में बांटा गया है। इस दौरान मदनचंद्र राजपूत, भगवती प्रसाद, आलोक प्रताप, प्रियंका सिंह, अंशिका गुप्ता, राज बहादुर सिंह, देवेंद्र प्रताप मिश्र, प्रशांत वार्ष्णेय, दीपक मिश्र, अतुल वार्ष्णेय, तरुण पांडे, डॉ स्वेता सिंह, सौरभ माहेश्वरी सहित काफी संख्या में प्रभारी मौजूद रहे।

- सीसीटीवी की निगरानी में ही होगी सील पैकिंग


श्रीगणेश इंटर कॉलेज में पुलिस भर्ती परीक्षा के लिए केंद्र प्रभारियों को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त
ताकत
व
रुकावट
प्राप्त करें
शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान
रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीध्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीध्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीध्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध
YouTube पर Search करें
गोल्ड मेडेलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया
बरेली
9837023223

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षो का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

खून के आंसू

हकीम जहीर अहमद
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, निःसंतान रोगी (नशा छुड़वायें), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दो का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीबी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693

# घर में फंदे से लटका मिला महिला का शव

संवाददाता, सोरोंजी

▸▸ पिता ने जताई पुत्री की हत्या की आशंका

**अमृत विचार :** सोरों कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदनगर में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शव घर के कमरे में ही पंखे पर झूलता मिला है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पिता ने पुत्री की हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की है।


मृतका मंजू।

गांव फरीदनगर 28 मंजू पत्नी उमेश का शव घर के कमरे में पंखे पर लटका मिला। जब ससुरालीजनों ने शव लटका देखा तो उनके पैरों से जमीन खिसक गई। परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया। घटना के संबंध में परिजनों और ग्रामीणों से पूछताछ की है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जिला बदायूं के उझानी निवासी मृतका मंजू के पिता सोन पाल ने हत्या की आशंका व्यक्त की है। बताया जाता है कि मंजू का पति बीते तीन वर्षों से हत्या एक मामले में जिला कारागार में निरुद्ध है। बुधवार को वह पेशी के लिए न्यायालय आया हुआ था। मंजू उससे मिलकर भी आई थी। घटना को लेकर चर्चा है कि मंजू ने आत्महत्या की है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है। मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है।

# काली नदी पुल के समीप मिला लापता वृद्ध का शव


हजारा नहर के नीचे जमा लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ पुलिस प्रथम दृष्टया मान रही आत्महत्या का मामला

**अमृत विचार :** बुधवार से लापता नदरई के वृद्ध का शव हजारा नहर में झाल के पुल के नीचे काली नदी के समीप मिला है। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हालांकि काफी देर तक पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्रथम दृष्टया आत्महत्या का मामला माना जा रहा है।

बुधवार की शाम लगभग पांच बजे गांव नदरई निवासी 60 वर्षीय हनीफ पहलवान बाइक से कहीं जाने के लिए घर से निकले थे। रात भर घर नहीं लौटे। परिजन उनकी तलाश करते रहे। सूचना पुलिस को दी। गुरुवार की सुबह लगभग नौ राहगीरों ने नदरई झाल के पुल के समीप शव पड़ा देखा तो सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव की शिनाख्त के प्रयास किए। इधर जब नदरई में लापता वृद्ध के परिजनों को सूचना दी गई तो परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शिनाख्त हनीफ के रूप में की। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

> बुधवार से वृद्ध लापता था। उसकी तलाश की जा रही थी। उसका शव मिला है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
> – सुधीर कुमार सिंह, इंस्पेक्टर

**सीमा विवाद में उलझी ढोलना और कासगंज पुलिस :** ढोलना और कासगंज पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। कासगंज पुलिस घटना स्थल ढोलना थाना क्षेत्र का बता रही थी जबकि ढोलना पुलिस घटना स्थल कासगंज में बता रही थी। हालांकि काफी देर बाद कासगंज पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही करते हुए शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# दिव्यांगजन को दिया जाए योजनाओं का लाभ


दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल वितरित करते सांसद राजवीर सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

▸▸ जिले के 14 अमृत सरोवरों का भी किया लोकार्पण

**अमृत विचार :** विकास भवन सभागार में गुरुवार को दिव्यांगजनों को दिव्यांग उपकरणों का वितरण किया गया। सांसद ने चयनित दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल एवं अन्य उपकरण वितरित किए। सांसद द्वारा 14 अमृत सरोवरों का लोकार्पण भी किया गया। उपकरण पाकर दिव्यांगजनों के चेहरों पर मुस्कान दिखाई दी।

सांसद राजवीर सिंह ने कहा कि दिव्यांगता शारीरिक विषमता होती है। यह कोई अभिशाप नहीं है। दिव्यांगजन हौसलों से आज बहुत आगे बढ़े हैं। एक सामान्य व्यक्ति जो हासिल नहीं कर सकता वह दिव्यांगजनों ने करके दिखाया है। उन्होंने दिव्यांगजनों के लिए कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में 98 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, पांच व्हील चेयर, पांच श्रवण यंत्र तथा 10 जोड़ी बैसाखियां वितरित कीं। कार्यक्रम में जिले के 14 नवनिर्मित अमृत सरोवरों की पट्टिकाओं का अनावरण कर लोकार्पण भी किया। विधायक सदर देवेंद्र राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, सीडीओ सचिन, जिला विकास अधिकारी संजय कुमार, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुरेश चंद्र मौजूद रहे।

**यहां बने अमृत सरोवर**

मनरेगा द्वारा बनवाए गए इन अमृत सरोवरों में विकास खंड कासगंज की ग्राम पंचायत भड़पुरा भरसौली, कुतुबपुर, विकास खंड सिढ़पुरा की ग्राम पंचायत नाथपुर कमालपुर, धुबियाई, विकास खंड सोरों की ग्राम पंचायत हरनाथपुर उर्फ नगला मोती, होडलपुर, विकास खंड सहावर की ग्राम पंचायत लखीमपुर विशाल सिंह, गढ़का, विकास खंड अमांपुर की ग्राम पंचायत वजीरपुर, सैमरा मोर्चा तथा विकास खंड गंजडुंडवारा की ग्राम पंचायत घबरा एवं सनौढ़ी खास, विकास खंड पटियाली की ग्राम पंचायत नगला आशानंद व हथौड़ा वन में अमृत सरोवर सम्मिलित हैं।

## एक नजर

### पॉक्सो एक्ट का वांछित आरोपी गिरफ्तार

कासगंज। पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित चले आ रहे आरोपी को सदर कोतवाली के एसएसआई उपेंद्र सिंह चौहन ने गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी गोपाल निवासी गांव बाहिदपुर खालसा को पूछताछ के बाद जेल भेजा है।

### सट्टे की खाईबाड़ी करते युवक गिरफ्तार

कासगंज। गंजडुंडवारा थाने के उपनिरीक्षक आशीष कुमार ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मौके से 3080 रुपये की नगदी और सट्टे की पर्चियां बरामद हुई हैं। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि आरोपी अनवर निवासी मुहल्ला पश्चिम थोक कस्बा गंजडुंडवारा के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायलय में पेश किया है। जहां से उसके विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही हुई है।

### एसजीएम स्कूल का वार्षिकोत्सव आज

सोरोंजी। तीर्थनगरी के चंदन चौक स्थित एसजीएम जूनियर हाईस्कूल का वार्षिकोत्सव 16 फरवरी को मनाया जाएगा। वार्षिकोत्सव दोपहर दो बजे से हरि की पौड़ी स्थित पर्यटक आवास गृह में आयोजित होगा। स्कूल प्रबंधक श्रीभगवान उपाध्याय ने अभिभावकों से वार्षिकोत्सव में सम्मिलित होने की अपील की है

### पिस्टल सहित एक गिरफ्तार

कासगंज। सदर कोतवाली पुलिस ने मिली सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक पिस्टल 32 बोर बरामद हुई है। इंस्पेक्टर सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी विशाल निवासी गांव देवरी कोतवाली कासगंज को को जेल भेज दिया गया।

# मानपाल की हत्या में दो आरोपी गिरफ्तार

## गांव कठौली में बुधवार को कर दी गई थी हत्या, कड़ी सुरक्षा में हुआ अंतिम संस्कार


गांव में मौजूद पुलिस बल। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव कठौली में बुधवार की सुबह करीब 10 बजे मानपाल सिंह यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। शाम को पोस्टमार्टम के बाद गांव में शव पहुंचा तो चीत्कार मच गया। कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कराया गया। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस टीम को तैनात किया गया है। छह नामजद हत्यारोपियों में से पुलिस किसी को भी नहीं पकड़ सकी है।

मानपाल की हत्या करने वाले नामजद आरोपियों के घरों पर गुरुवार को भी ताले लटक रहे। सभी आरोपी फरार हैं। सूत्रों की मानें तो तीन महिलाओं को पुलिस ने पकड़ लिया है और अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिशें दी जा रही हैं। वहीं गांव में सुरक्षा की दृष्टि से एक उप निरीक्षक, चार आरक्षी और क्यूआरटी को लगाया गया है।

**गांव में दहशत का माहौल :** पुलिस फोर्स की मौजूदगी के बाद भी ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है। इसको लेकर गुरुवार को भी थाना प्रभारी नित्यानंद पांडेय ने गांव में भ्रमण कर पीड़ित पक्ष के लोगों को सांत्वना दी और डर व दहशत को दूर करने के लिए पैदल मार्च भी किया। इसके साथ ही आश्वस्त किया कि डरने की जरूरत नहीं है। अपराधियों पर गैंगस्टर और गुंडा अधिनियम की कार्रवाई की जाएगी।

### तीन आरोपी अभी फरार


हिरासत में आरोपी यादवेंद्र उर्फ जितेंद्र सोलंकी और सुरेंद्र।

एटा। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव कठोली में बुधवार को मानपाल यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गयी और पुष्पा देवी पत्नी वेदराम यादव घायल हो गई। पुलिस ने धर्मेंद्र सोलंकी, यादवेंद्र उर्फ जितेंद्र सोलंकी, विजेंद्र सोलंकी पुत्र चंद्रपाल, सुरेंद्र, गुड्डू उर्फ सत्येंद्र पुत्र राजपाल, प्रफुल्ल प्रताप उर्फ जैकब पुत्र सुरेंद्र निवासी ग्राम कठौली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। गुरुवार को पुलिस ने यादवेंद्र उर्फ जितेंद्र सोलंकी और सुरेंद्र पुत्र राजपाल को कठौली चौराहे पर डीपी इंटर कॉलेज के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर घटना प्रयुक्त असलहा को बरामद किया गया है।

## स्वास्थ्य कर्मियों को शासन को देना होगा संपत्ति का ब्योरा

**एटा, अमृत विचार:** स्वास्थ्य विभाग के में कार्यरत सभी चिकित्सकों सहित कर्मचारियों को मानव संपदा पोर्टल से जोड़ा गया है। स्वास्थ्य विभाग में 42 चिकित्सक तैनात हैं। इसके अलावा 433 लिपिक, लैब टैक्नीशियन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आदि तैनात हैं।

इन सभी कर्मियों को मानव संपदा पोर्टल से जोड़ा गया है। अब शासन से कर्मियों सहित चिकित्सकों की चल-अचल संपत्ति का ब्योरा मांगा गया है। इससे विभाग के चिकित्सकों सहित कर्मचारियों में बैचेनी है। सभी को जल्द से जल्द विवरण देने की बात कही गई है। गुरुवार को कार्यालय पर कर्मी चल अचल-संपत्ति का विवरण देने को लेकर आपस में बात करते रहे। सीएमओ डॉ. उमेश त्रिपाठी ने बताया शासन से चिकित्सक सहित सभी कमियों का विवरण मांगा गया है।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का तृतीय एक दिवसीय शिविर संपन्न



जलेसर। नगर के मां गायत्री आर्य कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का तृतीय एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने विद्यालय परिसर में साफ सफाई स्वच्छता अभियान चलाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन वर्मा ने छात्राओं से आह्वान किया के स्वच्छता अभियान महाविद्यालय तक सीमित ना रहे। सभी छात्राएं अपने घरों नाते रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों को स्वच्छ भारत मिशन की जानकारी दें एवं उन्हें स्वच्छ भारत मिशन में जोड़ें ताकि भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार के मिशन को गति मिल सके। शिविर का संचालन प्रोफेसर कीर्ति सिंह एवं सहायक प्रोफेसर महेश गौतम ने किया। शिविर में 100 छात्राओं ने भाग लिया।

### विधायक ने महाविद्यालय में बांटे 136 स्मार्टफोन



जलेसर। विधायक संजीव दिवाकर ने अवागढ़ के डॉ. गिरीश चंद्र रमा महाविद्यालय में 136 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जो कहती है बह करती है। मुख्यमंत्री आदि योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा चुनावों के दौरान प्रदेश के युवाओं से वायदा किया था कि उनकी सरकार बनेगी तो छात्रों को स्मार्टफोन वितरित किए जाएंगे उसे सरकार ने पूरा किया है। इस दौरान अवागढ़ टाउन एरिया अध्यक्ष महेश पाल सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल सिंह, सनी गुप्ता, पंकज गुप्ता, गिरीश चंद्र, आकाशदीप आदि मौजूद थे।

### ब्रह्मपुरी में हुआ रामचरित मानस का अखंड पाठ



सोरोंजी। मां भद्रकाली शक्तिपीठ धाम ब्रह्मपुरी में गुरुवार को तुलसीकृत रामचरित मानस के अखंड पाठ का आरंभ हुआ। धार्मिक अनुष्ठान का आरंभ समाजसेवी दिनकर राव चतुर्वेदी ने रामचरित मानस का पूजन कर किया। संत दुर्गासा गिरि एवं पंडित चंद्रशेखर वशिष्ठ ने विधि-विधान पूर्वक पूजन कराया। नीरज कुमार भारद्वाज, रमाकांत मिश्र, अंकुर मिश्र, मदन भारद्वाज, रामकिशोर, सुनील भारद्वाज, अभय भारद्वाज, यतेन्द्र, भोला शंकर, कृष्णकांत, नीतेश भारद्वाज, सोनू मिश्रा, मोनू मिश्रा, अनुज मिश्रा, शिवम उपाध्याय, अनमोल भारद्वाज, अंकित, प्रभाकर कृष्ण, विमला देवी, संजू भारद्वाज, लक्ष्मी देवी, नारायण जी, अनिरुद्ध दीक्षित मौजूद रहे।

### कॉलेज में पुस्तकालय का आरंभ, मेधावी हुए पुरस्कृत



जलेसर। एमजीएम इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ. रामदास अग्रवाल ने कॉलेज के पुस्तकालय के आरंभ फीता काटकर किया। इसके बाद विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं शिक्षण कार्य में उच्च स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार का वितरण किया गया। सेठ बेनीराम अग्रवाल स्वर्ण पदक घनेंद्र पाल सिंह को, त्रिवेणी देवी अग्रवाल स्वर्ण पदक खुशबू राजपूत को, ठाकुर खुशाल सिंह स्वर्ण पदक हर्ष कुमार को, बालवीर प्रसाद जैन सामान्य पुरस्कार सीनियर वर्ग फूल सिंह को, जूनियर वर्ग में सक्षम यादव एवं इंटर में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने के लिए सुमन भारती को पुरस्कृत किया गया। वहीं अन्य पुरस्कार नितिन कुमार, ज्योति कुमारी, प्रतीक कुमार, कल्पना देवी, सपना, पायल, दिशा, भारती, देव गौतम, गरिमा, संदेश को विद्यालय के प्रबंधक डॉ. रामदास अग्रवाल, प्रधानाचार्य अचल सिंह एवं अन्य शिक्षकों द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. श्याम बिहारी तिवारी ने किया। इस दौरान प्रमोद कुमार जैन, विष्णु गोपाल दीक्षित, सुनील दीक्षित, एके मौर्य, जगमोहन सिंह, मुकेश शर्मा, सुधा गुप्ता, मोहन स्वरूप, मोहित बंसल, मोहम्मद आरिफ, अजीत सिंह, प्रतीक कुमार, संजीव मौर्य आदि शिक्षक, अभिभावक और विद्यार्थी मौजूद थे।

### गेंहू की फसल रसायन स्प्रे कर की बर्बाद

जैथरा। कस्बा से लगे जैथरा पिंजरी मार्ग के एक विवादित आठ बीघा गेहूं की खड़ी फसल में अज्ञात लोगों ने रसायन का छिड़काव कर जला दी है। खेत के मालिक ब्रजेश कुमार ने आरोप लगाया है कि उसका महावीर, जितेन्द्र पुत्र रामसिंह, पंकज पुत्र महावीर निवासी न. रंधीर थाना जैथरा, मनोज पुत्र राजेन्द्र निवासी जैथरा से विवाद है। खेत को लेकर न्यायालय से स्थगन आदेश है और कब्जा भी उसी का है। आरोप है कि आरोपियों ने रसायन स्प्रे कर फसल नष्ट की है। घटना की जांच कर रहे एसआई देवेन्द्र कुमार ने बताया कि एनसीआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

## युवती को ले गया दूसरे समुदाय का युवक, थाने पर हंगामा

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** थाना पिलुआ क्षेत्र से एक युवती को गैर समुदाय का युवक 13 फरवरी की रात में ले गया। बुधवार को युवती के पिता ने युवक सहित उसके 4 परिजन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपी की ओर से युवती को ले जाने के चलते गुरुवार को काफी संख्या में लोग थाने पर पहुंचे और आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी कर युवती को तलाशने की मांग की। युवती के पिता ने गांव के ही उस्मान पर बेटी को ले जाने और मां अन्नो, आसिब और दिलशाद के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। इधर, युवती को ले जाने की जानकारी गांव के लोगों को हुई तो भाजपा के पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद यादव के नेतृत्व में काफी संख्या में लोग गुरुवार की सुबह थाने पर पहुंच गए। आरोप लगाते हुए कहा कि गैर समुदाय के युवक लड़कियों को ले जा रहे हैं। पहले भी गांव की लड़की को दूसरे समुदाय का युवक ले गया था और अब उसे गांव में ही रख रहा है। अगर पहले विरोध किया जाता तो आज फिर से एक लड़की के साथ ऐसा नहीं होता। लड़की की मार्च में शादी तय है। बताया कि शुक्रवार की सुबह तक पुलिस ने बरामद करने का समय दिया है। अगर लड़की बरामद नहीं की जाती है तो आगे की रणनीति आज तय की जाएगी।

▶▶ पिता ने युवक समेत चार लोगों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

सीओ सदर अमित राय बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। युवक की रिश्तेदारी आदि संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। युवती की बरामदगी के लिए टीमें काम कर रही हैं।

### कासगंज में रोजगार मेला 20 को

कासगंज। जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा 20 फरवरी को वीके जैन प्राइवेट आईटीआई परिसर बाईपास रोड गोराहा में रोजगार मेला लगाया जाएगा। जिसमें विभिन्न कंपनियां लगभग 378 रिक्त पदों पर 18 से 35 वर्ष आयु के हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, स्नातक, आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के आधार पर चयन करेंगी। सहायक सेवायोजन अधिकारी एस मित्तल ने बताया है कि रोजगार मेले में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थी अपना पंजीकरण पोर्टल पर कराकर इच्छित कंपनी में ऑनलाइन आवेदन करें।

## पुलवामा हमले की बरसी पर निकाला कैंडल मार्च


सैनिकों की याद में कैंडल मार्च निकालते हिन्दू एकता समूह के पदाधिकारी।

संवाददाता अवागढ़

**अमृत विचार:** पुलवामा अटैक की बरसी पर बुधवाार को नगर में हिन्दू एकता समूह द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। कार्यकर्ता कैंडल हाथों में लेकर नारेबाजी करते हुए रोडवेज तिराहा, मुख्य बाजार, शिव मंदिर, बाराहद्वारी तक गए।

हिन्दू एकता समूह के संस्थापक शुभम हिन्दू ने कहा कि सभी सनातनियों को सैनिकों के बलिदान को याद करना चाहिए एवं 14 फरवरी को बलिदान दिवस, मातृ पितृ पूजन दिवस, बसंत पंचमी मनाना चाहिए। इस मौके पर संगठन उपाध्यक्ष अतुल, कोषाध्यक्ष मुकेश फौजी, सोनू महाकाल, गौ सेवा प्रमुख वीरेश, जिला सचिव प्रशांत, जिला उपाध्यक्ष मयंक, नगर अध्यक्ष दुष्यंत शर्मा, कृष्णा, आदित्य, अजय, निशांत, इशांत, शिवम, अंकुश, राहुल, अंशु, निखिल, संगम,सुभाष, विशाल, रामू, अभिषेक, गोलू, ऋषभ, आदि गौ सेवक थे।

## मेधावियों को सम्मानित करना समाज की नैतिक जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


प्रतियोगिता की विजयी छात्रा को मेडल व प्रशस्ति पत्र देते अतिथि।

**अमृत विचार :** स्वामी ब्रह्मानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को गुरुवार को बाबूपुर खुशकरी के सार्वजनिक इंटर कॉलेज में हुए पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। अतिथियों ने प्रतियोगियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

विद्या भारती झारखंड के क्षेत्रीय संगठन मंत्री ख्यालीराम ने पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का आरंभ मां वाणी के चित्र समक्ष दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर अर्जुन की तरह लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आशीषवचन कहते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्या भारती के प्रांतीय कोषाध्यक्ष जितेंद्र ने भी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम के संयोजक एवं लक्ष्य के प्रदेश उपाध्यक्ष रामचंद्र वर्मा ने कहा कि लक्ष्य संस्था ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभागियों को निखारने की कार्य कर रही है। सार्वजनिक इंटर कॉलेज के प्रबंधक आर्यन लोधी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रतियोगिता प्रथम विजेता सौम्या लोधी, द्वितीय स्थान पर रहे मयंक लोधी एवं तृतीय स्थान पर रही दीक्षा लोधी सहित 419 प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र सिंह लोधी ने किया। मदन राजपूत, सरिता राजपूत, आरियेंद्र लोधी, विजय किशोर वर्मा, हाकिम सिंह वर्मा,भोजराज सिंह, करन सिह, पदमेश लोधी, अनार सिंह, अरविंद कुमार, डा विक्रम सिंह राजपूत, लोकेन्द्र आर्य, विनोद, रामपाल, डालचंद्र लोधी, ठाकुर दास वर्मा, रामभरोसे, योगेश कुमार मौजूद रहे।

▶▶ सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के 419 मेधावियों को किया गया पुरस्कृत

### हजरत इब्राहिम साहब की दरगाह के अध्यक्ष बने बबलू पहलवान

जलेसर। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के विधि अधिकारी अब्दुल मोबिन खां द्वारा दरगाह सैयद इब्राहिम शहीद के अध्यक्ष पद पर मोइनुद्दीन उर्फ बबलू पहलवान पुत्र अमीनुद्दीन खान, उपाध्यक्ष पद पर वकील अख्तर, सचिव पद पर जाहिद खान, सहायक सचिव सोहेल एवं सदस्य पद पर महबूबुर रहमान, शकील खान, फरमान खान, मोहम्मद अकरम, चांद मियां, गुलाम अहमद, आसिफ खान को मनोनीत किया है। उक्त कमेटी न्यायालय के आदेश पर तीन वर्ष के लिए गठित की गई।

## भक्तों की लाज रखना बाबा श्याम हमारे...

कार्यालय संवाददाता, कासगंज


एक शाम श्याम बाबा के नाम कार्यक्रम में भजनों पर झूमते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में श्रीश्याम सेवा मंडल द्वारा एक शाम बाबा श्याम के नाम कार्यक्रम मुहल्ला नाथूराम में हुआ। कलाकारों ने भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में श्रद्धालु धार्मिक भजनों पर झूमे। श्याम बाबा की जय-जयकार से वातावरण गुंजायमान हुआ।

कार्यक्रम का आरंभ आयोजक आशीष पल्तानी एवं श्याम भक्तों ने बाबा की ज्योति जलाकर किया। फिर शुरू हुआ भजनों का सिलसिला तो कलाकारों ने भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा की गुणगान किया। कलाकारों द्वारा भक्तों की लाज रखना बाबा श्याम हमारे, हारे का सहारा बाबा श्याम हमारे, बाबा हैं तो किस बात का डर है, दानी है श्याम बाबा, जग में नाम प्यारा आदि भजनों को गाकर वातावरण को भक्तिमय बनाया। धार्मिक भजनों पर श्रद्धालु झूमे। श्रोताओं की मांग पर कलाकारों ने कजरा रे कजरा रे, काले काले तेरा नैना भजन को गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के समापन आरती उतारी गई, प्रसाद वितरण किया गया। यहां विशाल गुप्ता महक गोयल ललित बिड़ला सचिन जैन, आशीष पल्तानी, मनोज शर्मा, ललित वार्ष्णेय,मोहन वार्ष्णेय, रवि जोशी, राजेंद्र स्वर्णकार, सक्षम जैन विकास गुप्ता, अतुल जैन, बंटू ठाकुर, विपिन गुप्ता, धीरज सक्सेना, रजनीश वार्ष्णेय, उमा शंकर सोमानी, नितिन गुप्ता, पन्नालाल वार्ष्णेय, मनीष भारद्वाज, कुलदीप साहू, अनुराग माहौर, शैलू पंडित,आशीष वार्ष्णेय, तुषार गोयल, अंजली पल्तानी, पल्लवी गुप्ता, मीना बिड़ला, मीनू वार्ष्णेय,सृष्टि जैन, नीलम राठी, रतिका बिड़ला, अंजना सक्सेना, शालिनी गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, ममता सौमानी, मीनाक्षी वार्ष्णेय, राखी वार्ष्णेय मौजूद रहीं।

▶▶ वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में एक शाम श्याम बाबा के नाम हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शैल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 26 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्री यशी अग्रवाल को गलत आचरण व दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। रीता अग्रवाल पत्नी स्व. श्री पवन अग्रवाल निवासी गंगन विहार निकट तालाब वीर सावरकर नगर, बरेली

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र करन गौतम को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। बृजेश गौतम व आशा गौतम निवासी उझानी, बदायूँ।

बिकाऊ है
एक प्लाट 611 गज मोहल्ला वाकरजई में जिसका मैं अकेला मालिक हूँ। वास्तविक खरीददार ही सम्पर्क करें।
विजय बहादुर सिंह
नि.मो. वाकरजई
मो.नं. 9838260328

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

नेशनल फ्लोरबॉल चैंपियनशिप में यूपी की टीम को गोल्ड दिलाने वाली इशिका का इरादा अब राष्ट्रीय टीम में खेलने का

# वेरी-वेरी स्पेशल इशिका... आईक्यू 40... पदक 18

शब्या सिंह तोमर, बरेली



**अमृत विचार :** इशिका कोचर का आईक्यू स्तर 40 प्रतिशत है लेकिन हौसला इतना लाजवाब है कि राज्य और राष्ट्रीय स्तर की वॉलीबाल, हैंडबॉल और फ्लोरबॉल प्रतियोगिताओं में अब तक 18 पदक जीत चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने यूपी की ओर से खेलते हुए दिल्ली में 25 से 30 जनवरी तक हुई स्पेशल बच्चों की नेशनल फ्लोर बॉल प्रतियोगिता में टीम को गोल्ड मेडल दिलाया है। अब वह राष्ट्रीय टीम में अपने चयन के लिए तैयारी कर रही हैं।

सिर्फ इशिका नहीं, उनकी मां कमलजीत कौर का हौसला भी बेमिसाल है। कमलजीत के पति मनमीत सिंह की दस साल पहले ही मृत्यु हो चुकी है। तभी से इशिका और दूसरी बेटी साइना को कमलजीत अकेले संभाल रही हैं। सुभाषनगर में रहने वाली कमलजीत कौर पेशे से शिक्षक हैं। उन्होंने बताया कि बचपन से ही इशिका दूसरे बच्चों से अलग थी। वह काफी उत्तेजित रहती थी और उसे चोट का एहसास भी नहीं होता था। कितना खाना है, कैसे कपड़े कैसे पहनने हैं, इससे भी बेखबर रहती थी। कमलजीत कौर के मुताबिक उम्र बढ़ने के साथ इशिका की समझदारी भी नहीं बढ़ी। स्कूल भेजने के बाद वह दूसरे बच्चों के साथ तालमेल नहीं बना पाई। पढ़ने में बहुत ज्यादा समस्याएं आने लगीं। डॉक्टर की सलाह पर उसका आईक्यू टेस्ट कराया तो वह 40 प्रतिशत से भी कम निकला। उन्हें सौ फुटा रोड पर स्पेशल बच्चों को उनकी जरूरतों और टैलेंट के मुताबिक सिखाने वाली एक संस्था के बारे में पता चला तो उन्होंने इशिका को उसमें भर्ती करा दिया। इसके बाद इशिका में बदलाव आना शुरू हो गया। खेल और कला में उसका शुरू से से रुझान था, इस संस्था में उसकी इसी प्रतिभा को निखारा गया। अब 25 की हो चुकीं इशिका फ्लोर बॉल के अलावा वॉलीबाल और हैंडबॉल भी बहुत अच्छा खेलती हैं। अब तक जीते गए 18 पदक इशिका के हौसले की ही निशानी हैं। कमलजीत कौर बताती हैं कि इशिका अब राष्ट्रीय टीम में अपने चयन के लिए तैयारी कर रही हैं।

## शक्ति वंदन कार्यक्रम में महिलाओं को किया गया सम्मानित

**अलीगंज, अमृत विचार:** अलीगंज ब्लॉक सभागार में शक्ति वंदन कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तमाम महिलाओं ने प्रतिभाग किया साथ ही उनको सम्मानित भी किया।

शक्ति वंदन अभियान के तहत कार्यक्रम की शुरूआत माता शारदा की पूजा वंदना से किया गया। अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह और बिहान से जुड़े संकुल संगठन की महिला पदाधिकारियों को योजनाओं के लाभ के लिए प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में विद्युत सखियों को प्रस्तति पत्र देकर सम्मानित किया गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अशोक रतन शाक्य ने कहा कि महिलाएं अब किसी से कम नहीं है सरकार द्वारा जो योजनाएं दी जा रही हैं महिलाएं उनका भरपूर लाभ उठाकर स्वरोजगार के साधन उत्पन्न कर रही हैं। जिला महामंत्री आशीष राजपूत ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा संचालित योजनाओं से महिलाओं को स्वरोजगार के साधन प्राप्त हुए हैं। जिसमें महिलाएं बढ़ चढ़कर भाग ले रही हैं

इस मौके पर बीडीओ गोपाल गोयल, डीएमएम अरुण चौधरी, एडीओ चंद्रपाल, बीएमएम गंगाधर कपिल गुप्ता, मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र गुप्ता, निलेश राजपूत लोकपाल शाक्य अर्जुन सिंह कष्यव सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# श्रवण वाधित मरीजों को नहीं लगानी होगी आगरा की दौड़

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** सुनने में अक्षम मरीजों को अब जांच कराने के लिए दूसरे जनपदों की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। उनकी जांच जिले में संचालित मेडिकल कॉलेज में ही हो जाएगी। जल्द ही कॉलेज में ध्वनि कक्ष बनाया जाएगा। जिसको बनाने के लिए भवन में कक्ष का निर्धारण कर लिया है।

मेडिकल कॉलेज में ध्वनि कक्ष बनने से सुनने की समस्या से ग्रसित मरीजों की जांच हो सकेगी। इसके अलावा कान की अन्य समस्याएं

**▸▸ सुनने में अक्षम लोगों की जांच के लिए बनेगा ध्वनि कक्ष**

जैसे पर्दा में दिक्कत, अंदर की नसों का फटना आदि की जांच भी हो सकेगी। कॉलेज के सीनियर रेजीडेंट डॉ. सचिन अग्रवाल ने बताया कि किसी के कान के पास जोर से मारने पर कान की नस फट जाती है। खून निकलने पर जानकारी हो पाती है। खून न निकले तो दर्द होता है। ध्वनि कक्ष में मशीन लगने से मरीजों की कई प्रकार की जांच हो सकेगी। यह भी पता लगाया जा सकेगा कि कान का ऑपरेशन तो नहीं करता है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से टेंपो पलटा चालक की मौत, दो घायल हुए

## गुरुवार देर शाम गांव बिचौला के पास हुआ हादसा

संवाददाता, ककराला

**अमृत विचार :** तेज रफ्तार ट्रैक्टर और टेंपो में भिड़ंत हो गई। जिसमें टेंपो चालक की मौत हो गई। दो लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम और घायलों को इलाज के लिए भेजा। पुलिस ट्रैक्टर चालक की तलाश कर रही है। शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया जाएगा।



मृतक कासिम

अलापुर क्षेत्र के कस्बा ककराला के वार्ड चार निवासी कासिम पुत्र हमीद टेंपो चलाता था। गुरुवार देर शाम लगभग साढ़े आठ बजे वह अपने रिश्तेदार के यहां उसहैत क्षेत्र के गांव मस्जिद नगला टेंपो से गया था। काम निपटाने के बाद वह वापस लौट रहा था। रास्ते में दो लोग और टेंपो में सवार हो गए। गांव बिचौला के पास लकड़ी लादकर आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टेंपो को टक्कर मार दी। टक्कर लगकर टेंपो पलट गया। जिसमें टेंपो चालक गंभीर घायल हो गया। अन्य दोनों को मामूली चोट आईं। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। डायल 112 पुलिस पहुंची। चालक के परिजनों को सूचित किया गया। पुलिस चालक को जिला अस्पताल लेकर जा रही थी लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है। चालक की मौत से कोहराम मचा है।

### रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार तीन लोग घायल

**कछला।** बरेली-मथुरा राजमार्ग पर कोतवाली उझानी क्षेत्र के कछला स्थित पेट्रोल पंप पर रोडवेज बस ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में अलीगढ़ जा रहे थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव रमजानपुर निवासी जफरुद्दीन पुत्र मजीद खां, उनकी पत्नी शाहीन बेगम, बेटा हुमांयू घायल हो गए। घायलों को उझानी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है।

## मां सरस्वती की आराधना के साथ किया पूजन

**अमांपुर।** कस्बा में वसंत पंचमी के उपलक्ष्य में छात्र-छात्राओं ने मां सरस्वती का पूजन कर ज्ञान का आशीष मांगा। हवन यज्ञ का भी आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के चित्र पर व दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानाचार्य जागन सिंह सोलंकी, आचार्य संजय सोलंकी, आचार्य लखमीचंद्र, आकाश गुप्ता सर्राफ, आचार्य प्रवेश कुमार, आचार्य खुशीराम, आचार्य अमर सिंह आदि मौजूद रहे। कोमल प्रसाद पूर्व माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य श्रीराम सोलंकी, मक्खन लाल इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य रामजी लाल वर्मा, चेयरमैन चांद अली खान, राजीव अग्रवाल, आचार्य हरिकिशोर मिश्रा, सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में प्रबंधक छोटे सिंह सोलंकी, धीरज गुप्ता, प्रधानाचार्य आदेश मिश्रा, मीरा देवी मैमोरियल इंटर कालेज बनूपुरा में भी कार्यक्रम हुए।

# अमेरिकी राजदूत ने परिवार सहित देखा हाथी और भालू संरक्षण केंद्र

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचार:** भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक माइकल गार्सेटी और उनके परिवार ने मथुरा स्थित वाइल्डलाइफ एसओएस के हाथी संरक्षण, देखभाल केंद्र और आगरा में भालू संरक्षण केंद्र का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संस्था के वन्यजीव संरक्षण कार्यों और बचाए गए हाथियों और स्लॉथ भालुओं के बारे में जाना।

उन्होंने एनजीओ के रिफ्यूज टू राइड कैंपेन को भी अपना समर्थन दिया। एरिक माइकल गार्सेटी एक अमेरिकी राजनीतिज्ञ हैं, वह लॉस एंजिल्स के मेयर भी रहे हैं। भारत में राजदूत के रूप में उनका नामांकन अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने किया था। परिवार के साथ उन्होंने वाइल्डलाइफ एसओएस हाथी अस्पताल में हथिनी जिंजर का नियमित उपचार और लेजर थेरेपी देखी। हाथी संरक्षण और देखभाल केंद्र में हथिनी लक्ष्मी के साथ प्रशिक्षण सत्र देखा। बंदी हाथियों को होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के बारे में भी जाना। घायल एवं वृद्ध हाथियों के इलाज के लिए स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स से मुलाकात की। भालू संरक्षण केंद्र में रह रहे स्लॉथ भालुओं को देखा। हाथी अस्पताल में पौधा भी लगाया। एरिक गार्सेटी ने जानवरों की भलाई में सुधार लाने और एशियाई हाथियों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए देखभाल करने वाले कर्मचारियों, पशु चिकित्सकों सहित एनजीओ की टीम के साथ एक इंटरेक्टिव सत्र में भाग लिया। उन्होंने दोनों केन्द्रों पर वन विभाग और पुलिस अधिकारियों से मुलाकात की।



हाथी संरक्षण केंद्र पर अमेरिकी राजदूत एरिक माइकल गार्सेटी। ● अमृत विचार

## एक नजर

### गैंगस्टर के दोषी को दो वर्ष का कारावास व जुर्माना

**कासगंज।** सोरों कोतवाली से संबंधित गैंगस्टर के एक मामले में सुनवाई करते हुए न्यायालय ने आरोपी शरद निवासी मुहल्ला मढई कोतवाली सोरों को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने आरोपी को दो वर्ष का कारावास व पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी अपर जिला शासकीय अधिवक्ता जितेंद्र कुमार ने की।

### उप जिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता ने कार्यभार संभाला

**जलेसर।** उप जिलाधिकारी नितिन तेवतिया का बिजनौर स्थानांतरण हो जाने से रिक्त उप जिला अधिकारी पद पर रामपुर से स्थानांतरित होकर आए जगमोहन गुप्ता ने कार्यभार संभाला। उनका कहना था कि वह शासन से प्राप्त निर्देशों का पालन करेंगे।

### युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**बदायूं।** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शहर के मोहल्ला कबूलपुरा के मुगल गार्डन निवासी रोहित उनकी बिरादरी का है। जिसने उनकी बेटी को प्रेम जाल में फंसा लिया। शादी का झांसा देकर कई साल तक शारीरिक संबंध बनाता रहा। अब वह दूसरी जगह शादी कर रहा है। उन्होंने बेटी से शादी करने को कहा तो उसने मना कर दिया और उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी रोहित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गुरुवार को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शहर कोतवाल बिजेंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

### इंस्पायर अवार्ड में परिषदीय विद्यालयों के मॉडल चयनित

**एटा।** इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत कक्षा 6 से लेकर 12वीं तक की कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों से विज्ञान के मॉडल के साथ आवेदन मांगे गए थे। जिले से 796 विद्यार्थियों द्वारा आवेदन किया गया था। जिला स्तर पर प्रतियोगिता हुई। बुधवार को परिणाम आया तो 21 मॉडल योजना में चयनित कर लिए गए। इसमें 4 परिषदीय विद्यालयों के मॉडल् शामिल हैं।

# आठ लाख रुपये लेकर दे दिया फर्जी नियुक्ति पत्र

संवाददाता, एटा

**▸▸ रुपये वापस मांगने पर दी जान से मारने की धमकी**

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव साकीपुर निवासी प्रभु दयाल का अनिल कांत दीक्षित पुत्र कैलाश चंद्र निवासी बहोरा थाना पटियाली जनपद कासगंज व असनी कुमार पुत्र हरिशंकर निवासी प्रयागराज से मिलना जुलना था।

वर्ष 2016 में पशुपालन विभाग में नौकरियां निकली थी। आरोपियों ने आठ लाख रुपये में नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। दो बार में आरोपियों को पांच लाख रुपये दे दिए। वर्ष बाद 2023 में आरोपियों ने तीन लाख रुपये लेकर पशुपालन विभाग एटा में नौकरी का नियुक्ति पत्र दिया। कार्यालय जाने पर पता चला की नियुक्ति पत्र फर्जी है। जब आरोपियों से रुपये वापस मांगे तो उन्होंने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की मानें आरोपी असनी कुमार पुलिस विभाग में तैनात था और जनवरी माह में ही रिटायर हुआ है। जिसके चलते उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। न्यायालय के आदेश पर जैथरा पुलिस ने अनिल कांत, असनी कुमार व एक अज्ञात महिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में 25 गांव बनेंगे आदर्श

संवाददाता, फिरोजाबाद



कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना जिला स्तरीय अभिसरण समिति की बैठक हुई। जिसमें ग्राम विकास योजना का अनुमोदन किया गया।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि चयनित 25 प्रधानमंत्री आदर्श गांव को सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं पर कार्य करेंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास को निर्देश दिए कि गैप फिलिंग के कार्यों जैसे टीटीएसपी, सोलर लाइट, आंगनबाड़ी केंद्र आदि के संबंध में विभागों से समन्वय स्थापित कर लें। जो कार्य अभिसरण के माध्यम से किये जा सकते हैं। उनके स्थान पर नवीन कार्यों का चयन कर लें। सरकारी योजनाओं के साथ इन आदर्श गांव व वहां के लोगों को आत्मनिर्भर बनाने पर भी काम किया जाये। बैठक के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास राजमती ने बताया कि केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना पीएमएजीवाई के क्रियान्वयन के लिए चयनित ग्रामों में सर्वेक्षण एवं ग्राम विकास योजना तैयार कर ली गयी। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के क्रियान्वयन के द्वितीय चरण में 25 ग्राम का चयन किये हैं। जिसमें

**▸▸ आंगनबाड़ी भवन, शौचालय, नाली, सड़क व आंतरिक सड़क निर्माण के साथ डस्टबिन व स्ट्रीट लाइटें भी लगाई जाएंगी**

विकास खण्ड नारखी के सिकंदरपुर कोटला, गढ़ी कल्याण, पुरानी गढी, लुखरिया, आतिपुर, खुशहालपुर, राजपुरकोटला, सलेमपुर कोटला। इसी प्रकार से विकास खण्ड मदनपुर के दयागंज, पटुसई, अहमदपुर। विकास खण्ड अरांव के सैफपुर, सकतपुर, दौलतपुर बैजुआ। विकास खण्ड जसराना के भायपुर। विकास खण्ड एका के वहलोसपुर, नवलपुर। विकास खण्ड टूण्डला के कुतकपुर जारखी, आनन्दपुर। विकास खण्ड फिरोजाबाद के खरसुली, लर्तुरा। विकास खण्ड शिकोहाबाद के नौशहरा। विकास खण्ड हाथवंत के नगला जाट, दारापुर रसैनी, रानीपुर सम्मिलित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि योजना में ऐसे गांव चयनित किये गये हैं जहां अनुसूचित जाति की आबादी 50 प्रतिशत या अधिक है। इन ग्रामों में सर्वे के माध्यम से जैसे पेयजल एवं स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण सामाजिक सुरक्षा, ग्रामीण मार्ग एवं आवास, बिजली एवं स्वच्छ ईंधन, कृषि पद्धतियां आदि वित्तीय समावेशन, डिजिटलकरण, आजीविका एवं कौशल विकास आदि की निगरानी योग्य संकेतक तैयार किये हैं। इन निगरानी योग्य संकेतकों के माध्यम से ग्राम विकास योजना तैयार कर ली गयी है।

# योजना के लाभार्थियों के घर पहुंचेंगें भाजपाई, लेंगे सेल्फी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी जल्द ही लाभार्थी संपर्क अभियान चलाएगी। भाजपाई योजनाओं के लाथार्थियों के घरों पर पहुंचेंगे और उनके साथ सेल्फी लेंगे। इस संबंध में भाजपा कार्यालय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा, बदायूं लोकसभा प्रभारी कुंवर महाराज सिंह, जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने पदाधिकारियों को अभियान के बारे में विस्तार से बताया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वर्ष 2014 से 2023 तक लगभग 25 करोड़ से ज्यादा भारतीय गरीबी रेखा से बाहर आए हैं। 2014 के बाद अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू हुईं। जिसमें



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ता।





भाजपा कार्यालय पर आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश कुमार शर्मा और मंचासीन जनप्रतिनिधि।

**▸▸ 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलाया जाएगा लाभार्थी संपर्क अभियान**

**▸▸ एक मोबाइल नंबर पर मिस कॉल देंगे योजनाओं के लाभार्थी**

उज्जवला, जन-धन, आवास, शौचालय, हर घर नल, हर घर जल, बिजली, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं से लोगों को लाभांवित किया गया है। सरकार ने जो भी योजनाएं चलाई हैं वह सीधे तौर पर जरूरतमंद तक पहुंची हैं। लोकसभा प्रभारी व एमएलसी कुंवर महाराज सिंह ने कहा कि संपर्क अभियान का उद्देश्य लाभार्थियों से कार्यकर्ताओं का व्यक्तिगत रूप से संपर्क कराना है। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा लाभार्थी संपर्क के दौरान लाभार्थी से मोबाइल नंबर 9638002024 पर मिस कॉल करवाई जाएगी। 25 फरवरी से 5 मार्च के बीच चलने वाले अभियान में कार्यकर्ता उन्हें पत्र सौंपेंगे और घरों पर स्टीकर लगवाएंगे। पदाधिकारियों की मंडल स्तर पर भी कार्यशाला होगी। जिला संयोजक सोशल मीडिया अनुराग दीक्षित ने कहा कि घर-घर जाकर लाभार्थियों से संपर्क करना, पत्रक देना, गेट पर स्टीकर लगाना, लाभार्थियों के फोटो व उसके अनुभव के वीडियो सोशल मीडिया, नमो ऐप पर अपलोड किया जाना है। मंच का संचालन अभियान के संयोजक देवदत्त शर्मा ने किया। सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता, बिल्सी विधायक हरीश शाक्य, लोकसभा संयोजक हरिओम पाराशरी, जिला महामंत्री सुधीर श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# बचपन से कंजेनिटल टार्टिकोलिस बीमारी से जूझ रहे बच्चे की हुई जटिल सर्जरी



10 वर्षीय बच्चे का जटिल आपरेशन करने वाली डाक्टरों की टीम।

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचार:** आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज में 10 वर्षीय बच्चे की टेढ़ी गर्दन का जटिल ऑपरेशन किया गया। बच्चे की गर्दन जन्म से ही बाईं ओर मुड़ी हुई थी। प्लास्टिक सर्जरी विभाग के विशेषज्ञों की टीम ने इस कठिन को ऑपरेशन को अंजाम दिया। अब बच्चा स्वस्थ है। उसे डिस्चार्ज कर दिया है।

प्रदेश सरकार आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज को एम्स स्तरीय अस्पताल बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इसके लिए एसएन मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी सेंटर बनाया गया है। जहां मरीजों के इलाज के लिए नई तकनीक की मशीनें लगाई गई हैं। इसी क्रम में जब 10 वर्ष का बच्चा इलाज के लिए ओपीडी पहुंचा तो उसके पेरेंट्स ने डॉक्टर को बताया कि बचपन से ही बच्चे की गर्दन बायीं ओर मुड़ी हुई है। विशेषज्ञों की टीम ने बच्चे की जांच की तो पता चला कि बच्चे को कंजेनिटल टार्टिकोलिस नाम की बीमारी है। यह बीमारी जन्मजात है, इसमें जन्म के तुरंत बाद सिर में झुकाव आना शुरू हो जाता है। प्लास्टिक सर्जन डॉ. पुनीत भारद्वाज ने बताया कि मरीज की गर्दन की एक तरफ की मांसपेशी (स्टर्नो क्लीडो मास्टोइड) में जकड़न की वजह से ऐसा होता है। मरीज के ऑपरेशन के दौरान उस मांसपेशी को दो जगह से काट कर गर्दन का एक तरफा खिंचाव खत्म किया गया। उनकी टीन में डॉ. प्रणय सिंह चकोटिया, डॉ. कनिका बोरा, डॉ. अनूप वार्ष्णेय, डॉ. ललित कुशवाह और डॉ. ज़फ़र हुसैन शामिल थे।

# सड़क पर अब पुलिस की नजर से बच नहीं पाएंगा कोई

तुषार चौहान, आगरा

**अमृत विचार:** पर्यटन नगरी आगरा में सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखना यातायात पुलिस के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इसी चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करने के लिए आगरा यातायात पुलिस ने नई तकनीक के साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट करने की कवायद शुरू कर दी है। जिसके परिणाम यातायात की बदलती तस्वीर के रूप में सामने आने लगे हैं।

विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी आगरा में सुचारू ट्रैफिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आगरा यातायात पुलिस द्वारा नए नए प्रयोग किए जा रहे हैं।



कंट्रोल रूम से शहर को देखते एसीपी ट्रैफिक सैयद अरीब अहमद।

जहां एक ओर शहर के सभी प्रमुख चौराहों पर यातायात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी सुनिश्चित की गई है, वहीं दूसरी ओर स्मार्ट सिटी और गूगल मैप की ओर से आगरा के सभी चौराहों और सड़कों को ट्रैफिक पुलिस के सेंट्रल कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है।

**▸▸ पुलिस की नजर में ही नहीं, उनके सर्विलांस पर भी रहेंगे**

**▸▸ अवैध गतिविधि दिखने पर माइक से पुलिस को करेंगे अलर्ट**

जहां से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पर नजर रखी जाती है। साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को बनाने के लिए कुछ और भी फीचर जोड़े हैं, जिससे ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों और यातायात का नियम तोड़ने वाले लोगों पर खास नजर रखी जा सकती है। एसीपी ट्रैफिक सैयद अरीब अहमद ने बताया कि एक माह पूर्व पुलिस लाइन यातायात कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया है। जहां से ट्रैफिक पुलिस की विशेष टीम पूरे शहर यातायात पर नजर रख रही है। बताया कि शहर की सड़कों पर यातायात की स्थिति जानने के लिए गूगल मैप और मेपल एप से भी सेंट्रल कंट्रोल रूम को जोड़ा गया है। ताकि किसी भी सड़क या चौराहे पर जाम लगने की स्थिति में कंट्रोल रूम को लाइव जानकारी मिलती रहे। सभी चौराहों और बाजारों में लगे स्मार्ट सिटी और नगर निगम के कैमरों को भी कंट्रोल रूम से जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि इन कैमरों की मदद से न सिर्फ ट्रैफिक व्यवस्था की निगरानी की जा रही है, बल्कि इससे ट्रैफिक ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों पर भी नजर रखी जाती है। बताया कि इस बार एक नया प्रयोग भी शुरू किया है। ट्रैफिक सिग्नल पर कैमरों के साथ-साथ माइक सिस्टम भी लगाया गया है, जो कंट्रोल रूम से कनेक्टेड है। कंट्रोल रूम से कैमरों से नजर रखने के साथ ही इन माइक के जरिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए जाते हैं। पहले यदि वाहन स्वामी सिग्नल तोड़ने या ओवरस्पीड कर निकल जाते थे। उनको भी यह जान लेना चाहिए कि नए सिस्टम में ट्रैफिक नियम तोड़ने वालों का डाटा दर्ज हो जाता है। उस वाहन को कई दिनों तक ट्रैक किया जाता है, जिससे भविष्य में दोबारा गलती करने पर उस वाहन का चालान और सीज किया जा सके।

## कस्बे में हो रहा अवैध खनन, वीडियो वायरल

**कुंवरगांव।** कस्बे में मिट्टी का अवैध खनन हो रहा है। जिसका कुछ लोगों ने वीडियो वायरल किया है। जिसमें एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से प्लॉट में मिट्टी गिराते हुए देखा जा रहा है। बताया गया कि कस्बे के दो ट्रैक्टर चालक रोजाना खनन का अवैध कारोबार करते हैं। आरोपियों ने जगह- जगह पर गहरे गड्ढे कर दिए है। इसके आदेश भी उनके पास नहीं है। गुरुवार को चालक ट्रॉली से अवैध खनन कर प्लॉट में मिट्टी डाल रहा था। जिसका वीडियो वायरल हुआ है। इस संबंध में खनन अधिकारी बृजबिहारी ने बताया कि जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी ।

## एक नजर

### सीबीएसई बोर्ड: सख्त निगरानी में हुई परीक्षा

**आगरा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की बोर्ड परीक्षा आज से शुरू हो गई हैं। आगरा के करीब 12 परीक्षा केंद्रों पर पहले दिन दसवीं की पेंटिंग और 12वीं की उद्यमिता विषय की परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा के लिए करीब 33 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सीबीएसई के लिए बनाए गए परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों को समय से आधा घंटे पहले ही प्रवेश दे दिया। परीक्षार्थियों की चेकिंग भी हुई और कोई भी इलेक्ट्रॉनिक सामान व नकल सामग्री की कड़े तरीके से जांच की गई। आगरा में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के लिए कक्षा 10 के 15660 और 12 के लिए 11544 परीक्षार्थियों ने फॉर्म भरे थे। बोर्ड परीक्षा के लिए हर परीक्षा केंद्र पर पर्यवेक्षक तैनात किया है। जिससे परीक्षा के दौरान कोई भी परेशानी न आए। सीबीएसई के जिला समन्वयक रामानंद चौहान ने बताया कि परीक्षा में दिक्कत नहीं आने दी जाएगी।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**शिकोहाबाद।** नसीरपुर पुलिस टीम ने गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक नसीरपुर शेर सिंह ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देश पर अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत गैंगस्टर के आरोपी मोहम्मद जमील पुत्र हनीफ को लखनऊ एक्सप्रेसवे नसीरपुर से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### रालोद जिलाध्यक्ष का बेटा गायब, तलाश जारी

**आगरा।** थाना मलपुरा क्षेत्र के आगरा-ग्वालियर हाईवे स्थित गांव इटोरा के रहने वाले राष्ट्रीय लोक दल के जिलाध्यक्ष महेश कुमार जाटव का 30 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार 8 फरवरी से लापता है। जिसकी शिकायत पीड़ित परिवार ने पुलिस से की है। जिलाध्यक्ष महेश कुमार जाटव ने बताया है कि बुखार आने पर पंकज कुमार दवा लेने के लिए शाहगंज क्षेत्र के खेरिया मोड़ गए थे। वहीं से उन्हें इंडियन ऑयल की मीटिंग में जाना था, क्योंकि वह पेट्रोल पंप खेरागढ़ में चलाते हैं। जब वह शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजनों को चिंता सताने लगी। जिलाध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने 8 फरवरी को ही थाना शाहगंज में बेटे की लापता होने की गुमशुदगी लिखा दी थी।

### पढ़ने लिखने की उम्र में अपराध की दुनिया में उतरे युवा, एक ने लूट के रुपये से पिता का कराया इलाज

# गर्लफ्रेंड को मोबाइल, बाइक की किस्त देने को लुटेरे बने पांच दोस्त

संवाददाता, आगरा

▸▸ **राह चलते लोगों से करते थे लूट मोबाइल बेचकर आपस में कर लेते थे बंटवारा**

**अमृत विचार :** पढ़-लिखकर भविष्य बनाने की उम्र में पांच दोस्त चकाचौंध के साथ इश्क की दुनिया में ऐसे घिरे कि गर्लफ्रेंड को मोबाइल फोन दिलाने समेत अन्य जरूरतों को पूरा करने के लिए लुटेरे बन गए। मोबाइल लूटकर किसी ने गर्लफ्रेंड को खरीदकर नया मोबाइल दिया तो किसी ने गाड़ी की किस्त जमा की। इनके बीच बीमार पिता का इलाज भी कराया। इन जरूरतों को पूरा करने के लिए लंबे समय से मोबाइल फोन को लूटने वाले पांच दोस्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूटे मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस उन दुकानदारों की सूची बना रही है, जहां पर यह सभी चोरी व लूट के मोबाइल फोन खरीदे जा रहे थे।

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह राह चलते व अन्य जगह से मोबाइल फोन लूटने के साथ चोरी की घटनाएं करते थे। कुछ समय पहले ही उन्होंने नुनिहाई में स्थित स्टेट बैंक शाखा के पास से एक व्यक्ति से मोबाइल फोन लूटा था। कई अन्य जगह भी मोबाइल फोन लूट की वारदातें कबूलीं। गिरफ्तार आरोपियों में देव प्रजापति पुत्र पप्पू निवासी नरायच, जितेश पुत्र इंद्रवीर निवासी नुनिहाई, कुनाल पुत्र नारायण सिंह निवासी ट्रांस यमुना कॉलोनी, विवेक पुत्र सौदान सिंह निवासी राकेश नगर के साथ एक बाल अपचारी भी है। बरामद अपाचे बाइक इसी की है। यह मोटरसाइकिल के पीछे बैठता था और दूसरा साथी मोटरसाइकिल चलाता था। इस दौरान नाबालिग आरोपी ही लोगों के मोबाइल फोन लूट और छीन कर बाइक से फरार हो जाता था।


पुलिस गिरफ्त में मोबाइल फोन लूटने वाले आरोपी। ● अमृत विचार

थाना प्रभारी एत्मादुदौला दुर्गेश कुमार मिश्रा ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह मोबाइल फोन लूटकर ग्राहकों और दुकान पर बेचा करते थे। इसके बाद जो पैसा आता था उसे आपस में बांट लेते थे। एक आरोपी ने बताया कि उसे अपनी गर्लफ्रेंड को एक नया मोबाइल फोन खरीद कर देना था। उसके पास पैसे नहीं थे। ऐसे में उसने मोबाइल फोन लूटा, उसे बेचा और फिर नया मोबाइल फोन खरीद कर गर्लफ्रेंड को दिया। दूसरे ने बताया कि उसकी बाइक किस्त न भरने की वजह से उसकी गाड़ी खिंच गई थी। उसे वहां पैसे जमा करने थे। मोबाइल लूटने के बाद बेचकर बाइक की किस्त चुकाई। तीसरे ने बताया कि उसके पिता बीमार थे। वह पैसों का इंतजाम करने में लगा था। जब पैसे नहीं मिले तो अन्य साथियों के साथ मिलकर मोबाइल फोन लूटा। उसे बेचने के बाद जो पैसे मिले उन्हीं से पिता की बीमारी का इलाज कराया।

# बदमाशों ने बरात चढ़त के समय दूल्हे को गोली मारी, मची भगदड़

संवाददाता, मथुरा

▸▸ **दूल्हे के जांघ में लगी गोली घायल को मथुरा में भर्ती कराया है, पुलिस जांच में जुटी**

**अमृत विचार :** नौहझील थाना क्षेत्र में बुधवार रात बरात चढ़ने के दौरान दूल्हा मंडप में बैठा था। तभी कार से कई बदमाश फिल्मी स्टाइल में बरातघर में घुसे और सीधे दूल्हे को गोली मार दी। गोली चलने की आवाज सुनकर बरातियों में भगदड़ मच गई। बदमाशों के हाथों में हथियार देख बराती उन्हें दबोचने की हिम्मत नहीं जुटा सके और बदमाश मौके से फरार हो गए। गोली दूल्हे की जांघ में लगी। उसे पहले सीएचसी में भर्ती कराया, बाद में मथुरा के लिए रेफर कर दिया। नौहझील थाना क्षेत्र के फरीदमपुर निवासी निरंजन ने बेटी सोनम की शादी अलीगढ़ में तय की थी। बरात पिसवा थाना क्षेत्र के दमुआका गांव से आई थी। गांव निवासी रेखपाल के पुत्र गौरव के साथ शादी तय हुई थी। बुधवार को दोनों की शादी थी। चारों ओर खुशी का माहौल था। निरंजन ने शादी का कार्यक्रम रायपुर मार्ग स्थित एक मैरिज होम में रखा। बरात चढ़त के दौरान पांच-छह बदमाश गाड़ी में आए और सीधे मैरिज होम में घुसकर दूल्हे को गोली मार दी। घायल दूल्हे ने बताया कि एक बदमाश ने गोली चलाई जो उसकी जांघ में धंसी। इससे वह घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। सूचना पर इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक अंकित कुमार मौके पर पहुंचे। घटना की जानकारी ली।

# अनियंत्रित ट्रक ने बाइक रौंदी पिता-पुत्र की मौत, एक घायल

### दोनों बेटों के साथ बाइक में पेट्रोल भराने गए थे चंद्रपाल

संवाददाता, फिरोजाबाद

▸▸ **हादसे के बाद परिजनों ने ग्रामीणों के साथ सड़क पर जाम लगाया अफसरों ने खुलवाया**

**अमृत विचार :** जिले के थाना राजावली क्षेत्र के जलेसर फिरोजाबाद मार्ग के पास गुरुवार को अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से भीषण सड़क हादसा हो गया। हादसे में बाइक सवार पिता-पुत्र की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। टूंडला के क्षेत्र अधिकारी अनिवेश कुमार सिंह के मुताबिक राजावली थाना क्षेत्र के मिलिख गांव के रहने वाले चंद्रपाल सिंह और उनके दो बेटे बाइक पर सवार होकर पेट्रोल भरवाने के लिए जलेसर फिरोजाबाद रोड पर एरई मोड स्थित पेट्रोल पंप गए थे। पेट्रोल भरवाने के बाद ये लोग अपने गांव की ओर वापस मुड़ रहे थे, इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार 65 वर्षीय चंद्रपाल की मौके पर मौत हो गई, जबकि 36 वर्षीय बबलू की अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई। तीसरे घायल राजकुमार की हालत गंभीर है, जिसे जिला अस्पताल फिरोजाबाद से आगरा के लिए रेफर किया है।


भीषण हादसे में क्षतिग्रस्त हुई बाइक।

पुलिस के मुताबिक बबलू रेलवे में कर्मचारी थे। हादसे की खबर के बाद चंद्रपाल के परिवार में कोहराम मच गया गांव से बड़ी तादाद में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और जलेसर फिरोजाबाद रोड पर जाम लगा दिया। मौके पर पहुंचे को और एसडीएम और क्षेत्रीय विधायक प्रेमपाल धनगर ने समझा बुझाया और जाम खुलवाया। घटना स्थल से घायलों को लेकर परिजन और रिश्तेदार जिला अस्पताल पहुंचे। घायल राजकुमार का आगरा के अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

## डीजे पर डांस को लेकर दूल्हा-दूल्हन पक्ष भिड़े पिटाई से युवक की मौत

**फिरोजाबाद, अमृत विचार :** शिकोहाबाद से बरात में डीजे पर डांस करने को लेकर दूल्हा और दुल्हन पक्ष के लोगों में ऐसा विवाद छिड़ा कि कुछ लोगों ने एक युवक की बेरहमी से पिटाई लगा दी। हमले में घायल युवक की मौत हो गई।

बरात में भी जमकर हंगामा हुआ। मलिखानपुर से बुधवार को जसवंत नगर थाना क्षेत्र के गांव अजनोरा के एक रिसोर्ट में बरात गई थी। जिसमें डीजे पर डांस को लेकर मारपीट हुई थी। घटना में मलिखानपुर निवासी 25 वर्षीय देशदीप कुमार पुत्र रामवीर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को परिजन उपचार के लिए रात में ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। देशदीप की पांच साल पहले इटावा के भुसावली निवासी सुमन देवी से शादी हुई थी। उसके दो साल का दीपांशु व एक माह का नवदीप बेटे हैं। पुलिस जांच कर रही है।

# पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जाएगी पुलिस भर्ती परीक्षा

संवाददाता, फिरोजाबाद


**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार सभी परीक्षाएं नकलविहीन और पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएगी। जो युवा अपनी योग्यता, क्षमता और दक्षता के साथ परीक्षाओं में बैठेगा, उसको पारदर्शिता के साथ नौकरी मिलेगी। अगर कोई युवा बैकडोर से परीक्षा में बैठने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।

किसान आंदोलनों को लेकर सरकार के तीन मंत्री किसान नेताओं से वार्ता कर रहे हैं, जल्द ही सकारात्मक हल निकलेगा। यह कहना है पर्यटन एवं सांस्कृतिक मंत्री ठाकुर जयवीर सिंह का। वह गुरुवार को मैनपुरी रोड स्थित एक बाइक शोरूम पर बाइक लांचिंग के मौके पर मीडिया से बात कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने मीडिया के सवालों का बेबाकी से जवाब दिया। उन्होंने कहा कि 17 और 18 को पुलिस भर्ती परीक्षा है। जिसे पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराया जायेगा। जो लोग दक्षता, क्षमता और योग्यतावान होंगे, वही लोग परीक्षा में पास होकर नौकरी प्राप्त करेंगे। जो लोग बैकडोर से परीक्षा अथवा नौकरी पाने का प्रयास करेंगे, वे ठगे जाएंगे। सार्वजनिक रूप से अपील करते हुए कहा कि किसी के झांसे में ना आए। अपनी योग्यता के आधार पर परीक्षा में बैठें और नौकरी प्राप्त करें। किसान आंदोलन को लेकर उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के तीन मंत्री किसान नेताओं से वार्ता कर रहे हैं। इस अवसर पर अश्वनी कुमार, राघवेंद्र सिंह, प्रबल प्रताप सिंह, एसडीएम आदेश सगर, सीओ प्रवीन कुमार, प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार, ब्लाक प्रमुख कमलेश राजपूत आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर आरंभ करते पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह।

▸▸ **पर्यटन मंत्री बोले-योग्यता क्षमता और दक्षता वाले युवाओं को मिलेगी नौकरी**

# सचिन तेंदुलकर ने पत्नी संग किया ताजमहल का दीदार


पत्नी अंजलि के साथ ताजमहल का दीदार करते मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर।

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचार :** मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर मोहब्बत की नायाब निशानी ताजमहल का दीदार करने आगरा पहुंचे। सचिन ताजमहल का दीदार करने के लिए अंजलि तेंदुलकर के साथ पहुंचे। उनके आगरा आने की सूचना बाद स्थानीय प्रशासन भी सक्रिय हो गया। एसीपी ताज सुरक्षा अरीब अहमद कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सचिन को लेकर ताजमहल परिसर पहुंचे। सचिन तेंदुलकर और अंजलि तेंदुलकर ने ताजमहल को निहार खूबसूरत इमारत की सराहना की। ताजमहल परिसर में सचिन को देखकर उनके प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना न रहा। मास्टर ब्लास्टर ने ताजमहल परिसर में बनी डायना बेंच पर अंजलि तेंदुलकर के साथ बैठकर तस्वीर भी खिंचवाई।

# आगरा मेट्रो की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेगी एसएसएफ

संवाददाता, आगरा

**अमृत विचार :** आगरा मेट्रो स्टेशन, परिसर और यात्रियों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार ने सुरक्षा के लिए 135 विशेष सुरक्षा दलों के जवानों की तैनाती कर दी है। अब मेट्रो ताज नगरी में दौड़ने को तैयार है। मेट्रो ट्रैक पर दौड़ने से पूर्व उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने मेट्रो स्टेशन एवं उसकी परिसर की सुरक्षा को चाक चौबंद करने के लिए गुरुवार से पहले फेस में 135 जवान तैनात किए हैं।

यूपी के विशेष सुरक्षा फोर्स के साथ चीफ राम सुरेश यादव भी मौजूद रहे। चीफ राम सुरेश यादव के मुताबिक आगरा मेट्रो के पहले प्रायोरिटी कॉरिडोर में 6 स्टेशन हैं, जिसमें तीन अंडरग्राउंड और तीन एलिवेटेड मेट्रो स्टेशन हैं। इन स्टेशनों में मेट्रो की चल अचल संपत्ति की सुरक्षा की जिम्मेदारी एसएसएफ की होगी। इसके साथ मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों की सुरक्षा, उनके सामान की चेकिंग भी विशेष सुरक्षा दल करेगा। सुरक्षा दल को इस तरीके से ट्रेनिंग दी गई है कि वह यात्रियों के साथ सम्मान पूर्वक एवं सौम्यता के साथ बातचीत करेंगे। कमांडेंट राम सुरेश यादव ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ उन्हें सहूलियत एवं सुविधाएं देने का काम भी एसएफएफ के जवान करेंगे। कमांडेंट ने बताया कि 135 जवानों को तीन शिफ्ट में 8/8 घंटे के लिए तैनात किया जाएगा। जवानों और अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी कि वह यात्रियों की चेकिंग, सुरक्षा, सामान की चेकिंग, यदि कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखाई देता है तो उनकी चेकिंग और पूछताछ एवं सुरक्षा से संबंधित जो भी मामले हैं, उन सभी का ध्यान रखना है।


आगरा मेट्रो की सुरक्षा के लिए तैयार एसएसएफ के जवानों को दिशा निर्देश देते कमांडेंट राम सुरेश यादव।

## दो पालियों में होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

**आगरा।** 17 एवं 1 को आरक्षी नागरिक पुलिस की परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। लेकिन त्रुटिवश कुछ अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्रों पर परीक्षा केंद्र का नाम गलत प्रिंट हो गया है। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि परीक्षा के प्रवेश पत्रों में टेक्निकल एरर के कारण कुछ केंद्रों के नाम और कोड गलत प्रिंट हो गए हैं। जिनको लेकर केंद्रों के प्रधानाचार्यों द्वारा जानकारी मिलने के बाद नए कोड की जानकारीदी गई है।

# दो कारों से 32 किलो गांजा ले जाते छह तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, मथुरा

**अमृत विचार :** महानगर के थाना सदर बाजार पुलिस ने छह अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 32 किलो गांजा बरामद हुआ है। तस्करी में प्रयुक्त दो कार, अवैध तमंचा भी जब्त किया है।


मथुरा पुलिस की गिरफ्त में गांजे के साथ तस्कर।

एसएसपी शैलेश पांडे ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक छोटे लाल ने पुलिस फोर्स के साथ चेकिंग के दौरान दो कारों से गांजा तस्करी कर रहे रवि पुत्र रामबाबू उर्फ ओमप्रकाश निवासी अर्जुनपुरा डीग गेट थाना गोविन्द नगर, प्रदीप पुत्र दीवान सिंह निवासी गिरधरपुर थाना हाईवे, भारत पुत्र मिट्ठू सिंह निवासी मथुरा गेट थाना मथुरा गेट जिला भरतपुर राजस्थान, पुष्कर सिंह पुत्र ध्रुव सिंह निवासी नगला फौजदार डीग थाना सदर डीग जिला डीग राजस्थान हाल निवासी शिव नगर कालोनी थाना कोतवाली भरतपुर, राकेश पुत्र पप्पू सिंह निवासी शास्त्री नगर थाना मथुरा गेट जिला भरतपुर राजस्थान वीरेंद्र सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी ग्राम कुंदरा थाना चिकसौना जिला भरतपुर राजस्थान को सदर बाजार के रामलीला ग्राउंड के समीप से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 32 किग्रा गांजा बरामद किया है।

## भारत और इंग्लैंड के टेस्ट मैच में चमकने को तैयार ताजनगरी का ध्रुव

**आगरा, अमृत विचार :** शहर का एक और युवा विश्व पटल पर अपनी चमक दिखाने को बेताब है। राजकोट में भारत और इंग्लैंड के मध्य होने जा रहे तीसरे टेस्ट मैच में आगरा के ध्रुव जुरैल भी डेब्यू कर रहे हैं। ध्रुव विकेट कीपर और शानदार बल्लेबाज हैं। ताजनगरी के युवा लगातार क्रिकेट में इतिहास रचने का काम कर रहे हैं। आगरा के ही दीपक चाहर और राहुल चाहर पहले ही भारतीय क्रिकेट टीम में पदार्पण कर चुके हैं। ध्रुव जुरैल ने आगरा ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश को गौरवान्वित करने का काम किया है। आगरा कैंट स्थित डिफेंस स्टेंट में ध्रुव जुरैल का घर है, उनके पिता नेमी चंद जुरैल फौज में थे और बेटे को भी फौज में भेजना चाहते थे। ध्रुव ने कपड़े धोने वाली मोगरी से प्रैक्टिस करना शुरू किया। उनके कोच परवेंद्र यादव ने बताया कि ध्रुव को बैट दिलाने के लिए उनके पिता ने 800 रुपये उधर लिए थे। उनकी मां रजनी को ध्रुव को किट दिलवाने के लिए अपनी चेन बेचनी पड़ी थी।


ध्रुव जुरैल।


**कार्यालय प्रकाश विभाग, नगर निगम, बरेली**

**निविदा सूचना**

पत्रांक 159/प्र.वि./2023-24 दिनांक : 15.02.2024

नगर निगम की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा नगर निगम निधि के अन्तर्गत अनुभवी फर्मों से वार्ड सं. 37 नदोसी स्थित अस्थाई नंदीशाला में सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाकर प्रकाश व्यवस्था का कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 27.02.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक को सांयकाल 4:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में निविदादाताओं की उपस्थिति में समिति के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र कार्य की सम्मुख लिखी धनराशि को दिनांक 26.02.2024 की सांय 3:00 बजे तक विभाग में जमा करने के उपरान्त क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | व्ययानुमान जी.एस.टी. सहित | धरोहर राशि 02 प्रतिशत | निविदा शुल्क | 18% जी.एस.टी निविदा शुल्क | निविदा मूल्य जी.एस.टी. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वार्ड सं. 37 नदोसी स्थित अस्थाई नंदीशाला में सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाकर प्रकाश व्यवस्था का कार्य कराये जाने हेतु। | 461847.00 | 9300.00 | 500.00 | 90.00 | 590.00 |

**निविदा की शर्तें**

01. निविदा प्रपत्र के साथ धरोहर राशि के रूप में प्रभारी प्रकाश नगर निगम बरेली के नाम बन्धक एफ.डी.आर. मूलरूप से संलग्न करना अनिवार्य है अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
02. न्यूनतम लागत की निविदा आने पर फर्म को कुल 10 प्रतिशत धरोहर राशि जमा करनी होगी।
03. समय के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
04. निविदा को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है।
05. यह कि निविदा वाले दिवस में अवकाश हो जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस में निविदा प्राप्त की जा सकेगी।
06. निविदा से सम्बन्धित शर्तें एवं जानकारी किसी भी कार्य दिवस में विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

**प्रभारी प्रकाश,**
**नगर निगम, बरेली**



**कार्यालय ग्राम पंचायत डड़िया सफदर अली, वि.खं. भदपुरा, नवाबगंज, जनपद बरेली**

पत्रांक-1 दिनांक : 16.02.2024

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत डड़िया सफदर अली में ग्राम निधि व मनरेगा के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में निम्नवत् विवरण कराया जाना है, जिसमें सामग्री आपूर्ति हेतु टेंडर/कोटेशन आमंत्रित किये जा रहे हैं। इच्छुक कोटेशन दाता निविदा प्रकाशन के 5 दिन के अन्दर ग्राम पंचायत कार्यालय में संपर्क करें।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लम्बाई | अनु. लागत | मद |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तेजराम के मकान से श्रीराम की जगह तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण | 33 मीटर | 1,17,141.00 | ग्राम निधि (कन्मेजन) |
| 2. | तुलाराम के मकान से राकेश के मकान तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 30 मीटर | 99,873.27 | ग्राम निधि (कन्मेजन) |
| 3. | कुँवरसेन के मकान से देवदत्त के मकान तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 30 मीटर | 1,06,293.17 | ग्राम निधि (कन्मेजन) |
| 4. | लाल बहादुर के मकान से कुँवर सेन के मकान तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य | 38 मीटर | 1,13,255.77 | ग्राम निधि (कन्मेजन) |
| 5. | तिगरी में जयन्ती प्रसाद की बैठक से नहर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 70 मीटर | 2,34,501.00 | मनरेगा |

उपरोक्त कार्य हेतु जी.एस.टी. पंजीकृत फर्म निविदा हेतु आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 16/02/2024 से दिनांक 17/02/2024 दोपहर 12:00 बजे तक निविदा बॉक्स में डाली जा सकती है और उसी दिन निविदा अपरान्ह 02:00 बजे जनप्रतिनिधि और प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।

**ग्राम प्रधान-जगदीश प्रसाद** **सचिव-नरेश पाल सागर**



**कार्यालय ग्राम पंचायत मजरा दौलतपुर, वि.खं. रामनगर, जिला बरेली**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

पंचम राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग/योजनान्तर्गत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2023-24 की स्वकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्न विवरण के अनुसार निर्माणाधीन कार्य हेतु उनके नाम के सम्मुख अंकित निर्धारित मानक/गुणवत्ता अनुसार उच्चकोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा ग्राम पंचायत मजरा दौलतपुर पर दिनांक 19.02.2024 को दोपहर 2 बजे तक निविदा बाक्स में नियत तिथि एवं समय तक डाली जा सकती है। मोहर बन्द निविदायें उसी दिन सायं काल 4 बजे निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष सार्वजनिक रूप से खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01. | राजेन्द्र के घर से ओमकार के घर तक सी.सी. व नाली निर्माण कार्य | रेता, ईंट, रोड़ी, बजरफुट, सीमेन्ट, सरिया आदि | 3,52,000/- | 15वां वित्त |
| 02. | भागीरथ के घर से धर्मवीर के घर तक नाला निर्माण 70 मी. | " | 2,95,500/- | 15वां वित्त |

**ग्राम प्रधान-भगवान देई** **सचिव-प्रदीप राणा**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**लखीमपुर-खीरी (उ.प्र. 262701)**

पत्रांक : 2237/नवनिर्माण/एम.बी.एल./2023-24 दिनांक : 14.02.2024

**ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभागों में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से 32KLD FSTP के रख-रखाव एवं संचालन कार्य हेतु दिनांक 15.02.2024 सायं 5:00 बजे से दिनांक 29.02.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता वेबसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते हैं।

1. वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि : 16.02.2024 सायं 5:00 बजे से
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि : 20.02.2024 अपरान्ह 02:00 बजे तक
3. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि : 02.02.2024 अपरान्ह 4:00 बजे
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी व शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉगइन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**(संजय कुमार)** **अधिशासी अधिकारी** **नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**

**(डा. इरा श्रीवास्तव)** **अध्यक्ष** **नगर पालिका परिषद, लखीमपुर**

असूयैक पदं मृत्युरतिवाद : श्रियो वध : ।
अशुश्रूषा त्वरा श्लाघा विद्याया : शत्रवस्त्रय : ।।

गुणों में दोष देखना एकदम मृत्यु के समान है। कठोर बोलना या निंदा करना लक्ष्मी का वध है। सुनने की इच्छा का अभाव या सेवा का अभाव,उतावलापन और आत्मप्रशंसा–ये तीन विद्या के शत्रु हैं ।

## संपादकीय

# समुद्री सीमा सुरक्षा

बीते महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वहां गए थे जिसकी तस्वीरें दुनियाभर में प्रसारित हुईं। इसके बाद से मालदीव बौखला गया था और वहां से भारत विरोधी सुर फूटने लगे। वहां के नेताओं ने न सिर्फ भारतीय प्रधानमंत्री मोदी का मजाक उड़ाया था, बल्कि भारत से अपने देश में तैनात सैनिकों को वापस बुलाने तक को कह दिया था। इसके लिए उसने 15 मार्च तक का समय दिया है। भारतीय सेना मालदीव से कब वापस आती है यह तो भविष्य में पता चलेगा, लेकिन उससे पहले भारत समुद्र में चौकसी बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। मार्च माह की शुरुआत में सरकार लक्षद्वीप के मिनिकॉय आइलैंड पर नौसैनिक बेस बनाने जा रही है, साथ ही अगाती आइलैंड और कवरत्ती में भी एयरबेस बनेगा जिससे मालदीव और चीन की हरकतों पर नजर रखने में आसानी होगी। मिनिकॉय में बनने वाले आईएनएस जटायु नौसैनिक बेस से मालदीव की दूरी मात्र 524 किलोमीटर है। इतना ही नहीं भारत अगाती आइलैंड पर मौजूद एयरस्ट्रिप को अपग्रेड करने जा रहा है। ताकि उसका इस्तेमाल फाइटर जेट्स और भारी विमानों के संचालन के लिए किया जा सके। गौरतलब है कि लक्षद्वीप, मिनिकॉय द्वीप और अंडमान निकोबार द्वीप समूह की भौगोलिक स्थिति हिंद महासागर पर नजर रखने के लिए काफी अहम है। इस इलाके में चीन की बढ़ती गतिविधियों और समुद्री रास्तों को सुरक्षित करने के लिहाज से ये नौसैनिक अड्डा काफी अहम होगा।

लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप नौ डिग्री चैनल पर स्थित हैं, जहां से होकर दक्षिण-पूर्वी एशिया और उत्तरी एशिया के बीच अरबों रुपये का आयात-निर्यात होता है। इस अड्डे से व्यापारिक सुरक्षा भी बढ़ेगी। इसे ऐसे समझा जा सकता है यदि किसी जहाज को सुंदा और लोंबक की खाड़ी की तरफ जाना है तो उसे दस डिग्री चैनल यानी अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पास से गुजरना होगा। ऐसे में दोनों जगहों पर मजबूत सुरक्षा और निगरानी दस्ता होना चाहिए, जो जरूरत पड़ने पर दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दे सके। साथ ही आसपास के इलाके में शांति बनी रहे। लक्षद्वीप में नौसेना बेसकैंप बनने से सुरक्षा में बढ़ोतरी हो सकेगी। हाल ही में सरकार ने अंडमान और निकोबार आइलैंड के कैंपबेल खाड़ी में नई फैसिलिटी बनाई हैं। इस फैसिलिटी का इस्तेमाल सेना बखूवी कर रही है। पूर्व में अंडमान और पश्चिम में लक्षद्वीप पर मजबूत तैनाती से भारत की समुद्री सीमा सुरक्षित रहेगी। दोनों द्वीप समूहों पर पर्यटन भी बढ़ेगा और लोग यहां घूमते समय सुरक्षित महसूस करेंगे।

# कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है बड़े नेताओं का पलायन



सुशील दीक्षित विचित्र
शाहजहांपुर

अब तो धीरे–धीरे यह लगने लगा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में सीख शब्द है ही नहीं। एक समय हेमंत बिस्वा शर्मा ने पार्टी छोड़ी थी तब कहा गया था कि उनके जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन असर पड़ा। ऐसा असर पड़ा कि कांग्रेस असम से ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत से साफ हो गई।

अपनी महत्वाकांक्षी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी भारत जोड़ पाए यह तो पता नहीं, लेकिन इस दौरान कांग्रेस छोड़कर जाने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। ऐसे हर नेता का एक ही आरोप है कि उनकी उपेक्षा की जा रही थी। पार्टी छोड़ने वालों में कई तो ऐसे नेता हैं जिनकी कांग्रेस में काम करते उमर बीत गई। वे पार्टी के आधार स्तंभों में तो रहे ही संकट के दौर में भी अपनी पूरी जिंदगी पार्टी को सजाने संवारने में लगा दी। आश्चर्यजनक यह है कि पायेदार नेताओं द्वारा एक के बाद एक कर पार्टी छोड़ने से कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व चिंतित होने की जगह जाने वालों की आलोचना कर रहा है। जबकि इसका पार्टी की साख पर गलत असर पड़ रहा है जिसका खामियाजा पहले भी पार्टी ने जनाधार का एक बड़ा हिस्सा खोकर भुगता है और लगता है वह आगे भी कोई सीख लेने को तैयार नहीं है।

अब तो धीरे-धीरे यह लगने लगा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में सीख शब्द है ही नहीं। एक समय हेमंत बिस्वा शर्मा ने पार्टी छोड़ी थी तब कहा गया था कि उनके जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन असर पड़ा। ऐसा असर पड़ा कि कांग्रेस असम से ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत से साफ हो गई। मध्य प्रदेश में जब ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस छोड़ी तब भी उनके प्रभाव को पार्टी ने नकार दिया था, लेकिन पिछले विधानसभा में सिंधिया का ऐसा असर पड़ा कि पार्टी चुनाव हार ही नहीं गई, बल्कि उसका जनाधार और अधिक सिमट गया। ऐसे नेताओं की लंबी सूची है जिन्होंने पार्टी छोड़ी और कांग्रेस को भारी क्षति हुई। इनमें से कई नेता तो ऐसे थे, जो राहुल गांधी के इतना करीबी थे कि राहुल की टीम का हिस्सा माने जाते थे।

राहुल गांधी प्रायः मोहब्बत की दुकान चलाने का दावा करते रहते हैं। दावा कितना सच है इस पर सबकी अपनी अपनी राय हो सकती हैं, लेकिन अभी तक जितने नेताओं ने पार्टी छोड़ी उन सबका एक ही आरोप था कि हाईकमान उनकी उपेक्षा करता है। अभी हाल में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के समर्थन के आरोप में निकाले गए। पुराने कांग्रेसी नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम का कहना है कि वे एक साल से राहुल गांधी से मिलने का समय मांग रहे थे। राजनीति के लिए अपनी पार्टी के नेताओं से मिलते रहना आवश्यक होता है। जरूरत तो कार्यकर्ता तक पहुंच बनाने की भी होती है। कभी 23 जी के नाम से मशहूर रहे कांग्रेस के पुराने नेताओं ने पार्टी को पत्र लिखकर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की सलाह दी थी। कांग्रेस की जैसी स्थिति है उन हालातों में यह सलाह बहुत माकूल थी। इसका सकारात्मक जबाब होना चाहिए था अलबत्ता ऐसा हुआ नहीं। इन नेताओं को भाजपा का एजेंट बताया गया और पत्र डस्टबिन में फेंक दिया गया। इसके बाद गुलाम नबी आजाद और कपिल सिब्बल ने कांग्रेस छोड़ दी। गुलाम नबी आजाद कश्मीर के बड़े नेता हैं। उनके पार्टी छोड़ने से कश्मीर में कांग्रेस कमजोर हुई।

पुरानी बातें जाने दें। वर्तमान की बात करें तो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जो घटनाएं घट रही हैं उनसे कांग्रेस निर्लिप्त होने का स्वांग ही कर सकती है जबकि डैमेज कंट्रोल नहीं कर सकती। इसलिए और भी नहीं कर सकती कि ऐसा करने की उसमें कोई इच्छा नहीं दिखती है। महाराष्ट्र में जब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो उनकों मनाने या समझाने की कोशिश तक नहीं की गई। तंज ही किए गए। उससे पहले कांग्रेस के बड़े नेता मिलिंद देवड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी त्याग दी है। इसके तुरंत बाद बाबा सिद्दीकी ने भी त्याग पत्र दे दिया। महाराष्ट्र में वैसे भी कांग्रेस की हालत कोई बहुत बेहतर नहीं है। उसका केवल एक सांसद है। राज्य स्तर पर पार्टी का ढांचा बिखरा हुआ है,जो लगातार बिखर रहा है।

जैसी कहानी महाराष्ट्र की है वह कमोबेश पूरे भारत की है। जब भारत जोड़ो यात्रा का पहला आयोजन समाप्त हुआ था, तब भी सवाल उठे थे कि जब पार्टी को एकजुट करने की जरूरत है तब पार्टी का आला कमान निरर्थक आयोजन में उलझा है। अब भी यही सवाल अपनी जगह अडिग खड़ा है कि जब पार्टी लगातार नेताओं और उन नेताओं से जुड़ा जनाधार खो रही है तब इसे सुलझाने से पहले यात्रा जैसे दीर्घ आयोजन का औचित्य क्या? यात्रा के साथ जुड़े न्याय शब्द को लेकर भी कटाक्ष किए जा रहे हैं कि पार्टी अपने ही कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ ही न्याय नहीं कर पा रही है तो वह किसी और को क्या न्याय देगी? जैसी कि खबरें आ रही हैं उनसे लगता है कि यदि पार्टी के नीतिनियंताओं ने अपनी रीति-नीति नहीं बदली तो पार्टी के लिए भारी संकट खड़ा हो सकता है। जिस आइएनडीआइए के दम पर कांग्रेस भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का दंभ कर रही है, उसका अभी तक कोई अता-पता नहीं। कई स्थानों पर घटक दलों और कई राज्यों में कांग्रेस ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इससे और भी लगता है कि आइएनडीआइए बनना बहुत मुश्किल है।

कांग्रेस के नेताओं ने कहा भी है कि वे अपनी दम पर चुनाव लड़ सकते हैं। यदि ऐसा हुआ तो पार्टी को लोकसभा क्षेत्रों में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। किसी भी पार्टी की असल ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। कांग्रेस में इसी की भारी कमी है। रही सही कसर जमीन से जुड़े जो थोड़े बहुत नेता पार्टी में बचे भी थे, वे या तो पार्टी छोड़ रहे हैं या छोड़ने का मन बना रहे हैं।

राजनीतिक लड़ाई बिना सेना के जो भी लड़ने की कोशिश करेगा उसकी पराजय वक्त की बात होगी। अभी जब अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो कांग्रेस के प्रवक्ताओं ने बहुत दंभ से कहा कि पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया। यह दंभ इसलिए है कि पार्टी ने किसी को दिया है तो उसने भी तो पार्टी को बहुत कुछ दिया। उसे खड़ा रखने के लिए जड़ों को अपने खून पसीने से सींचा। कुल मिलाकर यह कहना गलत नहीं होगा कि यदि पार्टी ममता बनर्जी की भविष्यवाणी सच सिद्ध नहीं होने देना चाहती तो उसे रोज हो रहे पार्टी के पतन को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे। भाजपा को टक्कर देने के लिए पार्टी में हुई दरारों को भरना होगा और इसमें तभी सफलता मिलेगी जब पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर कठिनाइयां दूर की जाए। अन्यथा यदि यही हालात रहे तो पार्टी का अस्तित्व बचाना असंभव की हद तक मुश्किल हो सकता है।

पुरानी बातें जाने दें। वर्तमान की बात करें तो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जो घटनाएं घट रही हैं उनसे कांग्रेस निर्लिप्त होने का स्वांग ही कर सकती है,जबकि डैमेज कंट्रोल नहीं कर सकती। इसलिए और भी नहीं कर सकती कि ऐसा करने की उसमें कोई इच्छा नहीं दिखती है। महाराष्ट्र में जब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो उनकों मनाने या समझाने की कोशिश तक नहीं की गई। तंज ही किए गए। उससे पहले कांग्रेस के बड़े नेता मिलिंद देवड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी त्याग दी है। इसके तुरंत बाद बाबा सिद्दीकी ने भी त्याग पत्र दे दिया। महाराष्ट्र में वैसे भी कांग्रेस की हालत कोई बहुत बेहतर नहीं है। उसका केवल एक सांसद है। राज्य स्तर पर पार्टी का ढांचा बिखरा हुआ है,जो लगातार बिखर रहा है।

## प्रसंगवश

# क्या मंदिर की काट है किसान आंदोलन

विगत काफी समय से अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्रधानमंत्री द्वारा उसमें मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा मीडिया में सुर्खियां पाती रही है। लंबे समय तक ऐसी प्रतीति कराई गई जैसे देश दुनिया में अब और कोई बड़ी खबर है ही नहीं तथा देश की सारी समस्याएं इस धर्म आयोजन से ही हल हो गईं हैं। एक-एक छोटी मोटी चीज की ब्रेकिंग और हेडिंग लगाए गई। एक बड़ी अगरबत्ती के ट्रॉसपोर्टेशन तक ने सुर्खिथां लूटीं। शासन और प्रशासन ने जोर लगाकर देश दूसरी दिवाली मनवा दी तथा आम आदमी व नई पीढ़ी को यह आभास कराया गया कि राम अब आए हैं और मोदी द्वारा लाए गए हैं, पहले नहीं थे।

सरकार यह भूल गई कि इन्हीं स्वामीनाथन की रिपोर्ट अब तक लागू नहीं की गई है तो व्यक्ति को अलंकरण देने से आम आदमी को क्या लाभ? चाहे वह स्वामीनाथन हों या चौधरी चरणसिंह। बहरहाल आंदोलन राजनीति प्रेरित है और मांगें क्लिष्ट। यह आसानी से खत्म नहीं होगा और पिछली बार की तरह ही जनता के पिसने की संभावना है।

लोकसभा चुनाव सर पर हैं और शायद इन्हीं के लिए बढ़त हासिल करने हेतु ये टाइमिंग चुनी गई थी। अब राम के मुद्दे पर विपक्ष की गति सांप छछूंदर जैसी हो गई। खुला विरोध कर नहीं सकते और समर्थन में स्पष्ट राजनीतिक नुकसान! वोट उन्हें भी चाहिए। ऐसे में पुराने ठंडे पड़ चुके किसान आंदोलन को ही जागृत कर गुल-गपाड़ा मचाना इन लोगों ने श्रेयस्कर समझा, क्योंकि इससे एक बार उन्हें सफलता भी मिल चुकी है, जब केंद्र सरकार को घुटने टेकने पर विवश होना पड़ा था और तीनों कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा था। गांव की कहावत है "जानों गुइयां फूस बराबर",यानी इस दांव से सत्तारूढ़ दल झुक जाएगा और मीडिया का रुख मंदिर से हटकर कथित किसान भीड़ और भारी जन असुविधा की ओर चला जाएगा। यही हुआ। तीर निशाने पर बैठ रहा है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यदि सरकारी सख्ती से यह भीड़ दिल्ली नहीं भी पहुंच पाएगी तो बाहर से दिल्ली घिरी रहेगी और सामान्य यातायात लंबे समय तक बाधित रहेगा। असामाजिक तत्व फायदा उठाएंगे ही और बुरी घटनाएं होंगी। सरकार की छवि धूमिल होगी तथा मंदिर प्रकरण से सत्ता पक्ष को मिले अंकों में घटोत्तरी होगी। विपक्ष को बढ़त हासिल होगी। वे रामभक्तों को वोट बैंक बनाने के जुगाड़ में थे,ये किसानों को। यद्यपि इन वर्गों के बीच कोई स्पष्ट विभाजक रेखा नहीं है। रामभक्तों में किसान भी हैं और किसानों में भक्त भी। दरअसल अतिशय चतुराई में कभी-कभी दांव उल्टा पड़ जाता है। या अपना ही अस्त्र बूमरेंग हो जाता है। कृषि कानूनों का वापस लिया जाना भी तुष्टीकरण ही था। यह कोई समाधान नहीं था। कानून गलत नहीं थे। फौरी इलाज कर दिया गया था और कहा गया था कि सभी मागें मान ली हैं। वे पूरी करना दुष्कर था और रहेगा।

इधर 'भारत रत्न' सम्मान एमएस स्वामीनाथन को देकर भाजपा ने तामिलनाडु में पैर पसारने की कोशिश तो की ही, देश के किसान संवर्ग का दिल जीतने का भी प्रयास किया गया। अब दिल का सौदा थोड़ा कठिन तो होता ही है। एक व्यक्ति को बड़ा सम्मान देकर करोड़ों वोट झोली में आने की सोचना बुद्धि परक नहीं कहा जा सकता।

सरकार यह भूल गई कि इन्हीं स्वामीनाथन की रिपोर्ट अब तक लागू नहीं की गई है तो व्यक्ति को अलंकरण देने से आम आदमी को क्या लाभ? चाहे वह स्वामीनाथन हों या चौधरी चरणसिंह। बहरहाल आंदोलन राजनीति प्रेरित है और मांगें क्लिष्ट। यह आसानी से खत्म नहीं होगा और पिछली बार की तरह ही जनता के पिसने की संभावना है। सभी राजनीतिक दलों के लिए अभीष्ट तो यह है कि वोटों के लिए सस्ते हथकंडे न अपनाएं। ठोस जनसेवा में ही रुचि लें तो राष्ट्र और समाज का भला होगा।

# दोनों पक्षों की बातचीत से निकलेगा विकल्प



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

मूवमेंट को तहस–नहस करने के लिए करीब 18 हजार सुरक्षाकर्मियों ने दिल्ली की चारो ओर से किलाबंदी की हुई है। इलाके छावनी में तब्दील होने से संपूर्ण जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है।

आंदोलित किसानों की आक्रोशित हरकतें और सुरक्षाकर्मियों का अपराधियों भांति बलपूर्वक जोर-जुल्म वाली तस्वीरें दिल को झकझोरती हैं। सोचने पर मजबूर करती हैं कि ये दृश्य आजाद भारत के हैं। क्योंकि ऐसे मूवमेंट अधिकांश अंग्रेजों को खदेड़ने के दौरान हमारे क्रांतकारी सुरक्षाकर्मी करते थे। प्रर्दशनकारी अन्नदाताओं को रोकने के लिए हजारों सुरक्षाकर्मियों ने जिस तरह से मोर्चा संभाला हुआ है।

सड़कों पर सीमेंट के बड़े-बड़े पत्थर, बैरिकेड, कंटीली तारें और नुकीले लोहे के मोटे-मोटे राड गाड़े हुए हैं, उसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है। जैसे मानो पाकिस्तान या चीन से आतंकी बॉर्डर पार करके दिल्ली में दाखिल हो रहे हों और उन्हें रोकने के लिए देश की तमाम सुरक्षा एजेंसियों के हजारों जवान लगे हों? दुख होता है ये सब देखकर। वो भी ऐसे वक्त में जब हमारी तरक्की का डंका समूचे संसार में बजता हो? अर्थव्यवस्था में पांचवें पायदान पर पहुंचने वाले हों? प्रत्येक क्षेत्रों में देश अभूतपूर्व विकास कर रहा हो, विदेशी ताकतें हमारी शक्ति को देखकर नतमस्तक हो रही हों? इन सबके बावजूद देश का अन्नदाता आंसू गैस के गोले खाने पर मजबूर है? तो थोड़ा शक होता है।

मूवमेंट को तहस-नहस करने के लिए करीब 18 हजार सुरक्षाकर्मियों ने दिल्ली की चारो ओर से किलाबंदी की हुई है। इलाके छावनी में तब्दील होने से संपूर्ण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दिल्ली के बाहर से आने वाले गंभीर मरीज राजधानी के अस्पतालों में नहीं पहुंच पा रहे? क्योंकि दिल्ली में दाखिल होने वाले सभी मार्ग बंद हैं। मंगलवार को कई मरीजों ने उचित इलाज नहीं मिलने पर बॉर्डरों पर ही दम तोड़ दिया। ये ऐसी अमानवीय आपातकाल की स्थिति जिससे हमें बिना देर किए तौबा करना होगा। अन्नदाताओं पर आतंकियों जैसा जोर-जुल्म करने के बजाय, उनके साथ सार्वजनिक रूप से खुशनुमा माहौल में केंद्र सरकार के जिम्मेदार मंत्रियों को बात करनी चाहिए। आंदोलन की रूपरेखा से पूर्व केंद्र के दो मंत्री पीयूष गोयल और अर्जुन मुंडा ने किसान संगठनों से बात जरूर की थी, पर उनसे बात नहीं बनीं? बातचीत को बीच में छोड़ना नहीं चाहिए,क्योंकि प्रर्दशनकारी किसान चाहते हैं उनसे प्रधानमंत्री या गृहमंत्री स्तर का कोई व्यक्ति मंत्रणा करे। अगर प्रधानमंत्री विदेशी दौरे पर हैं, तो ऐसे में गृहमंत्री को मोर्चा संभालना चाहिए। ठीक उसी तरह जैसे मंगलवार को उन्होंने एनएसए चीफ और दिल्ली पुलिस आयुक्त से करीब तीन घंटे आंदोलन की स्थिति को लेकर मत्रणा की। ऐसा ही उन्हें प्रदर्शनकारी किसानों के लिए भी समय निकालना चाहिए,किसान निश्चित रूप से गृह मंत्री की बात मानेंगे।


13 फरवरी यानी मंगलवार को आंदोलित किसानों और सुरक्षाकर्मियों के बीच जब तनातनी बढ़ी तो दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों के हालात बेकाबू जैसे थे। किसान दिल्ली पहुंचने की जिद पर अड़े हैं। हालात इतने नाजुक हुए जिसे देखकर गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और दिल्ली पुलिस कमीश्नर संजय अरोड़ा को अपने कार्यालय में तलब किया। दोनों के साथ उन्होंने लंबी गुफ्तगू की। बातचीत खत्म हुई तो आंदोलित किसानों पर कड़ाई से पेश आने के निर्देश सुरक्षाकर्मियों को दिए गए। गृह मंत्रालय से मिले आदेश के बाद सुरक्षाकर्मियों ने शंभू बॉर्डर, टिगरी बॉर्डर व करनाल जीटी रोड पर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर टूट ही पड़े? आंसू गैसे के गोले छोड़ने शुरू कर दिए। प्रदर्शनकारियों को बलपूर्वक खदेड़ा गया। जिद्दी किसान फिर भी नहीं माने? उसके बाद तो सुरक्षाकर्मियों के साथ किसानों की जमकर झपटें भी होती रहीं। दरअसल ऐसे आदेश गृह मंत्रालय को देने की आवश्यक कतई नहीं थी? अगर थोड़ा नरमाई दिखाकर एक बार उनसे उनकी बातें सुन लेते, तो हो सकता था कोई हल निकल आता। इससे हुकूमतों का अपनी जनता से बात करने में रूतबा कम नहीं होता,बल्कि प्रदर्शनकारियों की नजरों में और इज्जत बढ़ती है।

ऐसा हठधर्मी रवैया दोनों पक्षों नहीं अपनाना चाहिए, इससे नुकसान आमजनों का ही होता है। प्रदर्शनकारियों को मनाने के बजाय उन्हें अरेस्ट करके अस्थाई जेल में डालने की भी प्लानिंग गृह मंत्रालय ने कर ली है। इसके लिए दिल्ली के बवाना स्टेडियम को चुना है। किसान आंदोलन के बहाने विपक्षी पार्टियों ने भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कोशिश शुरू कर दी है। विपक्ष के नेताओं के बयानों के बाद तो किसान आंदोलन में राजनीति का और जबरदस्त तड़का लग गया,लेकिन हमारी सियासत का दुर्भाग्य यही है,समस्या का समाधान खोजने के बजाय सभी अपनी राजनीति चमकाने में मशगूल हैं।

## सोशल फोरम

# हरि के सामने हर

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगामी चुनाव में विजय प्राप्त करने के लिए विपक्षी एकता तथा पीडीए को आधार बनाया है। ज्यों-ज्यों लोकसभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है, विपक्षी एकता का हसीन ख्वाब ध्वस्त होता नजर आ रहा है। नीतीश कुमार के बाद उत्तर प्रदेश में जयंत चौधरी का पाला बदलना, प्रदेश में विपक्षी एकता को बड़ा धक्का है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट बहुल क्षेत्रों में जयंत चौधरी का प्रभाव है और उनके साथ छोड़ने से पश्चिम में सपा और कमजोर हुई है। सपा तथा कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर खटास है। सपा कांग्रेस को मात्र 11 सीट देने की बात कहकर अपने प्रत्याशियों की घोषणा करती जा रही है, जबकि राहुल गांधी पदयात्रा में ही व्यस्त हैं और सपा से कांग्रेस के लिए अधिक सीट की अपेक्षा कर रहें हैं। सपा पिछड़ों, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) को अपना वोट बैंक बताकर 90 प्रतिशत मतदाताओं को साधने का सपना देख रही है। अभी उत्तर प्रदेश में राज्य सभा की तीन सीट पर अपने तीन प्रत्याशी-जया बच्चन, रामजीलाल सुमन तथा आलोक रंजन, का नामांकन कराया है जिसमें से मात्र सुमन दलित हैं शेष दोनों सवर्ण हैं। जया ने पांचवीं बार राज्य सभा का पर्चा भरा है व सुमन चार बार लोकसभा सदस्य रह चुके हैं। आलोक रंजन अखिलेश यादव सरकार में मुख्य सचिव रह चुके हैं। गरीबों की चिंता करने वाली सपा ने किसी गरीब को प्रत्याशी बनाने की जहमत नहीं उठाई जब कि इस चुनाव में चुनाव प्रचार में एक भी पैसा खर्च नहीं होता और माननीय विधायक गण ही पार्टी के निर्देश पर मतदान करते हैं। सपा मुख्यालय लखनऊ में कल "शालिग्राम भगवान शिला" की पूजा की गई। इसे इटावा के लायन सफारी के पास बन रहे केदारेश्वर महादेव के मंदिर में स्थापित किया जाएगा। संभवतः अयोध्या के रामलला की टक्कर में महादेव जी को तैयार किया जा रहा है। त्रेतायुग में महादेव भक्त रावण ने राम से टकराने का साहस किया था, परिणाम से सभी परिचित हैं। कभी भाजपा ने मंडल की काट कमंडल से की थी। आज देव से दानव नहीं, हरि के सामने हर को अखाड़े में उतारने की तैयारी हो रही है।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

–फेसबुक वॉल से

# पार्टी और समाज में आवश्यक है विमर्श

पिछले दिनों मैंने देश के प्रसिद्ध चुनावी विशेषज्ञ/रणनीतिकार प्रशांत किशोर को सुना। लगा यही बात तो मैं सोच रहा था, कई बार लिखा भी कि चुनाव में हार जीत पार्टी की नहीं होती, वोटर की होती है। जब वह अपने लिए, अपने बच्चों के लिए, अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए वोट नहीं करता वरन वोट करता है जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर, पैसे के नाम पर, प्रचार के नाम पर, तो वह पराजित होता है, पार्टियां नहीं।

बिहार और यूपी देश में सबसे पिछड़े राज्य हैं। दक्षिण की तुलना में पूरा उत्तर भारत ही पिछड़ा है जहां चुनाव में जाति और धर्म सबसे प्रभावी मुद्दे हैं। हम अपनी कई पीढ़ियों का भविष्य खराब कर देते हैं और कभी तो देश को गुलाम बना देते है। आपसी कलह और अवैज्ञानिक सोच को मैं देश की गुलामी का प्रमुख कारण मानता हूं। प्रशांत किशोर आजकल पिछले करीब डेढ़ साल से बिहार की पद यात्रा कर रहे हैं। गांव-गांव जा रहे हैं और आगे अभी पूरा बिहार घूमने में उन्हें साल भर से ज्यादा का समय और लगेगा। वह दो काम कर रहे हैं, एक लोगों को जागृत कर रहे हैं और दूसरा एक ढांचा बना रहे है जिस पर वह आगे अपनी पार्टी खड़ी करेंगे। मैंने तमाम लोगों को स्व. कल्याण सिंह जैसे धुरंधर राजनेता को भी,अपनी पार्टी खड़ी करते देखा पर उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी, क्योंकि उनका संगठनात्मक ढांचा नहीं था। भाजपा की आजकल जीत के पीछे एक प्रमुख कारण उनकी पार्टी का ढांचा भी है और कांग्रेस की हार के पीछे ऐसे ढांचे का अभाव भी है। कांग्रेस ने खुद ही ढांचा ध्वस्त किया। गांधी की कांग्रेस में ज्यादातर अध्यक्ष एक वर्ष के लिए होते थे, अपवाद स्वरूप ही दूसरा वर्ष। वर्ष 1939 में दूसरे कार्यकाल के लिए जब सुभाष बाबू ने जिद की तो गांधी के कैंडिडेट से उनका चुनाव हुआ, वह जीते पर पार्टी चला नहीं पाए, उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। यहां तो सोनिया जी अध्यक्ष बनी तो छोड़ने का ही नाम नहीं लिया। कांग्रेस में पूरी की पूरी पीढ़ी खत्म हो गई,पर अध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ। अरविंद केजरीवाल की भी दो कमजोरी समझ में आती हैं। एक तो संगठन का अभाव और दूसरा उनका अधिनायकवादी होना। अधिनायक जब तक सही सोचता है तब तक तो ठीक है,पर ऐसी पार्टी लंबी दौड़ नहीं जीत सकती। उन्होंने दिल्ली में दो सबसे महत्वपूर्ण विषय स्वास्थ और शिक्षा पर काफी ध्यान दिया तो वहां चुनाव जीत रहे हैं, पर पार्टी में विभिन्न तरह की विरोधी आवाजों के अभाव में आगे सही निर्णय लेने और प्रभावी संगठन न होने से उन्हें भविष्य में समस्या आनी निश्चित है। हर पार्टी में, हर समाज में खुले विमर्श आवश्यक हैं अन्यथा उसकी नीर-क्षीर विवेकी बुद्धि मर जाएगी और पार्टी/ समाज व्यक्ति-पूजक बनकर जड़ हो जाएगा।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

प्रशांत किशोर ने जिस तरह अमरेन्द्र सिंह की कांग्रेस को पंजाब में और जगन रेड्डी को आंध्र में और भारी बहुमत से जितवाया था, वह कमाल का मानता हूं मैं। अब उन्होंने किसी के सलाह देने, जितवाने के धंधे से अपने को उन्होंने अलग कर लिया है और आजकल बिहार में सुराज यात्रा कर रहे हैं,जन जागृति यात्रा कर रहे है। अभी उन्होंने पार्टी नहीं बनाई अभी संगठन बना रहे हैं, अभी लोगों को जाति, धर्म के बजाय अपने लिए,आने वाली पीढ़ी के लिए वोट करने हेतु उनको जागृति कर रहे हैं। उनका कहना है पार्टी भी लोग ही बनाएंगे। मैं समझता हूं कि वह सही राह पर हैं और उन्हें सफलता जरूर मिलेगी। एक दिन वह जल्दी ही बिहार में राज करेंगे और उसके बाद हो सकता है वह देश को जगाए, कम से कम उत्तर भारत को जगाए।

# कुलकामधेनु : श्रीविद्या

अपने पिताजी के साथ मुझे यह सौभाग्य मिला कि मुझे देश के अनेक श्रीविद्या उपासकों के दर्शन प्राप्त हुए। मुजफ्फरनगर के पास गंगातट पर शुकताल नामक स्थान है। यहां शुकदेवजी ने परीक्षित को भागवत सुनाई थी। यहां दंडी वाला आश्रम है। सन् 1970 के आसपास यहां एक मेधावी, तपस्वी रहते थे,प्रभासभिक्षुजी। बड़े अनासक्त संन्यासी और विद्वान थे। स्वामी करपात्रीजी भी उनसे आदरपूर्वक शास्त्र-चर्चा करते थे। वे पूर्वाश्रम में प्रभासतीर्थ के पुरोहित थे। उनका मन तो उपासना में लग चुका था,किंतु चिंता थी कि गृहस्थ का काम कैसे चलेगा? उन्होंने एक प्रयोग किया,वे सात दिन तो उपासना में लगे रहते,एक दिन तीर्थ पर जाते,किंतु आश्चर्य यह होता कि उन्हें एक ही दिन में सात दिन के बराबर दक्षिणा मिल जाती। अब इन्होंने इस प्रयोग को पहले मासिक,फिर त्रैमासिक,फिर छह मास में एक दिन तीर्थ पर जाते, किंतु वहां इतना मिल जाता कि उससे गृहस्थ का काम चल जाता। उस समय का उनके द्वारा रचित एक पद्य है- याचे न कंचन न कंचन वंचयामि,सेवे न कंचन निरस्त समस्त दैन्यः। श्लक्ष्णं वसे मधुरमद्मि भजे वरस्त्रीं,देवी हृदिस्फुरति मे कुलकामधेनुः।। अर्थात् यह कैसा रहस्य है कि न तो मैं किसी से याचना करता हूं,न किसी को ठगता हूं और न ही किसी की सेवा करता हूं,किंतु मेरा दैन्य निरस्त हो चुका है। मेरे पास किसी वस्तु का अभाव ही नहीं है,पहनने को शोभायुक्त वस्त्र हैं। भोजन को सरस-मधुर व्यंजन हैं,अन्नपूर्णा जैसी पत्नी है निश्चित ही इसका रहस्य वह कुलकामधेनु भगवती ही हैं,जो मेरे हृदय में स्फुरण कर रही हैं। उनको दृढ़विश्वास हो चुका था कि मेरी चिंता व्यर्थ थी। गृहस्थ का पालन करने वाली तो जगदंबा है,उन्होंने घर छोड़ दिया। गंगा के आंचल में आ गए और उपासना में आनंदमग्न रहने लगे।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

### बेहमई कांड: कोर्ट का निर्णय तो आया, लेकिन दो गांवों के मध्य दुश्मनी ज्यों की त्यों

# बुजुर्गों के जेहन में नरसंहार की तस्वीर आज भी जीवंत

शैलेश अवस्थी, कानपुर

**अमृत विचार :** अब से 43 साल पहले कानपुर देहात जिले के सिकंदरा तहसील के बेहमई गांव में दस्यु सुंदरी फूलन देवी व उसके गैंग ने जो नरसंहार किया था उसका फैसला तो आ गया लेकिन दो गांवों के बीच नफरत की दीवार वैसे ही खड़ी है। आज भी बेहमई गांव के लोग न तो गुढ़ा का पुरवा (फूलन का गांव ) जाते हैं और न ही वहां के लोग बेहमई की तरफ झांकने की हिम्मत जुटा पाते हैं । बेहमई गांव से गुढ़ा का पुरवा के दूरी करीब चार किलोमीटर है।

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने जब फूलन को सांसद बनाया तब कहा था कि वह बेहमई को सैफई बना देंगे। फूलन भी बेहमई जाकर माफ़ी मांगना चाहती थीं पर उन्हें वहां घुसने नहीं दिया गया था। गांव वालों का कहना है कि फूलन ने गुनहगारों को मारा होता तो कोई बात नहीं। लेकिन उसने बेहगुनाहों का खून बहाया । उनकी विधवाएं अभी भी खून के आंसू रो रहीं हैं। बेहमई ठाकुरों तो गुढ़ा का पुरवा (कालपी ) मल्लाहों का गांव है। कहते हैं अपने ऊपर अत्याचार से परेशान होकर फूलन ने बंदूक उठाई थी। उसे जानकारी हुई कि उसके दुश्मन डकैत लालाराम -श्रीराम को बेहमई में शरण मिलती है और इसी कारण उसने 14 फरवरी 1981 को उस गांव में धावा बोला था। पूरे गांव को घेरकर सभी 25 पुरुषों को कुएँ के पास एकत्र किया। फिर मैदान में उन्हें लाइन में खड़ा कर उन पर गोलियों की बौछार कर दी थी।इसमें 20 की मौत हो गई थी ।



रायफल के साथ फूलन देवी। (फाइल फोटो)



बहमई गांव में स्मारक।



मंदिर में फूलन की प्रतिमा।

#### इधर स्मारक, उधर मंदिर

बेहमईकांड में मारे गए 20 ठाकुरों की याद में गांव में ही उस स्थान पर स्मारक बनवाया गया है जहां फूलन ने नरसंहार किया था। हर साल यहां श्रद्धांजलि सभा होती है । दूसरी तरफ गुढ़ा का पुरवा में फूलन देवी की प्रतिमा स्थापित कर उसकी पूजा की जाती है। गांव के लोग कहते हैं कि उसने अत्याचार के खिलाफ बंदूक उठाई और न जाने कितनी लड़कियों की प्रेरणा बनी ।

**▶▶ फूलन देवी को अपना मानने वाले बहुतेरे, मंदिर बनाकर की जाती उसकी पूजा**

उस समय वीपी सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। इस नरसंहार से सरकार हिल गई थी । इसके बाद कई डकैत मारे गए और फूलन ने आत्मसमर्पण कर दिया था। बाद में मुलायन सिंह यादव ने फूलन को मिर्जापुर से सपा का टिकट देकर सांसद बना दिया था। इसके बाद तो बेहमई ने हमेशा सपा का बहिष्कार किया। फूलन की हत्या से पहले तक तो यदि उसके गांव वाला कोई बेहमई में दिख गया तो उसकी शामत आ जाती थी। कई बार घेर कर पीटा भी गया।

#### वहां जाने से डरते हैं लोग

मोहन (गुढ़ा का पुरवा ) का कहना है कि मुझे बेहमई के पास सड़क बनाने का काम मिला था पर मैंने बिल्कुल मना कर दिया। बहुत डर लगता है। पता नहीं क्या कर दें। कई बार बेहमई में हमारे गांव वालों को घेरकर उन्हें अपमानित किया जा चुका है। वहीं सिद्धनाथ (गुढ़ा का पुरवा ) का कहना है कि मैंने अपनी बेटी की शादी बेहमई के बगल के गांव खोजा में की है। उस गांव का रास्ता बेहमई होकर जाता है तो उधर से गुजरते जी घबराता है। लेकिन कभी कुछ नहीं हुआ। सुरेश सिंह (बेहमई गांव ) ने बताया कि हम कभी फूलन के गांव नहीं गए। उसने तो यहां निर्दोष लोगों का खून बहाया। उसे कैसे माफ़ी दी जा सकती है। बुजुर्गों ने वह मंज़र देखा है, नई पीढ़ी क्या जाने दर्द। जिनके सुहाग उजड़ गए, उन्हें कैसे दिलासा मिलेगी।

## व्यास मामले में मुस्लिम पक्ष की याचिका पर फैसला सुरक्षित

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी स्थित व्यास तहखाना में पूजा की अनुमति को लेकर अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति की ओर से दाखिल अपील पर फैसला सुरक्षित कर लिया है। वर्तमान मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की पीठ के समक्ष हो रही है। उक्त अपील में वाराणसी जिला न्यायालय के 31 जनवरी के आदेश को चुनौती दी गई है, जिसके तहत मस्जिद के दक्षिणी तहखाना अर्थात व्यास तहखाना में पूजा की अनुमति दे दी गई थी। मुस्लिम पक्ष के वकील का तर्क था कि तहखाना मस्जिद परिसर का हिस्सा है। अतः व्यास परिवार या किसी अन्य को तहखाना के अंदर पूजा करने का कोई अधिकार नहीं है। इसके साथ ही यह भी तर्क दिया गया था कि अगर न्यायालय रिसीवर नियुक्त कर रहा है तो इसके पीछे कोई ठोस कारण होना चाहिए। वहीं दूसरी तरफ हिंदू पक्ष का तर्क रहा है कि तहखाना के अंदर पूजा-पथ कभी नहीं रुका और वर्ष 1993 के बाद भी यह जारी रहा।

# महिला आत्मनिर्भर तो समाज स्वतः होगा सशक्त: मुख्यमंत्री

## नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में बोले योगी आदित्यनाथ

संवाददाता, गोरखपुर/लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता सशक्त समाज की अनिवार्य शर्त है। जिस समाज में महिला सशक्त होती है, उस समाज को आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता। वर्ष 2047 में जब देश आजादी का 100वां वर्ष पूरा करेगा तो हमे एक विकसित भारत मिलेगा जिसमें देश की आधी आबादी अपना विकास करेगी। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रत्येक स्तर पर प्रयास करेगी ताकि उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन का कार्य सुनिश्चित रहे।

वे गुरुवार को गोरखपुर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी लाभार्थी महिलाओं से संवाद और 3617 स्वयं सहायता समूहों को 54 करोड़ 25 लाख रुपये का अंशकालिक ऋण भी वितरित किया।

**गरीबों को कोई नहीं उजाड़ पाएगा :** मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि कोई भी गरीबों को उजाड़ नहीं पाएगा। किसी ने ऐसा दुस्साहस किया तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई तय है। गरीबों की जमीन तो बचाई ही जाएगी, साथ ही जिन जिन भी जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

#### कन्या सुमंगला योजना की धनराशि अप्रैल से 25 हजार



मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से स्नातक तक की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दे रही है। इस योजना के अन्तर्गत अप्रैल माह से इसकी धनराशि 25 हजार की जाएगी। इस योजना के अन्तर्गत 17 लाख से अधिक बेटियों को जोड़ा जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सम्मान के दिशा में प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 3 लाख से अधिक बेटियों की शादी का कार्य सम्पन्न किया है। स्वामित्व योजना के तहत 90 लाख महिलाओं को घर का मालिकाना अधिकार दिलाया गया है।

## राशन के साथ 41 जिलों में मुफ्त बाजरा भी मिलेगा

**लखनऊ, अमृत विचार :** अंत्योदय और पात्र गृहस्थी कार्डधारकों के बीच राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के तहत 28 फरवरी तक इस माह के राशन का वितरण किया जाएगा। मुफ्त खाद्यान्न वितरण के तहत राज्य के 41 जिलों में बाजरा का वितरण भी किया जाएगा। इन जिलों में लाभार्थियों को अंत्योदय कार्ड पर नौ किग्रा गेहूं, 21 किग्रा चावल और पांच किग्रा बाजरा (कुल 35 किग्रा खाद्यान्न) का मुफ्त वितरण किया जाएगा। प्रदेश के शेष जिलों में अंत्योदय कार्डधारकों को 14 किग्रा गेहूं और 21 किग्रा चावल का निशुल्क वितरण किया जाएगा। बाजरा वितरण के लिए जिन जिलों को शामिल किया गया है उनमें बांदा, प्रतापगढ़, जौनपुर, चंदौली, वाराणसी और बलिया, बुलंदशहर, गौतमबुद्ध नगर, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अमरोहा, बरेली, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, एटा, कासगंज, फतेहपुर, पीलीभीत और हमीरपुर आदि शामिल हैं।

# राज्यसभा के लिए भाजपा से संजय सेठ ने भरा पर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा ने राज्यसभा चुनाव में राजधानी के प्रमुख कारोबारी संजय सेठ को मैदान में उतारकर एक सीट पर पेंच फंसा दिया है। भाजपा बहुमत के आंकड़े से 8 वोट पीछे है, जबकि सपा एक वोट। ऐसे में भीतरघात और खरीदफरोख्त की आशंका बढ़ गई है।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में संजय सेठ का नामांकन पत्र दाखिल कराया गया। अपना दल (एस) के कार्यकारी अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल, निषाद पार्टी के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री संजय निषाद, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, जितिन प्रसाद, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, दयाशंकर सिंह आदि शामिल रहे।

403 सदस्यों वाली उप्र विधानसभा में इस समय 399 सदस्य हैं। चार सीटें रिक्त हैं। वर्तमान संख्याबल के हिसाब से राज्यसभा की एक सीट से जीत सुनिश्चित करने के लिए प्रथम वरीयता के 37 वोट की जरूरत होगी। इस लिहाज से भाजपा से बुधवार को नामांकन करने वाले सात प्रत्याशियों पूर्व केंद्रीय मंत्री आरपीएन सिंह, महासचिव अमरपाल मौर्य, पूर्व राज्य मंत्री संगीता बलवंत, पूर्व सांसद चौधरी तेजवीर सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, पूर्व विधायक साधना सिंह और आगरा के पूर्व मेयर नवीन जैन की निर्विरोध जीत तय है। जबकि सपा से तीन नामांकन के बाद अब भाजपा का आठवां और चुनाव में 11वां नामांकन संजय सेठ का होने से एक सीट पर मतदान से ही फैसला होगा। एनडीए की अंकगणित में भाजपा 252, अपना दल (एस) 13, निशाद पार्टी के 6 और ओमप्रकाश राजभर की सुभासपा के 6 विधायक हैं। हाल ही में एनडीए का दामन थामने वाले आरएलडी के 9 विधायक मिलकर आंकड़ा 286 है। दो विधायक राजाभैया गुट के मिलाकर कुल वोट 288 है, लेकिन सुभासपा विधायक अब्बास अंसारी जेल में हैं। सपा के 108 और कांग्रेस के 2 दो विधायक है।

#### आलोक रंजन, सेठ के बीच होगा मतदान

सपा की ओर से राज्यसभा चुनाव में तीसरे प्रत्याशी बनाए गए पूर्व मुख्य सचिव आलोक रंजन और भाजपा की ओर आठवें प्रत्याशी संजय सेठ के बीच मतदान से जीत-हार तय होगी। सपा से जया प्रदा ने क्रमांक एक और रामजी लाल सुमन से क्रमांक 3 पर नामांकन किया था, जबकि सपा से क्रमांक 6 पर तीसरा नामांकन नौकरशाह आलोक रंजन का हुआ था, इस लिहाज से आलोक रंजन और संजय सेठ में देखना होगा कि धन और बाहुबल में कौन भारी पड़ता है।

#### सपा से भाजपा में आए संजय सेठ, 106 करोड़ संपत्ति

भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ शालीमार रियल एस्टेट कंपनी में पार्टनर हैं। वे सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बेहद करीबियों में गिने जाते रहे हैं। बाद में अखिलेश यादव के भी करीबी रहे। उनके साथ पार्टी के कोषाध्यक्ष रहे। अखिलेश ने ही 2016 में राज्यसभा भेजा था। उसके बाद 2019 में राज्यसभा से इस्तीफा देकर भाजपा में आए। फिर भाजपा ने उन्हीं की रिक्त हुई सीट पर फिर से राज्यसभा भेज दिया था। संजय सेठ की कुल चल संपत्ति 12.50 करोड़, पत्नी-बच्चों की 17 करोड़ से अधिक है, जबकि अचल संपत्ति में संजय की 55.75 करोड़ और पत्नी के नाम 21.30 करोड़ है। गाड़ी किसी के नाम नहीं है, जबकि 21.83 लाख संजय के पास और पत्नी के नाम 1.85 करोड़ के है। संजय सेठ के पास नामांकन के दौरान 10 लाख 13 हजार 275 रुपये कैश था।

**▶▶ प्रदेश अध्यक्ष, उपमुख्यमंत्री व कई मंत्रियों की मौजूदगी हुआ नामांकन**

राजनीतिक विश्लेषण

# सोनिया गांधी की भावुक अपील से उठेगी सहानुभूति की लहर...

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष एवं सांसद सोनिया गांधी द्वारा राजस्थान से राज्यसभा के लिए पर्चा दाखिल करने के बाद रायबरेली लोकसभा क्षेत्र से नेहरू गांधी खानदान की एक और पीढ़ी की विदाई की इबारत लिख गई। पूरी तरह से विदाई के पहले सोनिया गांधी ने रायबरेली वालों के नाम एक भावुक अपील जारी की है। इस अपील में परिवार के पीढ़ियों पुराने संबंधों की याद दिलाते हुए परिवार के नए सदस्यों का साथ देने का आग्रह भी शामिल है लेकिन सवाल यह है कि क्या इस भावुक अपील से सोनिया गांधी या गांधी परिवार के प्रति रायबरेली में सहानुभूति की लहर अगले चुनाव में उठेगी?



इस अपील में उन्होंने दो दशक के चुनावी सफर में दिए गए सहयोग के प्रति आभार जताते हुए कहा कि रायबरेली से परिवार का रिश्ता कायम रहेगा। पत्र का मजमून है- स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते अगला लोकसभा चुनाव लड़ने में अक्षम हूं। अब रायबरेली की सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा लेकिन मेरा मन रायबरेली में ही रहेगा। रायबरेली के बिना मेरा परिवार अधूरा है।रायबरेली से पीढ़यों पुराना रिश्ता है।ससुर फिरोज गांधी और सास इंदिरा गांधी की तरह ही रायबरेली के लोग चट्टान की तरह मेरे साथ भी खड़े रहे।

यह अहसान कभी भूल नहीं सकती। पिछले दो चुनाव में जिस तरह विपरीत परिस्थितियों में आपने हमारा साथ दिया है हमें विश्वास है कि इस तरह परिवार के अन्य सदस्यों को भी अपना प्यार दुलार देते रहेंगे। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सोनिया गांधी ने अपने ससुर फिरोज गांधी और सास इंदिरा गांधी की तरह ही अपने दो दशक के प्रतिनिधित्व काल में रायबरेली के विकास की चिंता की।इस चिंता का एक आधार यह भी हो सकता है कि वर्ष 2006 में उपचुनाव में उन्होंने कुल पड़े मतों का 80 प्रतिशत वोट हासिल कर इंदिरा गांधी की लोकप्रियता को भी पीछे छोड़ दिया था।

जनता के इस प्यार को उन्होंने विकास के रूप में लौटाने की कोशिश भी अपने दो दशक के कार्यकाल में पूरी शिद्दत से की। दो दशक में करीब 15,000 करोड़ की परियोजनाएं रायबरेली के लिए मंजूर कराई। रेल कोच कारखाना, रेल पहिया कारखाना, आयुर्विज्ञान संस्थान, राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएफटी), 5-5 राजमार्गों की स्वीकृति, रायबरेली लखनऊ फोरलेन आदि विकास के कार्य सोनिया गांधी की ही देन हैं।

जानने वाले जानते हैं कि सोनिया गांधी रायबरेली में सांसद के रूप में काम गांधी नेहरू-गांधी परिवार की बहू के रूप में में ही ज्यादा आती जाती रहीं। जब तक उनका स्वास्थ्य साथ देता रहा वह अपने लोकसभा क्षेत्र में हर तीन महीने में एक बार भ्रमण के रिवाज को जारी रखे रहीं। बहुत कम मौके ऐसे आए होंगे जब सोनिया को सार्वजनिक सभा में सर पर पल्लू के बिना किसी ने देखा या सुना होगा।उनकी संजीदगी यहां के आम लोगों के दिलों पर राज करती है। आप लोगों के दुख दुख दर्द को जिस तरह से उन्होंने समझा और उसके निराकरण की कोशिश की, उसका प्रभाव भी यहां देखने को मिलता है लेकिन पिछले चुनाव के बाद से क्षेत्र में न आना विरोधी भाजपा को चुनाव के लिए मुद्दा जरूर देता है।

पर्चा दाखिल करने के बाद से ही स्थानीय भाजपा नेता हमलावर हैं।भाजपा नेता इसे पराजय के डर से मैदान छोड़ना कहकर प्रचारित करना शुरू कर चुके हैं। विरोध को देखते हुए ही इस बात के कयास ज्यादा हैं क्या सोनिया गांधी की भावुक अपील गांधी परिवार के नए उत्तराधिकारी के प्रति सहानुभूति की लहर उठा पाएगी? इसका जवाब कांग्रेस के मीडिया प्रभारी विनय द्विवेदी कहते हैं- रायबरेली के लोगों की गांधी परिवार के साथ सहानुभूति पहले भी थी और परिवार की मुखिया सोनिया गांधी की भावुक अपील के बाद सहानुभूति की लहर उठेगी और जरूर उठेगी।

रायबरेली के लोग गांधी परिवार के उत्तराधिकारी को इस तरह हाथों-हाथ लेंगे जिस तरह उन्होंने सोनिया गांधी को दो दशक पहले लिया था।अब यह आने वाला लोकसभा चुनाव परिणाम बताएगा कि इस भावुक अपील का असर हुआ या बीजेपी का प्रचार परवान चढ़ा।

**गौरव अवस्थी**
(वरिष्ठ पत्रकार)


## वर्ग पहेली-344

**बाएं से दाएं**

1. 1. सूखने या नमी न होने से ऊपर की परत (तल) में झुर्रियां या शिकन पड़ जाना
4. दूध को गरम करने या औटाने के लिए मिट्टी की एक प्रकार की छोटी अंगीठी।
5. 1. जिसका हाथ शुभ हो 2. सहायता करने वाला (हाथ)।
6. 1. मादा चकवा, चकवी 2. लकड़ी का एक चक्राकार खिलौना जिसमें मोटी डोरी लगी होती है जिससे वह ऊपर-नीचे चढ़ता-उतरता है, चकरी, फिरकी, (यो-यो)।
7. 1. ताकत 2. सहारा 3. सैनिक शक्ति, सेना 4. कोई संगठित शक्ति जो समूह, दल, संस्था आदि के रूप में प्रकट होती है 5. दबाव 6. कोई बात दूसरों से मनवाने का गुण 7. किसी वस्तु की ऐंठन, मरोड़ 8. लपेट, फेरा। -खाना : इठलाना, लहराना।
8. पैर।
9. 1. झोंक 2. झोंका, हवा का झोंका, झकोरा 3. पानी का हिलोरा, लहर 4. झटका।

**ऊपर से नीचे**

2. जो गुणों का ख़जाना हो, अत्यधिक गुणी।
3. 1. ऋणी, कर्ज़दार 2. धन या रुपया जमा करने की जगह, ख़जाना 3. वह व्यक्ति जिसके पास कोई वस्तु धरोहर के रूप में रखी जाए, महाजन।
4. ग्वालियर नगर के पास का पुराना पर्वत।



#### वर्ग पहेली - 343 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ठ | | 2 फ | | 3 चि |
| | ह | | ल | | न |
| 4 नि | र | नु | ना | सि | क |
| | ना | | फू | | |
| | | 5 फ | ल | ही | न |
| 6 नि | खो | ट | ना | | |
| | | ना | | 7 पै | रा |

## सुडोकू -61

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 5 | 4 | | 6 | 7 |
| | 5 | | 2 | | | | | |
| | | 9 | | 6 | | | | |
| | | 2 | | | 3 | | 1 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 1 | | 8 | 9 | | 5 | | |
| | | | | 3 | | 4 | | |
| | 3 | | | | 1 | | 2 | |
| 7 | | 6 | | 2 | | | 3 | |

#### सुडोकू - 60 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 | 9 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- सप्तमी 08.54 तक तत्पश्चात अष्टमी।

**मेष** – आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर पर आराम करने का विचार बना सकते हैं। परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। व्यावसायिक गतिविधियों में उन्नति होगी। जीवनसाथी आपके कार्यों में आपका साथ देगा।

**वृष** – आज आपके परिजनों में कुछ असंतोष हो सकता है। लोग आपकी बातों का बुरा न मानें इसके लिए आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। अपनी सोच को सकारात्मक बनाए रखें। अत्यधिक विचार-विमर्श आपके विचारों को प्रभावित कर सकता है।

**मिथुन** – आज शाम के समय आपकी कोई समस्या हल हो सकती है। व्यापार में शानदार डील मिलने की संभावना बन रही है। आपका चित्त शांत रहेगा। नए व्यापारिक साझेदार जुड़ सकते हैं। परिवार में सुख-समृद्धि रहेगी। छात्र नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे।

**कर्क** – आज पैतृक संपत्ति को लेकर मनमुटाव हो सकता है। किसी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत जीवन में न पड़ने दें। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो सकती है।

**सिंह** – आज नई कंपनी में जॉब या ट्रांसफर के लिए आवेदन कर सकते हैं। अपनी कार्यकुशलता बढ़ाने का प्रयास करें। अपने काम के प्रति एकाग्र रहें। धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों को लेकर अध्ययन करेंगे। कार्यक्षेत्र के माहौल में शांति रहेगी।

**कन्या** – आज अपनी समस्या को लोगों से शेयर न करें क्योंकि लोग मजाक बना सकते हैं। आपकी बातों को लोग कम महत्व देंगे। गृहस्थ जीवन में तनाव हो सकता है। जीवनसाथी के व्यवहार से कुपित हो सकते हैं। बेहतर होगा की आप थोड़े सतर्क रहें।

**तुला** – आज आय के नए स्रोत विकसित होंगे। अचानक धन प्राप्त होने से मन प्रसन्न रहेगा। ऋण कम करने में सफल होंगे। शाम को आपका मन कुछ विचलित हो सकता है। परिवार का माहौल आनंदमय रहेगा। अपने प्रेमी को खुश करने का भरसक प्रयास करेंगे।

**वृश्चिक** – आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। जीवनसाथी आपके व्यवहार से काफी प्रसन्न रहेगा। गठिया के रोगियों का दर्द उभर सकता है। रुके हुए कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। कार्य के प्रति आपके समर्पण की प्रशंसा होगी।


**धनु** – आज आपकी मेहनत सफल होगी। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। प्रेमी जन आज काफी रोमांटिक मूड में हो सकता है। घर के वातावरण में प्रसन्नता रहेगी। बिना योजना के किसी नए कार्य को शुरू न करें।

**मकर** – आज मौसमी बीमारियों के कारण संक्रमण हो सकता है। कोर्ट-केस से जुड़े मामलों में कठिनाई आ सकती है। सरकारी नियमों की अवहेलना न करें। आपका स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहेगा। गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा, लेकिन कुछ वाद-विवाद भी हो सकते हैं।

**कुंभ** – आज नई नौकरी के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। शरीर स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम वगैरह की तरफ रुचि लेंगे। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। आपके व्यवहार में आत्मविश्वास और स्वाभिमान दोनों एक साथ व्यक्त होगा।

**मीन** – आज धन को लेकर कुछ उतार-चढ़ाव की स्थिति की संभावना है। दांपत्य संबंधों में जटिलता रहेगी। जब तक आपसे पूछा न जाए तब तक अपनी राय व्यक्त करने से बचें। आर्थिक समस्या परेशानी का कारण बन सकती है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु-शिशिर। चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र-भरणी 08.47 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

## आज की फिल्में

**बागी** – सुबह : 09.19
**एजेंट विनोद** – रात : 07.58
**तू झूठी मैं मक्कार** – सुबह : 10.22
**ठग्स ऑफ हिन्दुस्तान** – रात : 09.37
**जुमांजी** – सुबह : 10.53
**ब्राइटबर्न** – रात : 09.00
**मशीन** – सुबह : 10.30
**भीड़** – रात : 07.30
**ग्रेट गैंबलर** – दोपहर : 01.19
**शेरशाह** – रात : 10.01

#### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 835 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1865, राज श्री 1370, फ़ॉर्चून कि. 1705, रविन्द्रा 1765, फॉर्चुन ली0 1565, जय जवान 1440, सचिन 1445, सूरज 1460, अवसर 1550, राग गोल्ड 1515, गृहणी 1435, क्लासिक (किलो) 1625, मोर 1580, चक्र टिन 1680, ब्लू 1555, आशीर्वाद मस्टर्ड 1670, स्वास्तिक 1835, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 13500, जीरा 43000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 35800, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 600-800, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10500, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, के पी मंसूरी 4300, महबूब सेला 4750, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो ) 10800, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4350, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-11900, दाल चना 7300, लाल हिंदुस्तान 7500, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9000-13800, सच्चा हीरा 14800, मोटा हीरा 16100, अरहर गोला मोटा 12500, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**–डालमियां 4020, पीलीभीत 4000, नवाबगंज (नई) 3090, बहेड़ी (नई) 4000 रुपये।

# खाद्य कीमतों के झटके और भू-राजनीतिक तनाव मुद्रास्फीति से निपटने में चुनौतियां

## गवर्नर्स सम्मेलन में आरबीआई गवर्नर दास बोले-अंतिम चरण के लिए हम सतर्क


**मुंबई, एजेंसी**

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि खाद्य कीमतों की तरफ से बार-बार झटके लगने और भू-राजनीतिक मोर्चे पर नए तनाव पैदा होने से मुद्रास्फीति से निपटने की राह में चुनौतियां पैदा होती हैं। दास ने यहां '59वें सीसेन गवर्नर्स सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि कहा-हम अवस्फीति (मुद्रास्फीति में गिरावट) के अंतिम चरण से निपटने के लिए सतर्क हैं क्योंकि यह अक्सर सफर का सबसे मुश्किल दौर होता है। हमारा दृढ़ मत है कि स्थिर और निम्न मुद्रास्फीति स्थायी आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी आधार देगी।

उन्होंने कहा कि भारत कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर चुका है और सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा-विवेकपूर्ण मौद्रिक एवं राजकोषीय नीतियों ने मुश्किल परिस्थितियों से निपटने में भारत की सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है।

आरबीआई का अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। देश के लिए यह लगातार चौथा साल होगा जब इसकी वृद्धि दर सात प्रतिशत या उससे अधिक रहेगी। इसके साथ ही दास ने कहा कि मुद्रास्फीति वर्ष 2022 की गर्मियों के उच्चतम स्तर से अब नीचे आ चुकी है। द्विमासिक मौद्रिक नीति के लिए अहम खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी महीने में 5.1 प्रतिशत रही है।

### नए अवसर भी दरवाजे पर दे रहे हैं दस्तक



आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए आज यहां कहा कि इससे निपटने के लिए अधिक संकल्प और समन्वय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियाँ तो भरपूर हैं, लेकिन नए अवसर भी दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। ऐसी नीतियों की आवश्यकता है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था की नई वास्तविकताओं के अनुरूप हों। अनिश्चित दुनिया में, केंद्रीय बैंकों को मूल्य और वित्तीय स्थिरता के उद्देश्यों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए सक्रिय होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस माहौल में सहयोग एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। वैश्विक चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति करने के लिए अधिक संकल्प और समन्वय की आवश्यकता है।

## भारत, नेपाल ने यूपीआई-एनपीआई को जोड़ने के लिए किया समझौता

**मुंबई, एजेंसी:** भारत और नेपाल के केंद्रीय बैंकों-भारतीय रिजर्व बैंक और नेपाल राष्ट्र बैंक ने यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और नेशनल पेमेंट इंटरफेस (एनपीआई) के एकीकरण के लिए समझौते किए हैं।



भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बयान में कहा कि एकीकरण की औपचारिक शुरुआत या परिचालन की शुरुआत बाद की तारीख में की जाएगी। इसने कहा-इस एकीकरण का उद्देश्य दोनों प्रणालियों के उपयोगकर्ताओं को तत्काल, कम लागत वाले धन हस्तांतरण को सक्षम बनाकर भारत और नेपाल के बीच सीमापार प्रेषण की सुविधा प्रदान करना है। आरबीआई ने कहा कि यूपीआई-एनपीआई एकीकरण के माध्यम से अपनी तेज भुगतान प्रणालियों को जोड़ने में भारत और नेपाल के बीच सहयोग वित्तीय कनेक्टिविटी को और गहरा करेंगे और दोनों देशों के बीच स्थायी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों को मजबूत करेंगे। आरबीआई और एनआरबी के बीच हुईं संदर्भ शर्तों के आधार पर यूपीआई और नेपाल के एनपीआई को आपस में जोड़ने के लिए आवश्यक तंत्र स्थापित किया जाएगा।

## देश का निर्यात 3.12 प्रतिशत बढ़कर 3 माह के उच्चस्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी:** लाल सागर संकट और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद जनवरी में देश का निर्यात 3.12 प्रतिशत बढ़कर 3 महीने के उच्चस्तर 36.92 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि व्यापार घाटा कम होकर 9 महीने के निचले स्तर 17.49 अरब डॉलर पर आ गया। बृहस्पतिवार को सरकार ने यह आंकड़ा जारी किया।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, लगातार दो महीनों तक नकारात्मक वृद्धि दर्ज करने के बाद जनवरी में आयात लगभग तीन प्रतिशत बढ़कर 54.41 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान निर्यात भी सालाना आधार पर 3.12 प्रतिशत बढ़कर 36.92 अरब डॉलर हो गया। यह तीन महीनों का उच्चतम स्तर है। इसके साथ आयात और निर्यात के बीच का अंतर यानी व्यापार घाटा 17.49 अरब डॉलर पर आ गया, जो नौ महीनों का निचला स्तर है। इससे पहले अप्रैल, 2023 में व्यापार घाटा 15.24 अरब डॉलर रहा था। व्यापार घाटे में पिछला निचला स्तर अप्रैल, 2023 में 15.24 अरब डॉलर दर्ज किया गया था। एक साल पहले जनवरी, 2023 में यह 17.03 अरब डॉलर रहा था। समीक्षाधीन माह में कच्चे तेल का आयात 4.33 प्रतिशत बढ़कर लगभग 16.56 अरब डॉलर हो गया। वहीं सोने का आयात लगभग 174 प्रतिशत उछलकर 1.9 अरब डॉलर हो गया है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 72,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,225 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,100-47,300 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 71,300 |
| चांदी तैयार | 71,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 63,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,350 |
| चांदी पक्की | 710 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 63,500 |
| चांदी आभूषण | 71,350। |

## भारतीयों के कनाडा चीन, अमेरिका और ब्रिटेन पंसदीदा स्थल

**नई दिल्ली।** बीते वर्ष में भारतीयों के बीच कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका लोकप्रिय स्थलों में शामिल है। वीजा से जुड़ी सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी वीएफएस ग्लोबल ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कहा कि वर्ष 2023 में भारतीयों ने सबसे अधिक कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका के लिए वीजा आवेदन किये1 उसने कहा कि 2023 में दिल्ली से वीज़ा आवेदन में 10 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गई है।

## सरकार दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए कर रही प्रयास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने 2027 तक का लक्ष्य बताया



दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता भारत 2027 तक दलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने और आयात कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

उन्होंने कहा कि घरेलू दलहन उत्पादन में पहले ही उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जो 2014 के 1.7 करोड़ टन से अब काफी अधिक हो चुका है। इस साल के लिए लक्ष्य 2.95 करोड़ टन के उत्पादन का है। मुंडा ने जलवायु अनुकूल किस्मों और अन्य प्रौद्योगिकियों के तेजी से प्रसार की जरूरत पर भी जोर दिया। दालों की कमी को पूरा करने के लिए देश सालाना लगभग 35 लाख टन दलहन का आयात करता है। मुंडा ने यहां ग्लोबल पल्स कन्फेडरेशन और सहकारी संस्था नेफेड की ओर से आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा-भारत चने और कई अन्य दलहन फसलों में आत्मनिर्भर हो गया है।

## ईएसआई में 18.86 लाख नए श्रमिकों का नामांकन

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम की ईएसआई योजना में दिसंबर 2023 में 18.36 लाख से अधिक श्रमिक शामिल हुए हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि ईएसआई योजना में दिसंबर, 2023 में 18.86 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं। इसी माह में नये 23,347 प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया है। आंकड़ों के अनुसार देश के युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं क्योंकि आलोच्य अवधि के दौरान जोड़े गए कुल 18.86 लाख कर्मचारियों में से 8.83 लाख कर्मचारी 25 वर्ष की आयु वर्ग तक के हैं,जो लगभग 47 प्रतिशत है।

## प्रवर्तन निदेशालय ने पेटीएम के अधिकारियों से की पूछताछ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आरबीआई की कार्रवाई के बाद कई दस्तावेज जमा किए

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोकने की आरबीआई की हालिया कार्रवाई के बाद, पेटीएम के वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ की और कई दस्तावेज जमा किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत फिनटेक कंपनी में आरबीआई द्वारा चिह्नित कथित अनियमितताओं की औपचारिक जांच शुरू करने का निर्णय लेने से पहले दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच कर रही है।

सूत्रों ने बताया कि पेटीएम के अधिकारियों ने हाल ही में कुछ दस्तावेज जमा किए थे जिसके बाद उनसे कुछ सवाल पूछे गए। कुछ और जानकारी भी मांगी गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल कोई अनियमितता नहीं पाई गई है। फेमा के तहत कोई उल्लंघन पाए जाने पर ही इस कानून के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

# राष्ट्रीय

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बोलीं-इलाके में शांति बहाली के लिए की गई आवश्यक कार्रवाई

# संदेशखालि मामले में दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा

**कोलकाता, एजेंसी**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अशांत संदेशखालि में समस्या पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि इलाके में शांति बहाल करने के लिए हरसंभव आवश्यक कार्रवाई की गई है। बनर्जी ने राज्य विधानसभा में कहा कि अशांत संदेशखालि क्षेत्र में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और किसी भी तरह की गैरकानूनी गतिविधि में शामिल दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा।

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा स्थानीय लोगों पर कथित अत्याचारों को लेकर जिस क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन हो रहा है, उसका जिक्र करते हुए बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि उन्होंने कभी किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया है और न ही होने देंगी। उन्होंने कहा-हम संदेशखालि की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। किसी भी गलत काम में शामिल किसी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा। मैंने वहां राज्य महिला आयोग को भेजा है और संदेशखालि के लिए एक पुलिस दल गठित किया है। बनर्जी ने कहा-क्षेत्र में अशांति फैलाने के लिए एक भयानक साजिश रची जा रही है और राज्य सरकार ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई की है। बुधवार को सातवें दिन संदेशखालि में विरोध प्रदर्शन जारी रहा, बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर उतर आईं और टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग की।

### बंगाल पुलिस ने शुभेंदु अधिकारी को संदेशखालि जाने से रोका

पश्चिम बंगाल पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेंदु अधिकारी को बृहस्पतिवार को संदेशखालि जाने से रोक दिया। जिस वाहन में पश्चिम बंगाल विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और तीन अन्य भाजपा विधायक सवार थे, उसे संदेशखालि जाने वाले रास्ते पर पड़ने वाले रामपुर गांव में पुलिसकर्मियों के एक दल ने रोक दिया। अधिकारी ने कहा कि कुल चार विधायक इलाके में जा रहे थे इसलिए निषेधात्मक आदेश के उल्लंघन का सवाल ही नहीं उठता। इससे पहले, अधिकारी और पांच अन्य भाजपा विधायकों को सोमवार को संदेशखालि क्षेत्र का दौरा करने से रोक दिया गया था।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की टीम ने संदेशखालि का किया दौरा

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि का दौरा करने वाले राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष अरुण हलदर ने कहा कि वहां के लोगों ने आयोग के सदस्यों के साथ अपने 'खौफनाक अनुभव' साझा किए। संदेशखालि में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं द्वारा स्थानीय लोगों पर कथित अत्याचार किए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहा है। हलदर के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने उस क्षेत्र के निवासियों से बात की, जहां मुख्य रूप से अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़े समुदायों के लोग रहते हैं। दौरे के बाद हलदर ने कहा कि हमने विभिन्न लोगों से बात की जिन्होंने अपने साथ हुए खौफनाक अनुभवों के बारे में बात की।

## हेमंत सोरेन को 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**रांची।** रांची में एक विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बृहस्पतिवार को 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ईडी की हिरासत में थे। पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा-हेमंत सोरेन को आज विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया और उन्हें 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। हम उनके लिए जमानत याचिका दायर करेंगे।" रंजन ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोरेन की हिरासत बढ़ाने का अनुरोध नहीं किया। झामुमो नेता को अदालत से रांची के होटवार में स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार ले जाया गया है।

## रजिस्ट्रार जनरल को मिला बम की धमकी वाला ईमेल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- धमकी मिलने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय की बढ़ाई गई सुरक्षा
- वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मामले के बारे में दी जानकारी

दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक (रजिस्ट्रार जनरल) को एक ईमेल के जरिए बम की धमकी मिलने के बाद अदालत में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक को बुधवार को उनके आधिकारिक अकाउंट में ईमेल मिला। बलवंत देसाई नामक व्यक्ति द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक को 12 फरवरी को भेजे गए ईमेल में आगाह किया गया है कि गुरुवार को एक बम धमाका होगा और यह दिल्ली में सबसे बड़ा धमाका होगा। ईमेल में लिखा है कि यह दिल्ली में सबसे बड़ा विस्फोट होगा। मंत्री को भी फोन करो, सबको उड़ा दिया जाएगा। इस ईमेल को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकारियों ने सुरक्षा बढ़ा दी है। ईमेल के बाद उच्च न्यायालय के प्राधिकारियों ने दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को एक पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि उच्च न्यायालय के सक्षम प्राधिकरण ने मामले को गंभीरता से लिया है और आयुक्त से उच्च न्यायालय परिसर में और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध किया है। वहीं उच्च न्यायालय के प्राधिकारियों ने मामले की विस्तृत जांच कराने और जल्द से जल्द एक रिपोर्ट सौंपने की मांग की है।

## भाजपा के नंदकिशोर सर्वसम्मति से बने बिहार विधानसभा के अध्यक्ष

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री नंदकिशोर यादव को सर्वसम्मति से गुरुवार को बिहार विधानसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया। विधानसभा में सभाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने श्री यादव के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने की घोषणा की। इसके बाद सदन के नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव श्री नंदकिशोर यादव को अध्यक्ष की कुर्सी तक ले गए और उन्हें आसन पर बैठाया। इससे पहले उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सदन के नेता और तेजस्वी प्रसाद यादव को नेता प्रतिपक्ष की मान्यता प्रदान की जाने की घोषणा की। इसके बाद सभाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू करते हुए सभाध्यक्ष पद के लिए एक ही नामांकन होने की सदन को सूचना दी।

## एक नजर

### किसानों के लिए खोलें सोयाबीन-चना खरीद केंद्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने महाराष्ट्र सरकार से यवतमाल, चंद्रपुर और विदर्भ जिलों में सोयाबीन और चना खरीद केंद्र खोलने को कहा है, जहां ज्यादातर किसान अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के हैं। एनसीबीसी के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) द्वारा सोयाबीन और चना खरीद केंद्र खोलने से इसकी खेती में लगे क्षेत्रीय किसानों को लाभ होगा। महाराष्ट्र के सहकारिता, विपणन और कपड़ा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भी किसानों की शिकायत और ऐसे खरीद केंद्रों की उनकी मांग के बारे में सूचित किया गया।

### यूएपीए संबंधी याचिकाएं वापस लेने की अनुमति

**नई दिल्ली।** गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाले व्यक्तियों और समूहों ने गुरुवार को अचानक उच्चतम न्यायालय में अपनी याचिकाएं वापस ले लीं और कहा कि उन्होंने उचित मंचों पर जाने का निर्णय लिया है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने बुधवार को आठ याचिकाएं वापस लेने की अनुमति दे दी।

## कोर्ट का 182 साल जेल की सजा टाल रहे कारोबारी की पैरोल बढ़ाने से इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- हाईकोर्ट ने कहा-निर्धारित की गई सजा से बचा नहीं जा सकता




दिल्ली उच्च न्यायालय ने भूखंड खरीददारों से ठगी करने के मामले में 182 साल जेल की सजा को टाल रहे एक रियल एस्टेट कारोबारी की पैरोल बढ़ाने से इनकार करते हुए कहा है कि इसे प्रदान करना एक विशेषाधिकार है, नियमित रूप से विस्तारित किए जाने वाला अधिकार नहीं। उच्च न्यायालय ने कहा कि निर्धारित की गई सजा से बचा नहीं जा सकता और महज इस आधार पर पैरोल को अनंत काल तक जारी रखने की व्यक्ति द्वारा की जा रही कोशिशें दिल्ली कारागार नियम, 2018 के तहत 'फर्लो' एवं 'पैरोल' प्रदान करने की योजना के खिलाफ होगी।

न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कहा-मौजूदा मामले में, याचिकाकर्ता दिल्ली कारागार नियम, 2018 के अनुरूप पैरोल प्रदान करने के लिए सक्षम प्राधिकार के समक्ष अर्जी लगाए बिना, कानूनन सुनाई गई सजा को वर्षों से टाल रहा है। उन्होंने कहा कि रिट याचिकाओं के जरिये पैरोल के स्वतः विस्तार को नियमित नहीं माना जा सकता, जो करीब चार साल से जारी है। तिरुपति एसोसिएट्स के राकेश कुमार की याचिका खारिज करते हुए उच्च न्यायालय का यह आदेश आया है। कुमार ने छह महीनों के पैरोल के लिए अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने कहा-पैरोल प्रदान करना एक विशेषाधिकार है, और उपरोक्त अवधि के लिए नियमित रूप से पैरोल अधिकार नहीं है...। याचिकाकर्ता के अनुसार, वह सात साल हिरासत में रह चुके हैं। उन्हें एक उपभोक्ता मंच ने भूखंड खरीददारों के एक संघ द्वारा दायर किये गये मामले में 182 साल जेल की सजा सुनाई है। कुमार ने दलील दी कि उच्च न्यायालय के 13 सितंबर 2019 के एक आदेश पर उन्हें पैरोल पर रिहा किया गया और मामले को सुलझाने के उनके आश्वासन के मद्देनजर समय-समय पर इसे विस्तारित किया गया। पिछला आदेश इस साल 10 जनवरी को जारी किया गया था।

## एनआईए ने महाराष्ट्र में कई जगहों पर छापे मारे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**आईएसआईएस षड्यंत्र मामला**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पश्चिमी घाट क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की वैश्विक आतंकवादी संगठन आईएसआईएस की साजिश से संबंधित एक मामले में महाराष्ट्र में कई जगहों पर छापों के बाद बृहस्पतिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।


एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि छत्रपति संभाजीनगर (पूर्व में औरंगाबाद) में नौ जगहों पर अनेक संदिग्धों के आवासों पर छापों के दौरान मोहम्मद जोहेब खान को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि इस कार्रवाई के दौरान मामले से संबंधित अनेक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। प्रवक्ता ने कहा कि खान के खिलाफ मामला एनआईए मुंबई द्वारा इस जानकारी के आधार पर दर्ज किया गया था कि उसने और उसके साथियों ने आईएसआईएस खलीफा के लिए काम करने की शपथ ली थी।

## गुजरात में दो समूहों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत, 30 लोगों पर मामला दर्ज

**हिम्मतनगर।** गुजरात के साबरकांठा जिले के प्रांतिज शहर में दो समुदायों के सदस्यों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार रात खोडियार कुवा इलाके में हुई। पुलिस अधीक्षक विजय पटेल ने कहा-मयूर भोई और इमरान कादरी नाम के दो व्यक्तियों के बीच पैसों को लेकर हुए झगड़े के बाद झड़प हुई। जिसमें राजू भोई नामक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''राजू की हत्या के आरोप में 30 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमें से 17 लोगों की पहचान कर ली गई है।

## फेमा मामले में टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा को ईडी का समन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पूर्व लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा को फेमा कानून के कथित उल्लंघन के एक मामले में समन जारी कर अगले सप्ताह पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि 49 वर्षीय मोइत्रा को दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में 19 फरवरी को पेश होने को कहा है। सूत्रों ने बताया कि मोइत्रा के पेश होने पर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत उनका बयान दर्ज किया जा सकता है। मोइत्रा के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) भी जांच कर रही है। वह लोकपाल द्वारा मामला भेजे जाने पर मोइत्रा के खिलाफ आरोपों की प्राथमिक जांच कर रही है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर उपहार के बदले लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था।



पूछताछ के लिए 19 फरवरी को बुलाया

# अयोग्यता के मामले में अजित गुट की जीत

**मुंबई, एजेंसी**

- महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने खारिज की सभी याचिकाएं
- नार्वेकर बोले-संख्या बल के हिसाब से अजित गुट असली एनसीपी



महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि अजित पवार की अगुवाई वाला समूह उस समय असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) था, जब पार्टी में जुलाई 2023 में दो गुट उभरे थे, और अजित तथा शरद पवार नीत खेमों की अयोग्यता याचिकाएं खारिज कर दीं।

नार्वेकर ने यहां विधानमंडल परिसर में अपने फैसले में कहा-(विधायकों की) अयोग्यता का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं खारिज की जाती हैं। अजित पवार के अपने समर्थकों के साथ जुलाई 2023 में महाराष्ट्र की शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने और उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद अयोग्यता याचिकाएं शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार नीत प्रतिद्वंद्वी खेमों ने दायर की थीं। नार्वेकर ने फैसले में कहा कि पार्टी संस्थापक शरद पवार के फैसलों पर सवाल उठाना या उनकी इच्छा की अवहेलना करना दल-बदल नहीं है बल्कि यह केवल एक आंतरिक असहमति है।

उन्होंने कहा कि दल-बदल रोधी प्रावधानों से संबद्ध संविधान की 10वीं अनुसूची का इस मामले में दुरूपयोग किया गया। पार्टी नेतृत्व बड़ी संख्या में सदस्यों को अयोग्य करार दिये जाने की धमकी देकर उनकी असहमति की आवाज दबाने के लिए 10वीं अनुसूची का इस्तेमाल नहीं कर सकता। फैसले में कहा गया है कि राकांपा में (जुलाई 2023 में) हुआ घटनाक्रम स्पष्ट रूप से पार्टी की अंदरूनी असहमति थी। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी में टूट होने के समय अजित पवार खेमे में ज्यादातर विधायक थे। उन्होंने कहा कि अजित पवार खेमे के फैसले ने राकांपा की इच्छा को प्रदर्शित किया। पिछले हफ्ते, अजित पवार नीत पार्टी को असली राकांपा करार देने संबंधी निर्वाचन आयोग के फैसले के बाद नार्वेकर का यह निर्णय आया है।

# भारतीय टेस्ट कैप पाकर भावुक हो गए सरफराज और जुरेल

## राहुल के चोटिल होने, अय्यर के बाहर और विराट की अनुपस्थिति के कारण टेस्ट टीम में मिली जगह

राजकोट, एजेंसी

भारतीय टीम में गुरुवार सुबह तब भावनाएं पड़ी जब सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच से पहले टेस्ट कैप सौंपी गई। मुंबई की तरफ से अच्छा प्रदर्शन कर रहे सरफराज लंबे समय से भारतीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे थे लेकिन इस खिलाड़ी को आखिर इंतजार के बाद टेस्ट टीम में जगह मिल गई।

केएल राहुल के चोटिल होने, श्रेयस अय्यर को बाहर किए जाने तथा विराट कोहली की अनुपस्थिति से सरफराज को टेस्ट टीम में जगह मिला। दूसरी तरफ केएस भरत के बल्लेबाजी में लगातार लचर प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश के जुरेल का विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में अंतिम एकादश में चयन तय माना जा रहा था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका औसत लगभग 47 है। सरफराज भारत के 311वें और जुरेल 312वें टेस्ट क्रिकेटर बने। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज को भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और देश के सबसे सफल गेंदबाज अनिल कुंबले ने टेस्ट कैप दी। कुंबले ने कहा कि सरफराज जैसे आगे बढ़े उस पर हमें गर्व है। आपने जो हासिल किया मुझे विश्वास है कि आपके पिता और परिवार को गर्व होगा। आपसे पहले केवल 310 लोग टेस्ट खेले हैं। सरफराज को बाद में अपने पिता और कोच नौशाद खान को अपनी टेस्ट कैप दिखाते हुए देखा गया। यही नहीं उनकी पत्नी की आंखों में आंसू छलक आए और सरफराज को उन्हें पोंछते हुए देखा गया। जुरेल को पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने टेस्ट कैप सौंपी। कार्तिक ने कहा कि आगरा से आना और छोटी उम्र में नोएडा जाना और आपके साथ आपकी मां का होना। इस यात्रा में कुछ मुश्किलें जरूर आई होंगी। इस यात्रा में कई लोगों ने आपकी मदद की होगी और मुझे यकीन है कि आज आपको देखकर वे खुश हो रहे होंगे। उन्होंने कहा कि आपने विभिन्न प्रारूप में मैच खेले होंगे लेकिन टेस्ट क्रिकेट सबसे कड़ा प्रारूप होता है और जब आप इस प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो बहुत संतुष्टि मिलती है।



**311** वें टेस्ट क्रिकेटर बने सरफराज

**312** वें खिलाड़ी चुने गए ध्रुव जुरेल

### पिता के सामने खेलना चाहता था: सरफराज

सरफराज का सपना पिता के सामने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलना था। उनका सपना गुरुवार को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पदार्पण से साकार हुआ। स्टेडियम में मौजूद उनके पिता नौशाद अपने आंसू नहीं रोक पाए। सरफराज ने कहा कि मैदान पर आना और पिता के सामने कैप लेना और उनके सामने भारतीय टीम के लिए खेलूं। पिता के सामने भारत के लिए खेलने से अधिक रन और प्रदर्शन मायने नहीं रखते।

# टी-20 विश्व कप तक भारत के मुख्य कोच राहुल और टीम के कप्तान रहेंगे रोहित : शाह

राजकोट, एजेंसी

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पुष्टि की कि राहुल द्रविड़ इस साल जून में होने वाले टी-20 विश्व कप तक मुख्य कोच बने रहेंगे। द्रविड़ का अनुबंध पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद समाप्त हो गया था, लेकिन उन्हें कार्यकाल तय किए बिना उनके सहयोगी स्टाफ के साथ दिसंबर जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के दौरे तक पद पर बने रहने के लिए कहा गया था। शाह ने कहा कि उन्होंने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप तक द्रविड़ को मुख्य कोच बनाए रखने का फैसला करने से पहले इस पूर्व कप्तान से बातचीत की। शाह ने कहा कि विश्व कप के बाद राहुल को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जाना पड़ा। आप राहुल द्रविड़ जैसे सीनियर के अनुबंध को लेकर चिंतित क्यों हैं। वह टी-20 विश्व कप में भी कोच बने रहेंगे। शाह ने हालांकि संकेत दिए कि टी20 विश्व कप से पहले उनके बीच कुछ दौर की बातचीत होगी।



### रोहित की अगुवाई में भारत टी-20 विश्वकप जीतेगा

जय शाह ने भारत की कप्तानी पर कहा कि उन्हें भरोसा है कि रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत खिताब जीतेगा। शाह ने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एससीए) स्टेडियम का नाम बदलकर निरंजन शाह स्टेडियम करने के कार्यक्रम में कहा कि हम भले ही 2023 वनडे विश्वकप का फाइनल हार गए हो, लेकिन हमने लगातार 10 मैच जीतकर दिल जीत लिया। मुझे विश्वास है कि भारत बारबाडोस में रोहित की कप्तानी में 2024 टी-20 विश्वकप जीतेगा। शाह ने टी-20 विश्वकप के लिए रोहित को कप्तानी की कमान सौंपने के फैसले के बारे में यह जानकारी दी।

## खेल डायरी

### डब्ल्यूपीएल 2 : यूपी वारियर्स से जुड़े अभय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा रह चुके अभय शर्मा 23 फरवरी से शुरू हो रही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र से पहले यूपी वारियर्स से क्षेत्ररक्षण और विकेटकीपिंग कोच के रूप में जुड़ गए हैं। रेलवे के पूर्व रणजी कप्तान अभय ने पिछले घरेलू सत्र में दिल्ली की रणजी टीम को कोचिंग दी थी। वह भारत ए और भारत अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच की भूमिका भी निभा चुके हैं। इंग्लैंड के जॉन लुईस यूपी वारियर्स के मुख्य कोच हैं। डब्ल्यूपीएल के सूत्र ने कहा कि अभय यूपी वारियर्स के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ गए हैं। अभय 54 साल के हैं और उन्होंने 1988 से 2003 के बीच 89 प्रथम श्रेणी मैच खेले। यूपी वारियर्स की टीम बेंगलुरू में ट्रेनिंग कर रही है। डब्ल्यूपीएल का पहला चरण बेंगलुरू में होगा जिसके बाद दूसरा और अंतिम चरण दिल्ली में खेला जाएगा।



### भारतीय पुरुष हॉकी टीम आस्ट्रेलिया से 4-6 से हारी

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** कप्तान हरमनप्रीत सिंह के दो गोल भी भारतीय पुरुष हॉकी टीम के काम नहीं आए, जिसने गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम क्वार्टर में 3 गोल गंवा दिए और 4-6 से हार गई। भारत के लिए हरमनप्रीत सिंह ने 12वें और 20वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल दागे जबकि सुखजीत सिंह ने 18वें और मंदीप सिंह ने 29वें मिनट में मैदानी गोल से 4-2 से बढ़त बनाई थी। अंतिम क्वार्टर में मैच का रूख बदल गया। आस्ट्रेलिया के ब्लेक गोवर्स ने दूसरे मिनट दो गोल, अरान जालेवस्की ने 40वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से, लाचलान शार्प ने 52वें मिनट में, जैकब एंडरसन ने 55वें और जैक वेल्च ने 58वें मिनट में मैदानी गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। आस्ट्रेलिया ने दूसरे ही मिनट में दो गोल करके भारत को हैरान कर दिया था।

### फीफा रैंकिंग में भारत खिसककर 117वें स्थान पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम हाल में एएफसी एशियाई कप में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण गुरुवार को फीफा रैंकिंग में 15 पायदान खिसककर 117वें स्थान पर पहुंच गई जो 7 साल में उसकी सबसे खराब रैंकिंग है। भारत एएफसी एशियाई कप में अपने सभी तीनों ग्रुप मैच गंवा बैठा था। यह भारत की जनवरी 2017 में 129वीं रैंकिंग के बाद सबसे खराब रैंकिंग है। अब तक देश की सबसे खराब रैंकिंग 2015 में 173 थी। भारत ने पिछली रैंकिंग से 35 .63 रेटिंग अंक गंवा दिए। अब यह टोगो (116वीं रैंकिंग) और गिनी बिसाऊ (118वीं) के बीच में है। एशियाई देशों में भारत की रैंकिंग 22 है। कोच इगोर स्टिमक के मार्गदर्शन में भारत एशियाई कप में आस्ट्रेलिया से 0-2, उज्बेकिस्तान से 0-3 और सीरिया से 0-1 से हार गया था जिससे उसे कोई अंक नहीं मिला और टीम इसमें कोई गोल भी नहीं कर पाई।

### कोलमैन को हराकर नागल क्वार्टरफाइनल में

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारत के दूसरे वरीय सुमित नागल को गुरुवार को हांगकांग के कोलमैन वांग से कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, लेकिन वह एक घंटे 46 मिनट तक चले मुकाबले को जीतकर बेंगलुरू ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गए। नागल ने 6-2, 7-5 से जीत हासिल की। नागल ने पहले सेट में 2-0 की बढ़त बनाई। नागल को फिर आठवें गेम में एक और ब्रेक मिला, जिससे उन्होंने पहला सेट 6-2 से जीत लिया। दूसरे सेट में वोंग ने नागल को संघर्ष कराया। पहले चार गेम में दोनों ने अपनी सर्विस पर गेम जीते। कोलमैन ने पांचवें गेम में नागल की सर्विस तोड़ी, जिससे इस टूर्नामेंट में पहली बार नागला ने अपनी सर्विस 'ड्राप' की। नागल ने छठे गेम में सर्विस ब्रेक कर स्कोर 3-3 कर दिया। सातवें गेम में नागल 0-40 से पीछे थे और वोंग ने दो विनर जमा दिए। नागल ने खेल में सुधार करते हुए स्कोर 'ड्यूस' किया और 4-3 से आगे हो गए। नागला को 10वें गेम में मैच खत्म करने का मौका मिला लेकिन वोंग ने दोनों मैच प्वाइंट बचा दिए। नागल ने 12वें गेम में तीसरे मैच प्वाइंट में मौका नहीं गंवाया। वोंग ने 40-30 पर मजबूत वॉली लगाई पर नागल ने फोरहैंड क्रॉस कोर्ट विनर से मैच अपने नाम किया।



बेंगलुरु ओपन

# रोहित और जडेजा के शतक से भारत संभला

## भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 33 रन पर गंवाए तीन विकेट

राजकोट, एजेंसी



कप्तान रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने गुरुवार को शतक जड़कर न सिर्फ टीम को शुरुआती झटकों से उबारा बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच का पहला दिन भी भारत के नाम किया। भारत ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 5 विकेट पर 326 रन बनाए हैं। रोहित (131) और जडेजा (नाबाद 110) ने चौथे विकेट के लिए 204 रन की साझेदारी की। यह भारत की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ चौथे विकेट के लिए तीसरी बड़ी साझेदारी है। इन दोनों के अलावा अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज खान ने 66 गेंद पर 62 रन की मनोरंजक पारी खेली। स्टंप उखड़ने के समय जडेजा के साथ नाइट वॉचमैन कुलदीप यादव एक रन पर खेल रहे थे।



रोहित और जडेजा ने तब मोर्चा संभाला जब भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 33 रन पर यशस्वी जायसवाल (10), शुभमन गिल (00) और रजत पाटीदार (05) के विकेट गंवा दिए थे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने अब तक 69 रन देकर 3 विकेट लिए हैं। रोहित और जडेजा ने सहजता से रन बटोरे। वुड को हालांकि सुबह के सत्र में थोड़ा मूवमेंट मिल रहा था लेकिन बाद में उन्होंने शॉर्ट पिच गेंदों से भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा ली। रोहित ने लेग स्पिनर रेहान अहमद की गेंद पर दो रन लेकर 11वां टेस्ट शतक पूरा किया जो इंग्लैंड के खिलाफ उनका तीसरा शतक है। रोहित ने रेहान को निशाने पर रखा, लेकिन वुड ने शॉर्ट पिच गेंद करना जारी रखा। रोहित इस तेज गेंदबाज की एक और शॉर्ट पिच गेंद को सबक सिखाने के प्रयास में मिड विकेट पर बेन स्टोक्स को कैच दे बैठे। उन्होंने 196 गेंद पर 14 चौके और 3 छक्के लगाए। जडेजा ने शतक के करीब पहुंचने के बाद धीमी बल्लेबाजी की। उन्होंने 198 गेंद पर अपने टेस्ट कॅरियर का चौथा शतक बनाया। उन्होंने लेग साइड में रन बटोरे तथा विकेटों के बीच उनकी दौड़ शानदार रही। जडेजा ने अब तक 212 गेंद पर 9 चौके और 2 छक्के जड़े हैं। सरफराज को देखकर नहीं लगा कि वह पहला टेस्ट खेल रहे हैं। उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी की तथा चारों तरफ शॉट लगाया। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली की गेंद पर छक्का मारकर 48 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। जब लग रहा था कि सरफराज बड़ी पारी खेलने में सफल रहेंगे तब जडेजा के साथ गफलत के कारण उन्हें रन आउट होना पड़ा। उन्होंने 66 गेंद में 9 चौके और 1 छक्का लगाया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही जबकि वुड ने सुबह के सत्र में 2 और हार्टली ने 1 विकेट लेकर इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। वुड की गति और पिच से मिल रहे मूवमेंट के कारण भारत को शुरू में कुछ करारे झटके लगे। पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सलामी बल्लेबाज जायसवाल कुछ खास नहीं कर पाए तथा वुड की गेंद पर स्लिप में कैच दे बैठे। विशाखापत्तनम टेस्ट में शतक बनाकर वापसी करने वाले गिल को वुड ने खाता भी नहीं खोलने दिया। उन्होंने विकेटकीपर बेन फॉक्स को आसान कैच दिया। गिल की पारी केवल नौ गेंद तक सीमित रही। भारत का स्कोर तब 3 पर 33 रन हो गया। नंबर 4 पर आए पाटीदार ने हार्टली की गेंद पर शॉर्ट कवर पर खड़े बेन डकेट को कैच दिया। दो मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले रोहित का भाग्य ने साथ दिया। जेम्स एंडरसन की गेंद पर उन्हें पगबाधा दे दिया गया था, लेकिन डीआरएस से पता चला की गेंद उनके बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर पैड से टकराई थी। इसके कुछ ओवर बाद जो रूट ने हार्टली की गेंद पर स्लिप में उनका कैच छोड़ा। रोहित तब 27 रन पर खेल रहे थे।

### भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

- रोहित और जडेजा ने 204 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला, सरफराज ने दिया 62 रन का योगदान
- इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने अब तक 69 रन देकर लिए 3 विकेट, हार्टली ने भी 1 विकेट लिया

### जडेजा ने सरफराज से मांगी माफी

**राजकोट।** रविंद्र जडेजा ने तीसरे टेस्ट के पहले दिन रन के लिए बुलाने के गलत फैसले के लिए सरफराज खान से माफी मांगी, जिससे वह रन आउट हो गए। 1 रन के लिए बुलाने के जडेजा के गलत फैसले से सरफराज गेंदबाजी छोर पर रन आउट हो गए। जडेजा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, 'सरफराज के लिए बुरा लग रहा है। यह मेरा गलत फैसला था, आप अच्छा खेले।

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | | | 326/5 (86 ओवर) |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल का रूट बो वुड | 10 | 10 | 2/0 |
| रोहित शर्मा का स्टोक्स बो मार्क वुड | 131 | 196 | 14/3 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो मार्क वुड | 00 | 09 | 0/0 |
| रजत पाटीदार का डकेट बो टॉम हार्टली | 05 | 15 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा (खेल रहे) | 110 | 212 | 9/2 |
| सरफराज खान रन आउट (मार्क वुड) | 62 | 66 | 9/1 |
| कुलदीप यादव (खेल रहे) | 01 | 10 | 0/0 |

**अतिरिक्त:** (बाई-1, लेगबाई-3, नो बॉल -2, वाइड-1) 07, **विकेट पतन:** 1-22, 2-24, 3-33, 4-237, 5-314, **गेंदबाजी:** जेम्स एंडरसन 19-5-51-0, मार्क वुड 17-2-69-3, टॉम हार्टली 23-3-81-1, जो रूट 13-1-68-0, रेहान अहमद 14-0-53-0

# डब्ल्यूएफआई को निलंबित करने की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी



ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया ने गुरुवार को कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फिर से निलंबित करने की अपील की।

उन्होंने कहा कि संजय सिंह की अगुआई वाली संस्था को बहाल करने से पहलवान 'खतरे और उत्पीड़न' के दायरे में आ गए हैं। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने मंगलवार को भारत पर लगा अस्थाई प्रतिबंध हटा दिया लेकिन राष्ट्रीय महासंघ को निर्देश दिया कि वह लिखित गारंटी दे कि विरोध कर रहे पहलवानों बजरंग, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट के खिलाफ भेदभावपूर्ण कार्रवाई नहीं की जाएगी। बजरंग ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने हैंडल में साझा किए पत्र में लिखा कि इस फैसले से भारतीय पहलवान एक बार फिर डब्ल्यूएफआई सदस्यों से खतरे और उत्पीड़न के दायरे में आ गए हैं। समय पर चुनाव नहीं कराने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने पिछले साल 23 अगस्त को डब्ल्यूएफआई को निलंबित किया था। कई अड़चनों के बाद अंततः डब्ल्यूएफआई के चुनाव हुए और संजय सिंह को अध्यक्ष चुना गया। बजरंग ने कहा कि हम पहलवान आपसे अनुरोध करते हैं कि विभिन्न माध्यमों से अनुचित कार्यों और उत्पीड़न के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों का समर्थन करें। भारतीय पहलवान न्याय और निष्पक्ष एवं सुरक्षित खेल के अपने अधिकारों के लिए आपकी ओर देख रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आप भारत में स्वच्छ और निष्पक्ष खेल गतिविधियों का समर्थन तथा डब्ल्यूएफआई के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के हमारे अनुरोध पर विचार करेंगे।

# भारतीय पुरुष टीम चीन से 2-3 से हारी

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

भारतीय पुरुष टीम को सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार युगल जोड़ी की कमी खली, जिससे उसे गुरुवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप (बीएटीसी) के ग्रुप मैच में चीन से 2-3 से हार मिली। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने अपने एकल मुकाबले जीते लेकिन चीन ने दोनों युगल मुकाबले जीतकर स्कोर 2-2 कर दिया और अंतिम मैच में चिराग सेन को वांग झेंग जिंग से हार मिली, जिससे भारत मुकाबला गंवा बैठा। पहले ही नॉकआउट में जगह बना चुकी भारतीय टीम ग्रुप में दूसरी रही और चीन ने शीर्ष स्थान पाया। पता चला है कि सात्विक और चिराग को टीम प्रबंधन ने आराम दिया था क्योंकि भारत पहले ही हांगकांग पर 4-1 की जीत से क्वार्टरफाइनल में जगह बना चुका था। प्रणय ने वेंग पर जीत दर्ज कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। पहले युगल में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला एक गेम जीतने के बावजूद चेन बो यांग और लियू यिन से पराजित हो गए। लक्ष्य सेन ने फिर लेई लान जि को हराकर भारत को वापसी कराई। लेकिन सूरज गोआला और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय की जोड़ी को दूसरे युगल में रेन जियांग यु और जि हाओ नान की जोड़ी से हार मिली, जिससे स्कोरलाइन 2-2 हो गई। निर्णायक मैच में चिराग भारत के लिए मैच नहीं जीत सके।

बीएटीसी





# बॉलीवुड हलचल

## शैतान का गाना खुशियां बटोर लो रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन स्टारर सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का पहला गाना खुशियां बटोर लो रिलीज हो गया है। अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर गाने को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'जब आप अपने परिवार के साथ होते हो, तो हर पल कीमती और खूबसूरत'। विकास बहल के निर्देशन में बनी फिल्म 'शैतान' में अजय देवगन के साथ आर माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं।

### आलिया भट्ट की सीरीज पोचर का ट्रेलर जारी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट निर्मित फिल्म पोचर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'पोचर' अमेज़न प्राइम वीडियो की ओरिजिनल क्राइम सीरीज़ है। इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।' पोचर' को आलिया भट्ट ने प्रोड्यूस किया है . वहीं, निर्देशक रिची मेहता है। यह सीरीज असल घटना पर बनी है, इसकी कहानी एक हाथी के इर्द-गिर्द घूमती है। पोचर 23 फरवरी को अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। पोचर को हिंदी के साथ इंग्लिश, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया जाएगा। 'पोचर' के ट्रेलर में हाथियों की लगातार हो रही हत्या की एक झलक दिखाई गई है। इस अवैध शिकार में पुलिस वालों के साथ तमाम लोग इस गिरोह में शामिल होते हैं। इस गिरोह पर जांच बैठती है।

## मधुबाला के बाद माधुरी सबसे खूबसूरत अभिनेत्री




बॉलीवुड में जब भी खूबसूरती की का जिक्र होता है मधुबाला के बाद माधुरी दीक्षित का नाम आना लाजमी है। 90 के दशक में माधुरी के नाम का डंका बजता था और वो न केवल सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्री थीं बल्कि कई सुपरस्टार्स से अधिक फीस लिया करती थीं। फिल्म तेजाब का गाना एक, दो, तीन पर माधुरी ने ऐसा डांस किया कि जिसे आज भी उदाहरण की तरह देखा जाता है। इस फिल्म के साथ ही माधुरी की स्टारडम की जर्नी भी शुरू हो गई थी। शादी के बाद जब माधुरी भारत छोड़ कर चली गईं तो उनके फैंस बेहद निराश हुए थे और शायद उन्हीं के लिए वो लौट आईं। माधुरी दीक्षित ने साल 1984 में राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म अबोध से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि उनकी इस फिल्म में उन्हें खास पसंद नहीं किया गया। 1988 में आई फिल्म तेजाब उनके लिए जैकपॉट साबित हुई। इस फिल्म में माधुरी ने अपनी काबिलियत साबित की। उनके डांस के लोग दीवाने हो गए। फिल्म के आइकोनिक सॉन्ग 'एक-दो-तीन' का आज भी कोई जवाब नहीं है। तेजाब के बाद बेटा और दिल जैसी फिल्मों के साथ माधुरी बॉलीवुड पर छा गईं। इसके बाद आई राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म 'हम आपके हैं कौन' जिसकी सफलता ने माधुरी को लेडी सुपरस्टार बना दिया। करियर के पीक पर माधुरी ने 1999 में डॉ श्रीराम नेने से शादी की और फिर अमेरिका चली गईं। इस बात से उनके फैंस बेहद निराश हुए, लेकिन 2007 में माधुरी ने 'आजा नचले' से कमबैक किया और फिर कई सारी सफल फिल्में दीं।

## एकता कपूर ने की मोशन पोस्टर के साथ लव, सेक्स और धोखा 2 की घोषणा



फिल्मकार एकता कपूर ने लव, सेक्स और धोखा की अगली किस्त की घोषणा की। दिबाकर बनर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 19 अप्रैल को रिलीज होगी। बनर्जी ने ही 2010 में इसके पहले भाग का निर्देशन किया था। उनकी आखिरी निर्देशित फिल्म 2021 में रिलीज हुई थी जिसका नाम संदीप और पिंकी फरार था। एकता कपूर और उनके बैनर, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड ने संयुक्त रूप से एक मोशन पोस्टर के साथ अपने सोशल मीडिया पेज पर फिल्म की रिलीज की तारीख साझा की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा कि ये वैलेंटाइन डे आसान नहीं, बस इतना समझ लीजिए, 'लव सेक्स और धोखा' का दरिया है और डूब के जाना है। लव सेक्स और धोखा 2सिनेमाघरों में 19 अप्रैल को। निर्माताओं के अनुसार, लव, सेक्स और धोखा 2 या एलएसडी 2 रिश्तों की जटिलताओं का पता लगाता है और इंटरनेट के युग में आधुनिक प्रेम के छिपे पहलुओं को उजागर करता है। फिल्म एक मनोरंजक कथा और सम्मोहक प्रदर्शन के माध्यम से प्यार, विश्वासघात और हमारी तकनीकी रूप से संचालित दुनिया के परिणामों को गहराई से उजागर करने का वादा करती है। इसका निर्माण एकता आर कपूर और शोभा कपूर ने किया है।

### शाहरुख खान की फिल्म डंकी ओटीटी पर



शाहरुख खान, तापसी पन्नू और विक्की कौशल अभिनीत डंकी आखिरकार ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। एक नाटकीय प्रदर्शन के बाद राजकुमार हिरानी निर्देशित फिल्म नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है। स्ट्रीमिंग दिग्गज ने बुधवार आधी रात को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी घोषणा की। स्ट्रीमिंग प्लेटफोर्म नेटफ्लिक्स ने पोस्ट के साथ लिखा कि अपना सामान पैक करें। दुनिया भर में डंकी के बाद, अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग। डंकी शाहरुख की 2023 की तीसरी रिलीज़ थी। दो बैक-टू-बैक मेगा ब्लॉकबस्टर के बाद फिल्म से उम्मीदें बहुत अधिक थीं। यह फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर 'पठान' और 'जवान' की तरह प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन मेगा हिट रही और भारत में 227 करोड़ की कमाई की। फिल्म के कलेक्शन पर सबसे ज्यादा असर प्रभास-स्टारर सालार पार्ट वन : सीजफायर से हुआ, जो शाहरुख की फिल्म के साथ रिलीज हुई थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) से प्रकाशित, पिन कोड-243005। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0581-2523333,0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# भारत-कतर के बीच व्यापार, निवेश, ऊर्जा क्षेत्र में बनी सहमति

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार देर रात कतर की राजधानी दोहा पहुंच गए। यहां उन्होंने अपने समकक्ष शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच भारत और कतर के संबंधों को बढ़ाने पर बात हुई। पीएम मोदी ने इस बैठक को शानदार करार दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके बाद कतर के शासक शेख तमीम बिन हमाद अल थानी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-कतर के संबंधों के साथ वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को कहा कि भारत और कतर दो देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी बनाने के लिए निवेश को माध्यम के रूप में उपयोग करने पर विचार कर रहे हैं।


दोहा में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी को भारत आने का निमंत्रण दिया है।

इसके साथ ही पीएम मोदी ने आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई के लिए कतर सरकार की सराहना की और भारतीय समुदाय का समर्थन करने के लिए कतर के अमीर को धन्यवाद दिया। विदेश सचिव ने बताया कि दोनों नेताओं ने ऊर्जा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में रणनीतिक निवेश और साझेदारी को लेकर बात की।

प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर की वार्ता पर विदेश सचिव क्वात्रा ने कहा कि दोनों नेताओं की चर्चा में व्यापार साझेदारी, निवेश सहयोग और ऊर्जा संबंध शामिल हैं।

### भारतीयों ने किया मोदी का गर्मजोशी से स्वागत

प्रधानमंत्री मोदी के दोहा पहुंचने के बाद होटल के बाहर प्रवासी भारतीयों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। हाथों ने भारतीय तिरंगा लेकर आए लोगों ने 'मोदी-मोदी' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। पीएम मोदी ने होटल के बाहर स्वागत के लिए जुटे लोगों से हाथ मिलाया। कुछ प्रवासी भारतीयों ने पीएम मोदी को किताबें भी भेंट कीं। इस दौरान लोगों ने पीएम मोदी से बातचीत की और उनके साथ तस्वीरें भी लीं। एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा, दोहा में असाधारण स्वागत के लिए प्रवासी भारतीयों का आभारी हूं।



# महेश दत्तानी की सोच से मैंने बहुत कुछ सीखा

मुंबई, एजेंसी

- अभिनेत्री शिल्पा ने कहा- दत्तानी का नाटक 'बिग फैट सिटी' देश की सबसे प्रमुख ब्लैक कॉमेडी

1986 में अपने पहले नाटक 'व्हेयर देयर इज ए विल' से ही, नाटककार और निर्देशक महेश दत्तानी ने समकालीन भारतीय वास्तविकताओं को थिएटर में शामिल किया और आधुनिक मुद्दों और रिश्तों को एक नए दृष्टिकोण के साथ पेश किया।

जी थिएटर के टेलीप्ले 'बिग फैट सिटी' में भी महेश मुंबई के संघर्षमय जीवन से जूझते उन लोगों पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं जो अधूरी जरूरतों और इच्छाओं के चक्र में फंसे हुए हैं। जानी-मानी फिल्म, थिएटर, ओटीटी और टेलीविजन अभिनेत्री शिल्पा शुक्ला इस बात से रोमांचित हैं कि उन्हें दत्तानी के साथ काम करने का मौका मिला और कहती हैं, जब उन्होंने मुझे 'बिग फैट सिटी' के लिए बुलाया, तो मुझे विश्वास नहीं हुआ। ये उन्हीं के मार्गदर्शन का नतीजा है की आज में अभिनय की कला को एक नए


अभिनेत्री शिल्पा शुक्ला।

दृष्टिकोण से देखती हूं जहां कोई एकरसता नहीं है। उन्होंने कहा- मैंने उनसे, जीवन पर उनकी टिप्पणियों और उनके संपूर्ण अस्तित्व से कितना कुछ सीखा है। एक शिक्षक के रूप में वह उत्कृष्ट हैं। उन्होंने कितने ही लोगों का मार्गदर्शन दिया है और वह वास्तव में हमारे लिए एक अथाह खजाने की तरह हैं। उनके जैसे बहुत कम लोग हैं। 'बिग फैट सिटी' में की गई सामाजिक टिप्पणी के बारे उन्होंने कहा, नाटक उन आकांक्षाओं के बारे में है जिनके चलते हम एक फ्लैट, एक प्रेमी या शायद एक बड़ी भूमिका की कामना में उलझे रहते हैं। ये कहानी दर्शाती है कि कुछ लोग बाहरी नजरिए से दुनिया को देखते हैं और अंदर नहीं झांकते। वे ग्लैमर और छवि के संदर्भ में ही सोचते हैं जबकि वास्तव में, उनके सपनों के शहर में बहुत गंदगी हो सकती है। यह संभवतः भारत की पहली ब्लैक कॉमेडी है जो आकांक्षा के अंधेरे पक्ष को उजागर करती है। उन्होंने कहा- दत्तानी ने नाटक में 'हास्य' और 'वीभत्स' जैसे रसों का मिश्रण किया है, जहां ठहाकों के साथ-साथ एक लाश से उपजी भय की भावना भी है। उन्होंने कहा, जिस तरह से उन्होंने कहानी के भीतर जटिल जमीनी हकीकतों को बुना है, वह लाजवाब है। महेश सर ने आधुनिक तकनीक का भी शानदार ढंग से उपयोग किया है। जिस तरह से उन्होंने टेक्स्ट संदेशों आदि का उपयोग किया है, वह अब कहीं जाकर ओटीटी शो दिखा रहे हैं।

## एक नजर

### अमेरिका में धोखाधड़ी के आरोप में भारतवंशी युवक को पांच साल की सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक 24 वर्षीय भारतीय मूल के लड़के को अमेरिकी महिला के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में 51 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। दरअसल, लड़के ने महिला को कंप्यूटर हैकिंग के जरिए 150,000 अमेरिकी डॉलर का चूना लगाया था। भारतीय मूल के लड़के की पहचान सुखदेव वैद्य के तौर पर की गई है। उसे पिछले साल दिसंबर में दोषी ठहराया गया था। उसने अंतरराष्ट्रीय कंप्यूटर हैकिंग के जरिए महिला को निशाना बनाया था और उनसे 1.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर की धोखाधड़ी की। बुधवार को अदालत ने बताया कि कस्टडी से रिहा होने के बाद आरोपी को निर्वासन के लिए ब्यूरो ऑफ कस्टम और इमीग्रेशन इंफोर्समेंट के पास भेजा जाएगा।

### सेना व्यवसाय के बजाए रक्षा पर दे ध्यानः पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट

**इस्लामाबाद।** सेना के राजनीतिक और व्यवसायिक हस्तक्षेप को लेकर पाकिस्तान स्थित सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी आलोचना की है। एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से यह सुनिश्चित करने का आश्वासन मांगा कि सेना रक्षा के अलावा किसी अन्य व्यवसायों पर फोकस नहीं करेगा। गौरतलब है कि व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए सैन्य भूमि के इस्तेमाल की जांच करने वाले एक मामले में तीन न्यायाधीशों की पीठ का नेतृत्व पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान इस बात पर जोर दिया कि देश की सभी संस्थानों को सिर्फ अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए।

### निजी कंपनी ने चंद्रमा पर भेजा मून लैंडर, सफलतापूर्वक लॉन्च

**वाशिंगटन।** नासा की मदद से गुरुवार को अमेरिकी कंपनी इंटुएटिव मशीन्स ने मून लैंडर ओडिसी को लॉन्च करने में सफलता हासिल की है। इसका नाम कवि होमर के हीरो के नाम पर रखा गया है। पहले इसे 14 फरवरी को लॉन्च किया जाना था, लेकिन ईंधन संबंधी समस्या के कारण इसमें देरी हुई। अबतक अमेरिका, रूस, चीन, भारत और जापान ने चंद्रमा पर सफल मिशन भेजा है। हालांकि, किसी निजी फर्म की ओर से अबतक ऐसा संभव नहीं हो पाया है।

### अमेरिका के कंसास सिटी में गोलीबारी, एक की मौत, 21 घायल


**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर फायरिंग हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, 21 लोग घायल हुए हैं। अग्निशमन विभाग ने बताया कि गोलीबारी चीफ्स की सुपर बाउल जीत के लिए परेड और रैली के बाद हुई थी। घटना मिसौरी के कंसास शहर की है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो, जब चीफ्स के प्रशंसक यूनियन स्टेशन के पश्चिम में गैरेज के पास से गुजर रहे थे, तभी वहां गोलीबारी हो गई थी। पुलिस ने हमले के बाद तीन हथियारबंद लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, तीन घायलों की हालत गंभीर है। घटना के बारे में एक महिला ने बताया कि जब गोलियां की आवाज आई तो हम वहां से भागकर एक लिफ्ट में छिप गए।

पाकिस्तानः पीएम पद के लिए शहबाज का नाम आने के बाद, पीटीआई ने भी की घोषणा

# इमरान ने लगाई अयूब के नाम पर मुहर

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव खत्म हुए एक हफ्ता हो गया है, लेकिन प्रधानमंत्री पद को लेकर अभी भी संशय बरकरार है। अगला पीएम कौन होगा इसपर भी स्थिति साफ नहीं है। नवाज शरीफ के चौथी बार प्रधानमंत्री बनने की रूपरेखा लगभग तैयार होने के बीच एन वक्त पर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) ने पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीएमएल एन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए नामित कर दिया है।



शरीफ परिवार की घोषणा के बाद पीटीआई प्रमुख इमरान खान ने गुरुवार को बड़ा दांव चला, पीटीआई ने पीएम पद के लिए पूर्व सैन्य तानाशाह अयूब खान के पोते और पार्टी महासचिव उमर अयूब के नाम पर मुहर लगा दी है। बता दें, आशंका जताई जा रही है कि शहबाज शरीफ के पीएम बनते ही बड़े भाई नवाज शरीफ के राजनीतिक करियर का अंत हो जाएगा। दरअसल, पिछले हफ्ते चुनावों के आए नतीजों में त्रिशंकु संसद बनने के बाद शहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री बनने की उम्मीद है। नवाज-शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाले पीएमएलएन का अन्य पार्टियों के साथ लगभग गठबंधन हो चुका है।

इस गठबंधन में छह पार्टियां शामिल हैं, जिसमें बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी भी शामिल है। बता दें कि पाकिस्तान के तीनों प्रमुख दलों में से किसी को भी चुनावों में बहुमत नहीं मिला है।



### विजेता उम्मीदवार की अधिसूचना रद करने वाली नवाज की याचिका खारिज

पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ झटका दिया है। ईसीपी ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने पंजाब प्रांत के एक निर्वाचन क्षेत्र में विजयी उम्मीदवार की अधिसूचना रोकने की मांग की थी। पीटीआई समर्थित उम्मीदवार ने इस निर्वाचन क्षेत्र से नवाज को हराया था। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा के नेतृत्व में ईसीपी की दो सदस्यी पीठ ने सुनवाई की। पीठ ने नवाज शरीफ के अनुरोध को खरिज किया और पीएमएल-एन सुप्रिमो के वकील को अर्जी फिर से दायर करने का निर्देश दिया। पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार शाहजादा गुस्तासप खान ने एनए-15 (मानसेहरा) सीट पर 105,249 मतों से जीत दर्ज की। जबकि तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ 80,2382 मतों के साथ दूसरे नंबर पर रहे।

## राजनीति मेरे बस की नहीं, टीएमसी सांसद मिमी देंगी इस्तीफा

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस नेता मिमी चक्रवर्ती ने संसद की सदस्यता से इस्तीफा देने घोषणा की है। वे लोकसभा में पश्चिम बंगाल की जादवपुर सीट का प्रतिनिधित्व करती हैं।



हालांकि, मिमी ने अब तक लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपना इस्तीफा नहीं सौंपा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी को अपना त्याग पत्र सौंपा है। बताया जा रहा है कि मिमी स्थनीय स्तर पर पार्टी नेतृत्व से खुश नहीं थीं। इस वजह से उन्होंने यह कदम उठाया है। मिमी चक्रवर्ती ने इस्तीफा देने को लेकर कहा कि राजनीति मेरे लिए नहीं है, यहां अगर आप किसी की मदद कर रहे हैं तो आपको उसका प्रचार करना होता है। राजनीति के साथ-साथ मैं एक अभिनेत्री के रूप में भी कार्य करती हूं, मेरा दायित्व दोनों तरफ एक समान बनता है, अगर कोई राजनीति में आता है तो आप काम करें या न करें आपको भला-बुरा कहा जाता है।


अमेरिकी सेना के गार्ड ऑफ ऑनर का समकक्ष के साथ निरीक्षण करते मनोज पांडे।

# सेना प्रमुख ने अमेरिकी समकक्ष से की द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

वाशिंगटन, एजेंसी

- 16 फरवरी तक अमेरिकी यात्रा पर हैं सेना प्रमुख मनोज पांडे

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को अमेरिका के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और वैश्विक शांति और सुरक्षा प्रयासों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चर्चा की। बता दें कि जनरल मनोज पांडे की 13 फरवरी को शुरू हुई अमेरिकी यात्रा 16 फरवरी को संपन्न हो जाएगी।

जनरल मनोज पांडे ने अमेरिकी सेना के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने अर्लिंगटन नेशनल सीमेट्री में 'टॉम्ब ऑफ अननोन सोल्जर' पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जनरल मनोज पांडे की अमेरिकी यात्रा की तस्वीरें शेयर कीं और कहा, बयान में कहा गया कि जनरल मनोज पांडे ने अमेरिकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय चर्चा में हिस्सा लिया। इस चर्चा का उद्देश्य द्विपक्षीय महत्व के मुद्दों और वैश्विक शांति व सुरक्षा के लिए परस्पर प्रतिबद्धता को बढ़ाना था। सेना प्रमुख ने फोर्ट बेल्वोइर में आर्मी जियोस्पेशियल सेंटर का भी दौरा किया और फोर्ट मैकनेयर में राष्ट्रीय रक्षा विव के साथ बातचीत की।

### रामलला के दरबार में गोवा सरकार...



**गोवा :** मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के साथ गोवा का पूरा मंत्रिमंडल रामलला के दरबार में पहुंचा और दर्शन-पूजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ आए सभी 51 सदस्यों ने रामलला के चरणों में माथा टेका। गुरुवार को अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरे तो परंपरागत अंदाज में उनका भव्य स्वागत किया गया। सभी को ई बस द्वारा एयरपोर्ट से राममंदिर परिसर ले जाया गया। ● एजेंसी



## इंडोनेशिया के नए राष्ट्रपति होंगे रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो

**जाकर्ता।** इंडोनेशिया में हुए राष्ट्रपति चुनावों की मतगणना बुधवार को शुरू हुई। नतीजों के शुरुआती रुझानों में तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो ने 58 फीसदी मतों के साथ प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त बना ली है।



रुझानों के बाद सुबियांतो ने अपनी जीत का एलान करते हुए कहा कि वे देश को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। हालांकि, सुबियांतो को देश में लोकतंत्र विरोधी नेता के तौर पर जाना जाता है। इंडोनेशिया के करीब 20 करोड़ लोगों ने अपना राष्ट्रपति चुनने के लिए बुधवार को मतदान किया था। कुल पंजीकृत मतदाताओं में से 80 फीसदी ने मतदान किया है।

# अमेरिका में भारतीय मूल के एक और शख्स की गोली मारकर हत्या

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतवंशी नागरिक होटल कारोबारी था किराये पर कमरे को लेकर हुआ विवाद

अमेरिका के अलबामा राज्य में भारतवंशी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया कि भारतीय मूल के नागरिक का होटल का कारोबारी था और एक कमरे को लेकर ग्राहक के साथ विवाद हो गया, जिसके बाद ग्राहक ने मोटल (होटल) मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी।

बता दें, एक हफ्ते पहले शेफील्ड में हिलक्रेस्ट मोटल के मालिक प्रवीण रावजीभाई पटेल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के आरोप में 34 वर्षीय विलियम जेरेमी मूर को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी किराये पर एक कमरा लेना चाहता था, इसी बीच विवाद हो गया और उसने ने बंदूक निकाली और पटेल को गोली मार दी।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी मूर को शेफील्ड पुलिस ने तुरंत पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि मूर की तलाशी लेने पर उसके पास से हथियार मिला। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल के पास चश्मदीदों का बयान लिया गया है।

एशियन अमेरिकन होटल ओनर्स एसोसिएशन ने इस घटना पर दुख जताया है। एसोसिएशन ने कहा है कि वे इस घटना से काफी दुखी और स्तब्ध हैं। एएचओए के अध्यक्ष भरत पटेल ने कहा कि हिंसा के संवेदनहीन कृत्यों के लिए हमारे समुदायों में कोई जगह नहीं है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में अमेरिका में कई भारतीय मूल के नागरिकों की हत्या कर दी गई है।

### क्या बोले चश्मदीद

घटनास्थल के पास काम करने वाले नाई जेमेरिज ओवेन्स ने बताया, मैंने तीन गोलियों की आवाज सुनी। उन्होंने कहा कि गोली चलने पर उन्हें विश्वास नहीं हुआ और वह अपने काम में लगे रहे।

## कुपवाड़ा से आतंकियों का सहयोगी गिरफ्तार हथियार बरामद

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में गुरुवार को पुलिस और सुरक्षाबलों को एक आतंकी मददगार को पकड़ने में सफलता मिली है। उसके पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं। जिले के गुंडमाचेर ब्रिज पर कुपवाड़ा पुलिस, सेना की 28 आरआर और सीआरपीएफ की 162बीएन ने संयुक्त नाका लगाया हुआ था।

चेकिंग के दौरान, लालपोरा से गुंडमाचेर की ओर आ रहे एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि देखी गई, जिसके पास सफेद रंग का बैग था। जैसे ही उक्त व्यक्ति ने मौके से भागने की कोशिश की। सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम रफीक अहमद गनई पुत्र गुलाम अहमद गनई निवासी लालपोरा शेखपोरा बताया। बैग की तलाशी के दौरान उसमें से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

# बीजद विधायक व पूर्व मंत्री के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

भुवनेश्वर, एजेंसी

- 7 से 8 वर्ष पहले इंजीनियरिंग कॉलेज में 30 करोड़ रुपये गबन का लगा था आरोप

ओडिशा सरकार के पूर्व मंत्री व भद्रक जिला भंडारीपोखरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रफुल्ल सामल के 10 ठिकानों पर गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक साथ छापामारी की है। यह छापामारी भद्रक शहर में छह स्थानों पर तथा भुवनेश्वर में चार स्थानों पर की जा रही है।

विधायक के विभिन्न ठिकानों के साथ उनके रिश्तेदारों के यहां भी छापामारी किए जाने की सूचना मिली है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार तड़के प्रवर्तन निदेशलय की विशेष टीम भद्रक पहुंची। टीम भद्रक पहुंचने के बाद शहर के नुआ बाजार में मौजूद भंडारीपोखरी विधायक तथा पूर्व मंत्री प्रफुल्ल सामल के आवास के अंदर गई। केन्द्रीय सुरक्षा बल के कड़ी सुरक्षा के बीच ईडी की टीम भद्रक पहुंची है। 7 से 8 वर्ष पहले जिले के बरपदा इंजीनियरिंग कॉलेज में 30 करोड़ रुपये गबन का आरोप लगा था। इसे लेकर एकाधिक बार इंजीनियरिंग कॉलेज के कर्मचारियों ने प्रतिवाद किया था। इस बीच कर्मचारियों के वेतन भी रोक दिए गए। ऐसे में वर्षों से वेतन ना मिलने कॉलेज कर्मचारियों ने कॉलेज के सामने, जिलाधीश कार्यालय के सामने, विधानसभा के सामने न्याय के लिए प्रतिवाद किया था।

### कोर्ट में विचाराधीन है मामला

बरपदा इंजीनियरिंग कॉलेज का मामले हाई कोर्ट में विचाराधीन है। इसको लेकर पहले ईडी एवं सतर्कता विभाग से जांच करने की भी मांग की गई थी। इस को आधार पर बीजद विधायक के घर पर छापामारी की है।


विज्ञान | वैज्ञानिकों ने पतझड़ में 'ला नीना' के सक्रिय होने की जताई संभावना, अल्बानी विवि न्यूयॉर्क ने जारी की रिपोर्ट

# अब छटने लगा है 'अल नीनो' का प्रभाव

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** अच्छी खबर है कि अल नीनो समाप्ति की ओर है। बसंत के आखीर में प्रभाव समाप्त हो जाएगा और पतझड़ में ला नीनो सक्रिय होगा। वायुमंडलीय और पर्यावरण विज्ञान अल्बानी विश्वविद्यालय व स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क ने यह रिपोर्ट जारी की है।

अल नीनो के प्रभाव से शीतकाल मे देश दुनिया के कई हिस्से सूखे की चपेट में रहे। पश्चिमी विक्षोभ के अभाव में कृषि क्षेत्र में बड़ा असर पड़ा है। शीतकाल में जंगलों की आग भी अन्य वर्षों की तुलना में अधिक भड़की है। वर्षा नही होने से भूजल भी काफी घटा होगा। इसका असर ग्रीष्मकाल तक देखने को मिलेगा। स्वाभाविक है वर्षा की कमी से पेयजल संकट उत्पन्न होगा।



अल नीनो प्रभावित क्षेत्र का मानचित्र।

मगर अब अलनीनो समाप्ति की ओर है। एक माह के अंतराल में इसका प्रभाव पूरी तरह समाप्त होने की संभावना है और संभवतः चालू वर्ष के पतझड़ तक ला नीना सक्रिय होने लगेगा। ला नीना सक्रिय होने से मौसम का पैटर्न लौट आएगा और वर्षा के साथ बर्फबारी सामान्य रूप से होने लगेगी। वैज्ञानिक अल नीनो का प्रभाव लंबा खींचने की आशंका जता रहे थे। जिसका भारतीय मानसून पर असर पड़ता। मगर अब इसके कमजोर पड़ने से आशंका के बादल छट गए हैं।

### क्या है अल नीनो

अल नीनो और इसके विपरीत ला नीना जलवायु पैटर्न हैं जो दुनिया भर के मौसम को प्रभावित करते हैं। अल नीनो वैश्विक तापमान बढ़ाता है। जिसका प्रभाव हाल के महीनों में देखा गया। इसके उलट ला नीना की घटनाएं थोड़ी ठंडी होती हैं। अल नीनो की शुरुआत दक्षिण अमेरिका से दूर पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में भूमध्य रेखा के साथ समुद्र के गर्म पानी की धारा की उत्पत्ति करता है। भूमध्य रेखा से लगे क्षेत्र के तापमान ने असामान्य रूप से वृद्धि करता है। अलनीनो की घटना 4 से 5 साल में एक बार होती है, लेकिन दस 10 से 20 के बीच यह शक्तिशाली रूप से सक्रिय होता है।

# ट्रंप से ज्यादा अनुभवी नेता जो बाइडनः व्लादिमीर पुतिन

मॉस्को, एजेंसी

- उन्होंने कहा- किसी भी निर्वाचित अमेरिकी नेता के साथ मिलकर करेंगे काम

अमेरिका में आम चुनाव से पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन की तारीफों के पुल बांधे हैं। उन्होंने बाइडन को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से ज्यादा अनुभवी बताया। पुतिन ने कहा कि उनका देश बाइडन को दूसरे कार्यकाल के लिए जीतते हुए देखना पसंद करेगा।

पुतिन ने रूस के सरकारी मीडिया को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह निर्वाचित होने वाले किसी भी अमेरिकी नेता के साथ मिलकर काम करना पसंद करेंगे। लेकिन, जब उनसे पूछा गया कि रूस के नजरिए से कौन बेहतर विकल्प होगा तो उन्होंने कहा कि वह बाइडन की जीत को तरजीह देंगे।

पुतिन ने कहा, बाइडन ज्यादा अनुभवी और पुराने राजनेता हैं।



लेकिन हम ऐसे किसी भी अमेरिकी नेता के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं, जिस पर अमेरिकी लोग भरोसा करते हैं। पुतिन की ओर से यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले आई है। इन चुनाव में डेमोक्रेट पार्टी के बाइडन के खिलाफ रिपब्लिकन पार्टी डोनाल्ड ट्रंप को खड़ा कर सकती है। चुनाव से पहले दोनों सियासी दल यूक्रेन की सैन्य मदद को लेकर एक दूसरे पर हमले बोल रहे हैं।